राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# उज्ज्वल दुनिया

रांची, दिल्ली और यूपी से एक साथ प्रकाशित

वर्ष, 12 | पृष्ठ 13 | अंक 36 | रांची, सोमवार, 06 अप्रैल 2026 | मूल्य 3 रुपये | RNI No.- JHAHIN/ 2014/59794 | ujjwalduniyapress@ gmail.com



## अज का दिन


देश के राजनीतिक इतिहास में 6 अप्रैल की तारीख विशेष महत्व रखती है। इसी दिन वर्ष 1980 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की स्थापना हुई, जिसने आगे चलकर भारतीय राजनीति में प्रमुख शक्ति के रूप में अपनी पहचान बनाई। भाजपा की जड़ें भारतीय जनसंघ में थीं, जिसकी स्थापना 1951 में श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने की थी। जनसंघ ने लंबे समय तक देश की राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाई और वैचारिक आधार तैयार किया। वर्ष 1975 में लागू आपातकाल के बाद राजनीतिक परिस्थितियों में बड़ा बदलाव आया। 1977 में जनसंघ सहित कई दलों का विलय होकर जनता पार्टी का गठन हुआ, जिसने आम चुनाव में कांग्रेस को सत्ता से बाहर कर दिया। हालांकि, आंतरिक मतभेदों के चलते जनता पार्टी अधिक समय तक एकजुट नहीं रह सकी। अंततः 1980 में इसका विघटन हुआ और उसी प्रक्रिया से भारतीय जनता पार्टी का गठन हुआ।

# पश्चिम बंगाल में घुसपैठ, कानून व्यवस्था और भ्रष्टाचार बडी समस्या, इस बार परिवर्तन तय : प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के कूचबिहार में आयोजित एक चुनावी रैली में तृणमूल कांग्रेस पर भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण और भय की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने भाजपा को विकास और सुशासन का विकल्प बताते हुए कहा कि राज्य में बदलाव अब तय है। कूचबिहार के ब्रिगेड ग्राउंड में रविवार को आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्य में बन रहा माहौल केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि बंगाल के भविष्य को बदलने की जनभावना का संकेत है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में अवैध घुसपैठ गंभीर समस्या बन चुकी है और तृणमूल कांग्रेस घुसपैठियों को संरक्षण देकर उन्हें वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल कर रही है, जिससे सुरक्षा और सामाजिक संतुलन प्रभावित हो रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार घुसपैठ रोकने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में लगातार कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने तुष्टीकरण की राजनीति को राज्य की पहचान के लिए खतरा बताते हुए कहा कि बंगाल की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत को बनाए रखने के लिए मजबूत नेतृत्व जरूरी है। कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर उन्होंने मालदा की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाए जाने जैसी घटनाएं चिंताजनक हैं। उन्होंने कहा कि जब न्यायिक प्रक्रिया ही सुरक्षित नहीं है, तो आम नागरिक की सुरक्षा पर सवाल उठना स्वाभाविक है। उनके अनुसार राज्य में महा जंगलराज जैसी स्थिति बन गई है और कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। किसानों के मुद्दे पर प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्य में किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। कोल्ड स्टोरेज की कमी के कारण विशेषकर आलू उत्पादक किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि भाजपा की सरकार बनने पर कृषि क्षेत्र को मजबूत किया जाएगा और किसानों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि यह चुनाव पश्चिम बंगाल के भविष्य का चुनाव है और मतदाताओं से अपील की कि वे अपने बच्चों के भविष्य, किसानों के हित, महिलाओं की सुरक्षा और राज्य के विकास को ध्यान में रखते हुए मतदान करें। उन्होंने विश्वास जताया कि भाजपा की जीत के बाद राज्य में नई सरकार बनेगी और उत्तर बंगाल सहित पूरे प्रदेश के साथ हो रहे अन्याय का अंत होगा।

## महिला सशक्तिकरण पर केंद्र सरकार ने उठाए कई महत्वपूर्ण कदम : प्रधानमंत्री



महिला सशक्तिकरण पर बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने इस दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उन्होंने बताया कि देश में लगभग 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाया गया है और संसद तथा विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने की दिशा में भी प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान भाजपा की प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री ने तृणमूल सरकार पर सिंडिकेट राज, कटमनी और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि इसके कारण उद्योग बंद हो रहे हैं और रोजगार के अवसर कम हो रहे हैं। इससे युवाओं को पलायन करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि एक समय बंगाल देश के अग्रणी राज्यों में शामिल था, लेकिन अब उसकी स्थिति कमजोर हो गई है। बेरोजगारी के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ है। शिक्षक भर्ती घोटाले का जिक्र करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि इसमें सत्ता से जुड़े लोग शामिल थे, जिससे युवाओं का विश्वास टूटा है और व्यवस्था कमजोर हुई है। अपने संबोधन के अंत में प्रधानमंत्री ने मतदाताओं से अपील की कि वे मतदान के दिन बिना किसी डर या दबाव के अपने मताधिकार का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि जनता को कानून पर भरोसा रखना चाहिए और भाजपा की जीत के बाद राज्य में भय का माहौल समाप्त होगा।










# मुख्यमंत्री के खिलाफ होगी कानूनी कार्रवाई

## एक दिन जनता से मांगेंगे माफी : राहुल गांधी

एजेंसी



**बिश्वनाथ।** लोकसभा सांसद व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने रविवार को असम के बिश्वनाथ में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी और एक दिन ऐसा आएगा जब उन्हें असम की जनता के सामने हाथ जोड़कर माफी मांगनी पड़ेगी। अपने भाषण की शुरूआत में राहुल गांधी ने असम की सांस्कृतिक विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि यह भूमि श्रीमंत शंकरदेव, अजान फकीर, जुबीन गर्ग और तरुण गोगोई की है। उन्होंने कहा कि जुबीन गर्ग ने हमेशा समाज को जोड़ने का काम किया और कभी किसी की भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचाई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्र सरकार पर भी निशाना साधते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि असम को एटीएम की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है। राज्य की जमीन उद्योगपतियों जैसे गौतम अडानी और बाबा रामदेव को दी जा रही है, जबकि यह जमीन असम के लोगों और किसानों की है।

## हेमंत सोरेन ने भाजपा पर लगाया आरोप.....

# भाजपा चाय मजदूरों को वोट बैंक के रूप में कर रही इस्तेमाल : हेमत सोरेन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**बिश्वनाथः** असम में 9 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक पार्टियों में सक्रिय हो गई हैं. सत्ताधारी और विपक्षी पार्टियां 126 विधानसभा सीटों पर प्रचार कर रही हैं. दूसरी सीटों की तरह बिश्वनाथ विधानसभा सीट पर भी प्रचार का माहौल बन गया है. इस बार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड मुक्ति मोर्चा और जय भारत पार्टी के लिए प्रचार कर रहे हैं. मुख्यमंत्री शनिवार को बिश्वनाथ के धुली टी एस्टेट ग्राउंड में बिश्वनाथ विधानसभा सीट से झारखंड मुक्ति मोर्चा और जय भारत पार्टी के जॉइंट कैंडिडेट के लिए प्रचार करने पहुंचे. जहां झामुमो और जय भारत पार्टी की चुनावी रैली में शामिल होते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सरकार पर मजदूरों को उनके हक से दूर रखने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि असम के लोगों ने मुझे अपना प्यार, स्नेह और आशीर्वाद दिया है. मुझे उम्मीद है कि असम के लोग आने वाले विधानसभा चुनावों में हमारे कैंडिडेट को वोट देंगे. सीएम हेमंत सोरेन ने बिश्वनाथ विधानसभा सीट के लोगों को समझाया कि इखढ लंबे समय से चाय मजदूरों को वोट बैंक की तरह इस्तेमाल कर रही है. उन्होंने कहा कि हमारे वर्कर इतनी मेहनत करते हैं, लेकिन वे चाय वर्कर को सिर्फ फ२ 250/300 देते हैं. वर्कर को इस पैसे से क्या मिलेगा? अब वे पांच साल बाद चुनाव से ठीक पहले महिलाओं को 9,000 रुपये दे रहे हैं. मुख्यमंत्री ने सवाल किया कि यह पैसा हर साल क्यों नहीं दिया जाता है. सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि आज मुझे असम में घरों में जाने का मौका मिला. मुझे आपकी तकलीफ सुनने का मौका मिला. मैं एक चाय वर्कर के घर गया और उनकी तकलीफ देखी. वे बिना बिजली के एक छोटे से कमरे में रह रहे हैं. जब से 2016 में इखढ सरकार आई है, हर किसी को हर चीज के लिए लाइन में लगना पड़ता है. इखढ के मुंह में राम का नाम है लेकिन वह पीछे से चुपके से वार करती है.

# आचार संहिता लागू होने के बाद से पांच राज्यों में 651.51 करोड़ की नकदी जब्तः चुनाव आयोग

एजेंसी



**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने आगामी विधानसभा चुनावों और उपचुनाव के मद्देनजर लागू आदर्श आचार संहिता के तहत कार्रवाई करते हुए अब तक 651.51 करोड़ रुपये मूल्य की नकदी और अवैध सामग्री जब्त की है। आयोग ने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई निष्पक्ष, पारदर्शी और स्वतंत्र चुनाव सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की जा रही है। चुनाव आयोग के अनुसार, चार राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश में चुनावी तैयारियों के बीच आचार संहिता के प्रभावी पालन के लिए व्यापक निगरानी व्यवस्था लागू की गई है। इसके तहत 5,173 से अधिक फ्लाइंग स्क्वॉड और 5,200 से ज्यादा स्टैटिक सर्विलांस टीमें तैनात की गई हैं। ये टीमें विभिन्न क्षेत्रों में लगातार जांच, तलाशी और नाकाबंदी अभियान चला रही हैं, ताकि अवैध गतिविधियों पर तुरंत अंकुश लगाया जा सके। आयोग की ओर से बताया गया कि इलेक्ट्रॉनिक सीजर मैनेजमेंट सिस्टम (ईएसएमएस) के माध्यम से 26 फरवरी से अब तक बड़ी मात्रा में अवैध वस्तुओं की जब्ती दर्ज की गई है। इसमें 53.2 करोड़ रुपये नकद, 79.3 करोड़ रुपये की शराब, 230 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ, 58 करोड़ रुपये की कीमती धातु और 231.01 करोड़ रुपये के अन्य मुफ्त उपहार शामिल हैं।

# ध्यान आंतरिक परिवर्तन की शुरूआत, बेहतर सोच से बेहतर बनेगी दुनियाः उपराष्ट्रपति

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने कहा कि ध्यान (मेडिटेशन) आंतरिक परिवर्तन की शुरूआत है और सकारात्मक सोच के माध्यम से ही एक बेहतर दुनिया का निर्माण किया जा सकता है। ध्यान व्यक्ति को मानसिक शांति, स्पष्टता और सकारात्मक दृष्टिकोण प्रदान करता है। नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में रविवार को आयोजित ह्यग्लोबल कॉन्फ्रेंस ऑफ मेडिटेशन लीडर्स-मेडिटेशन फॉर होलिस्टिक लिविंग एंड ए पीसफुल वर्ल्ड को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने ये बातें कही। पिरामिड स्पिरिचुअल सोसाइटीज मूवमेंट और बुद्धा-सीईओ क्वांटम फाउंडेशन की ओर से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि ध्यान मनुष्य के भीतर एक दीपक जलाने जैसा है, जो अज्ञानता को समाप्त कर व्यक्ति को सत्य और शांति के मार्ग पर ले जाता है। उन्होंने तमिल संत तिरुमूलर की शिक्षाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि मानव शरीर एक मंदिर के समान है और ध्यान के माध्यम से व्यक्ति अपने भीतर स्थित दिव्यता को पहचान सकता है। उन्होंने वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए कहा कि आज दुनिया कई प्रकार की चुनौतियों का सामना कर रही है। संघर्ष केवल बाहरी नहीं बल्कि व्यक्ति के भीतर भी चलता रहता है। ऐसे समय में ध्यान शांति और संतुलन स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह तनाव को कम करता है, एकाग्रता को बढ़ाता है और भावनात्मक संतुलन को मजबूत बनाता है। उपराष्ट्रपति ने स्पष्ट किया कि ध्यान केवल आध्यात्मिक साधकों के लिए ही नहीं, बल्कि हर व्यक्ति के लिए उपयोगी है।

**डेटलाइन में संशोधन के बाद यह खबर पुनः जारी की गई है**




# बेकाबू बालू ट्रैक्टर ने दुकान में घुसकर पांच लोगों को कुचला

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**धनबाद।** जिले के पूर्वी टुंडी थाना क्षेत्र के फतेहपुर मोड़ पर रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे ने इलाके में सनसनी फैला दी। तेज रफ्तार और अनियंत्रित बालू लदे ट्रैक्टर ने सड़क किनारे स्थित एक दुकान में घुसकर वहां बैठे ०५ लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में सभी पांचों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिनका इलाज नजदीकी निजी अस्पताल में जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों ग्रामीण अकबर के अनुसार, ट्रैक्टर पोखरिया की ओर से तेज रफ्तार में आ रहा था। अचानक चालक वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा और ट्रैक्टर सीधे सड़क किनारे बनी दुकान में जा घुसा। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दुकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और वहां बैठे लोग बालू और मलबे के नीचे दब गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई। घटना के तुरंत बाद स्थानीय ग्रामीणों ने बहादुरी दिखाते हुए राहत और बचाव कार्य शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद मलबे और बालू में दबे सभी घायलों को बाहर निकाला गया।

# राहुल दुबे गैंग के सात अपराधी हथियार के साथ गिरफ्तार

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**रामगढ़।** रामगढ़ पुलिस ने राहुल दुबे गैंग के सात अपराधियों को हथियारों के साथ गिरफ्तार कर लिया है। इस बड़ी कार्रवाई के बाद राहुल दुबे गैंग को बड़ा झटका लगा है। रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस उपलब्धि की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हजारीबाग और रामगढ़ जिले के सीमावर्ती इलाकों में छुपकर रहने वाले अपराधियों ने एमजीसीपीएल कंपनी को टारगेट किया था। वह सभी अपराधी राहुल दुबे गैंग के लिए काम कर रहे थे। गिरफ्तार अपराधियों में हजारीबाग जिले के गिद्दी थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलीगढ़ा पक्का धौड़ा निवासी तुषार सिंह, रेलीगढ़ा बाजार निवासी मिथुन कुमार, रेलीगढ़ा निवासी बादल सिंह उर्फ कुणाल कुमार, सुमित पांडे, रेलीगढ़ा मस्जिद के पास रहने वाले सन्नी बेदिया, कुणाल सिंह उर्फ शिवम सिंह और भुरकुंडा ओपी के रिवरसाइड निवासी अमन अंसारी शामिल हैं। गिरफ्तार लोगों के पास से एक रिवाल्वर, एक देशी पिस्तौल, चार जिंदा कारतूस, एक आई-20 कार, एक लैपटॉप, एक आईफोन और 7 एंड्राइड फोन जब्त किए गए हैं।

### रंगदारी नहीं देने पर अपराधियों ने चलाई थी गोली

रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने बताया कि 29 मार्च की रात राहुल दुबे गैंग के अपराधियों ने एमजीसीपीएल कंपनी के कार्य स्थल पर गोली चलाई थी। इस कंपनी ने गैंग को मैनेज किए बिना ही रेलवे ओवरब्रिज का काम शुरू किया था। अपराधियों ने लेवी लेने के लिए फायरिंग की। अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए पतरातू एसडीपीओ गौरव गोस्वामी के नेतृत्व में एसआईटी गठित की गई थी।

### एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान पकड़े गए अपराधी

एसपी ने बताया कि शनिवार की रात एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान पतरातू रेलवे ओवरब्रिज फाटक के पास भुरकुंडा की तरफ से आ रही एक कार आई-10 (जेएच 01 एफएफ 2503) और उसके पीछे आ रहे एक और मोटरसाइकिल को रुकने का इशारा किया गया। पुलिस को देखकर कार और मोटरसाइकिल पर सवार लोग भगाने लगे। कार भी लोहे के गार्डर से टकरा गई। पुलिस ने इसी दौरान सभी अपराधियों को पकड़ा। जंगी ऐप से राहुल दुबे उर्फ मामा ने बताई थी योजना पुलिस ने कार पर सवार अपराधी तुषार सिंह, मिथुन कुमार और अमन अंसारी को पकड़ा तो सारे राज खुल गए।

# झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों को सम्मान राशि का भुगतान

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना अंतर्गत रांची जिले में लाभुकों के मध्य मार्च महीने की सम्मान राशि का भुगतान कर दिया गया है। इस योजना के तहत जिले की कुल तीन लाख 89 हजार 296 महिलाओं के बैंक खातों में आधार बेस्ड डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से 2500 रुपये प्रति लाभुक की दर से कुल 97 करोड़ 32 लाख 40 हजार रुपये की राशि का भुगतान कर दिया गया है। मार्च माह में विभिन्न प्रखंड एवं शहरी क्षेत्रों में भुगतान की स्थिति निम्न है। इनमें अनगड़ाझ16,701 लाभुक, अरगोड़ा शहरी क्षेत्र 13360 लाभुक, बड़गाई शहरी क्षेत्र 9,683 लाभुक, बेड़ो 20,571 लाभुक, बुण्डू 8,440 लाभुक, बुण्डू नगर पंचायत 3,502 लाभुक, बुढ़मू 17816 लाभुक, चान्हो19,699 लाभुक, हेहल शहरी क्षेत्र 15,245 लाभुक, ईटकी10,334 लाभुक, कांके 31,548 लाभुक, कांके शहरी क्षेत्र 1,313 लाभुक, खलारी 9,580 लाभुक, लापुंग 11,342 लाभुक, मांडर 23,079 लाभुक, नगड़ी17,856 लाभुक, नगड़ी शहरी क्षेत्र 8250 लाभुक, नामकुम 17847 लाभुक, नामकुम शहरी क्षेत्र 9489 लाभुक, ओरमांझी 18,147 लाभुक, राहे 9,522 लाभुक, रातू 18,545 लाभुक, सिल्ली 21,120 लाभुक, सोनाहातू 13,036 लाभुक, तमाड़झ18,491 लाभुक, सदर शहरी क्षेत्र 24,780 लाभुक शामिल है।

# चौपारण में एचपी गैस ऑफिस के बाहर इन दिनों उपभोक्ताओं को झेलनी पड़ रही परेशानी

## स्थानीय लोगों की मांग है गैस एजेंसी टोकन सिस्टम लागू करे

उज्जवल दुनिया संवाददाता

हजारीबाग। जिले के चौपारण स्थित एचपी गैस ऑफिस के बाहर इन दिनों उपभोक्ताओं को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। वैशाख महीने में कड़ी धूप के बीच गैस सिलेंडर लेने के लिए लोगों की लंबी कतारें लगी हुई हैं। सुबह से ही लोग अपनी बारी का इंतजार करते नजर आते हैं, लेकिन व्यवस्था की कमी के कारण उपभोक्ताओं को घंटों लाइन में खड़े रहना पड़ रहा है। महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे भी इस भीषण गर्मी में परेशान दिख रहे हैं। कई लोगों का कहना है कि समय पर गैस की आपूर्ति नहीं होने और वितरण प्रक्रिया धीमी होने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हो रही है। कुछ उपभोक्ताओं ने यह भी आरोप लगाया कि पर्याप्त छाया, पानी और बैठने की व्यवस्था नहीं होने से उनकी परेशानी और बढ़ जाती है। स्थानीय लोगों की मांग है कि गैस एजेंसी द्वारा टोकन सिस्टम लागू किया जाए, अतिरिक्त काउंटर खोले जाएं और धूप से बचाव के लिए शेड एवं पेयजल की व्यवस्था की जाए, ताकि उपभोक्ताओं को राहत मिल सके। प्रशासन और गैस एजेंसी से लोगों ने जल्द व्यवस्था सुधारने की अपील की है, ताकि आम जनता को इस तरह की कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।



# बिरसा मुंडा तीरंदाजी अकादमी सिल्ली की मनीषा और सविता कुमारी ने जीता पदक

उज्जवल दुनिया संवाददाता

सिल्लीः-छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में 30 मार्च से तीन अप्रैल तक आयोजित खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में सिल्ली की मनीषा कुमारी ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। झारखंड राज्य रिकर्व महिला टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए मनीषा,कॉमोलिक और अनुराधा कुमारी की टीम ने बेहद रोमांचक फाइनल मुकाबले में झारखंड की टीम का सामना नागालैंड से हुआ और कड़े संघर्ष के बाद झारखंड को 2-6 से हार का सामना करना पड़ा एवं टीम को रजत पदक से संतोष करना पड़ा।कंपाउंड टीम में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए सविता कुमारी,मेघा बेसरा और पूजा ने महाराष्ट्र को हरा कर कांस्य पदक जीतने में कामयाब रहीं।मनीषा कुमारी जोन्हा की सुदूर ग्रामीण क्षेत्र




से सम्बन्ध रखती है जो इससे पूर्व 38वीं राष्ट्रीय खेल में रजत पदक के साथ कई राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीत चुकी है साथ ही हाल ही में अंडर 17 स्कूल नेशनल में ओवर ऑल नेशनल चैंपियन का खिताब जीता था।वहीं सविता कुमारी सोनाहातू की टांग टांग गांव की रहने वाली है।इनको 2021 में प्रधानमंत्री बाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है,2014 में साउथ एशियन चैंपियनशिप ढाका में स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं साथ ही कई राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीत चुकी है।वर्तमान में दोनों खिलाड़ी बिरसा मुंडा तीरंदाजी एकेडमी सिल्ली में प्रशिक्षणरत हैं।उनकी इस उपलब्धि पर बिरसा मुंडा तीरंदाजी अकादमी सह रांची जिला तीरंदाजी संघ के मुख्य संरक्षक पूर्व खेल मंत्री सुदेश कुमार महतो,वरीय उपाध्यक्ष झारखंड तीरंदाजी संघ सह झारखंड ओलंपिक संघ के नेहा महतो,सचिव चंचल भट्टाचार्य के साथ-साथ संघ के पदाधिकारियों व अकादमी के खिलाड़ियों समेत सिल्लीवासियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## रांचीः फ्री मेडिकल में हुई 55 मरीजों की जांच



उज्जवल दुनिया संवाददाता

रांचीःशिव शक्ति मेडिसिंस एवं छात्र क्लब चिकित्सक मंच के संयुक्त तत्वावधान में फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन पिस्कामोड़ स्थित रंगोली होटल में संपन्न हुआ।कार्यक्रम की अध्यक्षता शिव शक्ति मेडिसिंस के डॉयरेक्टर सुमित कुमार ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि शिवसेना क्लब दुर्गा पूजा समिति लक्ष्मी नगर के मुख्य संरक्षक उदय प्रताप उर्फ मुन्ना जी,विशिष्ट अतिथि छात्र क्लब चिकित्सक मंच( यूनिट, छात्र क्लब ग्रुप )के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा,शिव शक्ति मेडिसिन के डायरेक्टर सुमित कुमार एवं डॉक्टरों ने संयुक्तरूप से दीप प्रज्वलित कर किया। डॉ.राखी झा (एम.बी.बी.एस.,डी.ओ.आर.एल.नागपुर) नाक,कान एवं गला रोग एवं हेड एड नेक सर्जन एवं डॉ.विजय के. (एम.बी.बी.एस, एम.एस.आथोर्पेडिक्स पुणे,हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ ने संयुक्त रूप से 55 मरीजों की निःशुल्क जांच कर उन्हें निःशुल्क दवा साथ ही खान-पान,रहन-सहन की परामर्श दी। मौके पर मुख्यअतिथि उदय प्रताप उर्फ मुन्ना जी ने इस पुनीत कार्य के लिए संस्था को बधाई एवं मरीज के जल्द स्वास्थ्य लाभ के लिए कामना किए।

## रक्तदान शिविर का आयोजन




उज्जवल दुनिया संवाददाता

मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा एवं श्री रानी सती मंदिर कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को श्री हनुमान बक्स पोद्दार सत्संग भवन, रानी सती मंदिर परिसर, रातू रोड में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और रक्तदान कर समाज सेवा का संदेश दिया। शिविर में कई लोगों ने पहली बार रक्तदान किया। फर्स्ट टाइम डोनर ने बताया कि रक्तदान करने से किसी प्रकार की परेशानी नहीं होती, बल्कि रक्तदान करने के बाद उन्हें अच्छा महसूस हुआ और उन्हें काफी खुशी हुई। उन्होंने कहा कि रक्तदान से डरने की जरूरत नहीं है। मंच के अध्यक्ष विकास अग्रवाल ने कहा कि रक्तदान महादान है और इससे कई जरूरतमंद मरीजों की जान बचाई जा सकती है। समाज के लोगों और युवाओं की सक्रिय भागीदारी से यह शिविर सफल रहा। सचिव मुकेश शर्मा ने कहा कि मंच हमेशा समाज सेवा के कार्यों में अग्रणी रहा है और आगे भी इस तरह के सेवा कार्य आयोजित किए जाते रहेंगे। इस कार्यक्रम के रक्तदान प्रभारी युवा विष्णु अग्रवाल एवं युवा सुमित अग्रवाल तथा सह संयोजक युवा निशांत मोदी ने शिविर के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम संयोजक ने सभी रक्तदाताओं, सेवा सदन की टीम एवं सहयोग करने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। शिविर को सफल बनाने में नागरमल मोदी सेवा सदन की टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा। डॉक्टर, नर्स एवं अन्य सदस्यों ने मिलकर पूरी व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित किया। रक्तदान शिविर मे पूर्व अध्यक्ष सुभाष पटवारी,मनीष लोधा, विकाश अग्रवाल, निकुंज पोद्दार, पिंकेश खंडेलवाल अनीश सरावगी, सैंकी रायका, तरुण अग्रवाल, सीपी रुइया, विशाल महलका, यश सुरेखा, प्रवीण अग्रवाल, राहुल शर्मा श्री रानी सती कमिटी से सचिव मनोज जालान सदस्य प्रदीप राजगढ़िया, विमल झुनझुनवाला, अमर पोद्दार शामिल हुए।

## सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कमिटी द्वारा एक दिवसीय संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया

उज्जवल दुनिया संवाददाता

सिल्ली -रविवार के दिन झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो द्वारा द विलेज रिसोर्ट सुलुमजुड़ी सिल्ली में बीएलए - 2 ट्रेनिंग,मनरेगा और पेशा कानून को लेकर संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में सिल्ली प्रखंड कांग्रेस पदाधिकारीगण मंडल अध्यक्ष,पंचायत पदाधिकारीगण एवं बीएलए - 2 और कांग्रेस वरिष्ठ नेतागण शामिल हुए।इस कार्यक्रम का उद्देश्य बीएलए 2 ट्रेनिंग के माध्यम से पार्टी के कार्यकताओं को को प्रशिक्षित करना और मनरेगा तथा पेशा कानून के बारे में जानकारी दी गई।इस कार्यक्रम के मुख्य रुप से रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष सोमनाथ मुंडा जी,पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो जी,कांग्रेस नेता सुनील सहाय जी,स्टेट कॉर्डिनेटर विनोद साहू



जी,बीएलए मास्टर मो हुसैन,धर्मेन्द्र,नगेन्द्र नाथ गोस्वामी,नागेश्वर महतो साथ ही सिल्ली विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष विकाश रजक,सिल्ली प्रखंड कांग्रेस उपाध्यक्ष निशाकर महतो,महासचिव मंजूर मोमिन,सैय्यद कमर आलम, भगीरथ महतो प्रकाश मुंडा,शमशेर आलम भगीरथ महतो,श्रीप्रसाद बढ़ाईक,रामपद मुंडा,सिल्ली पूर्वी मंडल अध्यक्ष देवाशीष दत्ता,पश्चिमी मंडल अध्यक्ष गुहीराम महतो,पंचायत अध्यक्ष लालू कोइरी,मोहन उपाध्याय,हरिचरण करमाली, दीपक कर,गोपाल मुंडा, शालिग्राम पांडेय,दुर्गाचरण यादव, बिंदेश्वर महतो,रोहित मुंडा, सदानंद सोनार,रामु मोदक, भूतनाथ मंडल, दशरथ कुम्हार, सिदाम महतो, हबील अंसारी, अनिल कुमार महतो, मनोहर यादव, इदरीश अंसारी, सहदेव मांझी, शामेश्वर करमाली,बालक राम बेदिया, भोंदू हजाम,रंजीत महतो, मो खलील,सहदेव महतो, अरुण कुमार धान,तुलसीदास मांझी, शिशुपाल रजक,दुर्गा चरण मांझी,महादेव मुंडा,बुधराम लोहरा इत्यादि सैकड़ो कांग्रेस जन संवाद कार्यक्रम में उपस्थित थे।

# खून की उपलब्धता के लिए बुनियादी ढांचा को करना होगा ठीक : डीडीसी

उज्जवल दुनिया संवाददाता

लोहरदगा। उप विकास आयुक्त (डीडीसी) दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि ब्लड बैंकों में रक्त की उपलब्धता हमेशा होनी चाहिए। इसके लिए समय-समय पर रक्तदान शिविर आयोजित किया जाना चाहिए ताकि किसी भी जरूरतमंद को खून समय पर मिल सके। यह बातें उप विकास आयुक्त ने शनिवार को नगर भवन लोहरदगा में आयोजित वोलेंट्री ब्लड डोनेशन एसोसिएशन की ओर से आयोजित राज्यस्तरीय कॉन्फ्रेंस में कही। उप विकास आयुक्त ने कहा कि वीबीडीए



और इमरजेंसी केयर ने काफी लंबे समय से रक्तदान के क्षेत्र में लोगों को प्रेरित किया है। कई लोगों के जान बचाई गई। उन्होंने कहा कि जब किसी व्यक्ति या परिवार को इमरजेंसी स्थिति में खून की जरूरत होती है तो खून नहीं मिलने की पीड़ा वही परिवार समझ सकता है। उन्होंने कहा कि हमेशा ब्लड बैंकों में खून की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए बुनियादी ढांचा को हमें ठीक करना होगा। उन्होंने प्रत्येक जिले के अंदर एक ब्लड बैंक की स्थापना पर बल दिया। उन्होंने कहा कि स्थानीय जगह से ब्लड उपलब्ध होना चाहिए, जिससे लोगो को इधर उधर भटकना न पड़े। उप विकास आयुक्त ने सभी पदाधिकारियों व कर्मियों से ब्लड डोनेशन कैम्प में रक्तदान का आग्रह किया। साथ ही एसोसिएशन को इन रक्तदान शिविर को प्रखंड व जिला स्तर पर भी आयोजित करने का निर्देश दिया ताकि लोग प्रेरित हों। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ शंभूनाथ चौधरी ने कहा कि रक्तदान को एक अभियान बनाने की जरूरत है। जागरूकता कार्यक्रम -सह-रक्तदान शिविर का समापन रविवार को होगा। कार्यक्रम में विशेषज्ञ ने स्वास्थ्य प्रतिनिधियों को आवश्यक प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, ब्लड बैंक, पैथोलॉजी, अस्पताल से जुड़े हुए लोग, स्वास्थ्य के क्षेत्र से जुड़े हुए लोग, चिकित्सक, झारखंड के लगभग सभी जिलों से प्रतिनिधि, बिहार, ओडिशा, दिल्ली और पश्चिम बंगाल से भी प्रतिनिधि शामिल थे।

## एक नजर

### नॉन इंटरलॉक कार्य के कारण गाड़ियों का निरस्तीकरण, रि-शिड्यूलिंग, शॉर्ट टर्मिनेशन एवं ओरिजिनेशन निम्नवत

गोरखपुरः रेलवे प्रशासन द्वारा इज्जतनगर मंडल के लालकुआँ स्टेशन यार्ड में प्री-नॉन इंटरलॉक एवं नॉन इंटरलॉक कार्य के कारण गाड़ियों का निरस्तीकरण, रि-शिड्यूलिंग, शॉर्ट टर्मिनेशन एवं शॉर्ट ओरिजिनेशन निम्नवत किया जायेगा।

**निरस्तीकरण–**

- लालकुआँ एवं मुरादाबाद से 06 एवं 07 अप्रैल, 2026 को चलने वाली 55302/55301 लालकुआँ-मुरादाबाद-लालकुआँ सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी।
- मुरादाबाद से 06 अप्रैल, 2026 को चलने वाली 55303 मुरादाबाद-लालकुआँ सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी।
- लालकुआँ एवं काशीपुर से 06 अप्रैल, 2026 को चलने वाली 55309/55310 लालकुआँ-काशीपुर-लालकुआँ सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी।
- काशीपुर एवं रामनगर से 06 अप्रैल, 2026 को चलने वाली 55305/55306 काशीपुर-रामनगर-काशीपुर सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी।

रि-शिड्यूलिंग-

- कासगंज से 06 अप्रैल, 2026 को चलने वाली 55307 कासगंज-रामनगर सवारी गाड़ी कासगंज से 165 मिनट रि-शिड्यूल कर चलाई जायेगी।

**शॉर्ट टर्मिनेशन–**

- लालकुआँ से 05 अप्रैल, 2026 को चलने वाली 55304 लालकुआँ-मुरादाबाद सवारी गाड़ी मुरादाबाद के स्थान पर काशीपुर स्टेशन में यात्रा समाप्त करेगी तथा यह गाड़ी काशीपुर-मुरादाबाद स्टेशनों के मध्य निरस्त रहेगी।
- कासगंज से 05 एवं 06 अप्रैल, 2026 को चलने वाली 15061 कासगंज-लालकुआँ एक्सप्रेस लालकुआँ के स्थान पर इज्जतनगर स्टेशन में यात्रा समाप्त करेगी तथा यह गाड़ी इज्जतनगर-लालकुआँ स्टेशनों के मध्य निरस्त रहेगी।
- कासगंज से 06 अप्रैल, 2026 को चलने वाली 55311 कासगंज-लालकुआँ सवारी गाड़ी लालकुआँ के स्थान पर पन्त नगर स्टेशन में यात्रा समाप्त करेगी तथा यह गाड़ी पन्त नगर-लालकुआँ स्टेशनों के मध्य निरस्त रहेगी।

**शॉर्ट ओरिजिनेशन–**

- लालकुआँ से 06 अप्रैल, 2026 को चलने वाली 15062 लालकुआँ-कासगंज एक्सप्रेस लालकुआँ के स्थान पर पन्त नगर स्टेशन से चलाई जायेगी तथा यह गाड़ी लालकुआँ-पन्त नगर स्टेशनों के मध्य निरस्त रहेगी।
- लालकुआँ से 06 एवं 07 अप्रैल, 2026 को चलने वाली 55312 लालकुआँ-कासगंज सवारी गाड़ी लालकुआँ के स्थान पर इज्जतनगर स्टेशन से चलाई जायेगी तथा यह गाड़ी लालकुआँ-इज्जतनगर स्टेशनों के मध्य निरस्त रहेगी।

### 04314/04313 योग नगरी ऋषिकेश-मुजफ्फरपुर-योग नगरी ऋषिकेश आरक्षित विशेष गाड़ी का संचालन

गोरखपुरः रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त सुविधा हेतु 04314/04313 योग नगरी ऋषिकेश-मुजफ्फरपुर-योग नगरी ऋषिकेश वाया गोरखपुर ग्रीष्मकालीन आरक्षित विशेष गाड़ी का संचलन योग नगरी ऋषिकेश से 16 अप्रैल से 12 जुलाई, 2026 तक प्रत्येक बृहस्पतिवार एवं रविवार को तथा मुजफ्फरपुर से 17 अप्रैल से 13 जुलाई, 2026 तक प्रत्येक शुक्रवार एवं सोमवार को 26 फेरों के लिये निम्नवत किया जायेगा। 04314 योग नगरी ऋषिकेश-मुजफ्फरपुर ग्रीष्मकालीन आरक्षित विशेष गाड़ी 16 अप्रैल से 12 जुलाई, 2026 तक प्रत्येक बृहस्पतिवार एवं रविवार को योग नगरी ऋषिकेश से 15.20 बजे प्रस्थान कर हरिद्वार से 16.15 बजे, मुरादाबाद से 19.25 बजे, बरेली से 20.49 बजे, शाहजहाँपुर से 22.05 बजे, दूसरे दिन सीतापुर से 00.20 बजे, गोंडा से 02.43 बजे, बस्ती से 03.55 बजे, गोरखपुर से 05.15 बजे, सीवान से 07.05 बजे, छपरा से 08.15 बजे तथा हाजीपुर से 09.40 बजे छूटकर मुजफ्फरपुर 11.20 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में, 04313 मुजफ्फरपुर-योग नगरी ऋषिकेश ग्रीष्मकालीन आरक्षित विशेष गाड़ी 17 अप्रैल से 13 जुलाई, 2026 तक प्रत्येक शुक्रवार एवं सोमवार को मुजफ्फरपुर से 14.00 बजे प्रस्थान कर हाजीपुर से 15.05 बजे, छपरा से 17.45 बजे, सीवान से 18.35 बजे, गोरखपुर से 20.35 बजे, बस्ती से 21.35 बजे, गोंडा से 22.55 बजे, दूसरे दिन सीतापुर से 02.30 बजे, शाहजहाँपुर से 04.42 बजे, बरेली से 05.57 बजे, मुरादाबाद से 07.58 बजे तथा हरिद्वार से 10.15 बजे छूटकर योग नगरी ऋषिकेश 11.15 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी का 01, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 01, शयनयान श्रेणी के 10, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 04 तथा एस.एल.आर. के 02 कोचों सहित कुल 18 कोच लगाये जायेंगे।

### रेलवे का इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास का क्रम निरन्तर जारी

गोरखपुरः पूर्वोत्तर रेलवे पर इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास का क्रम निरन्तर जारी है। इसी क्रम में, लखनऊ मंडल के बुढ़वल-गोंडा तीसरी लाइन परियोजना के अन्तर्गत घाघरा घाट-बुढ़वल के मध्य तीसरी लाइन का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। रेल संरक्षा आयुक्त, उत्तर पूर्व सर्किल 06 अप्रैल, 2026 को इस नवनिर्मित तीसरी लाइन का निरीक्षण करेंगे तथा स्पीड ट्रायल किया जायेगा। रेल प्रशासन का आमजन से अनुरोध है कि निरीक्षण एवं स्पीड ट्रायल के दौरान इस नवनिर्मित तीसरी रेल लाइन खंड पर न तो स्वयं जायें, न ही अपने पशुओं को रेलपथ पर जाने दें।

### महंगाई-बेरोजगारी पर खामोशी, चुनावी राजनीति में व्यस्त केंद्र सरकार; आलोक दूबे



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव आलोक कुमार दूबे ने भाजपा नेताओं पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा है कि भारतीय जनता पार्टी यह स्पष्ट करे कि वह स्थापना दिवस मना रही है या जनता के मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए विरोध दिवस। उन्होंने कहा कि देश आज बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, गैस की कमी, पेट्रोल-डीजल के अभाव, बंद होते कल-कारखानों और चौपट होते उद्योग-धंधों जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है, लेकिन केंद्र सरकार पूरी तरह असंवेदनशील बनी हुई है। दूबे ने कहा कि प्रधानमंत्री और पूरी केंद्रीय कैबिनेट देश की समस्याओं को नजरअंदाज कर पांच राज्यों के चुनाव में डूबी हुई है। वहीं, जो कुछ नेता बचे हैं, वे स्थापना दिवस के आयोजनों में व्यस्त हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि देश की जनता अब जानना चाहती है कि उसने एक जिम्मेदार प्रधानमंत्री चुना है या एक ऐसा बहुरूपिया, जो केवल चुनावी मंचों पर ही दिखाई देता है। आलोक दूबे ने उद्योगों के लगातार बंद होने और युवाओं में बढ़ती बेरोजगारी पर भी कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि यह देश के लिए एक गंभीर और विस्फोटक स्थिति बन चुकी है। छोटे और मध्यम उद्योगों पर बढ़ते वित्तीय दबाव के कारण फैक्ट्रियां एक-एक कर बंद हो रही हैं, जिससे लाखों युवा बेरोजगार होकर सड़कों पर आ गए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को नई नौकरियों के अवसर सृजित करने चाहिए थे, लेकिन इसके बजाय केवल घोषणाओं और योजनाओं का ढोल पीटा जा रहा है। हकीकत यह है कि इन योजनाओं का जमीनी असर कहीं दिखाई नहीं देता। दूबे ने चेतावनी देते हुए कहा कि बेरोजगारी केवल आर्थिक संकट नहीं है, बल्कि यह सामाजिक निराशा, अपराध और व्यापक असंतोष को भी जन्म दे रही है । उन्होंने अंत में कहा अगर केंद्र सरकार ने समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए तो देश की युवा शक्ति का आक्रोश एक बड़े जनांदोलन में बदल सकता है जिसकी पूरी जिम्मेदारी भाजपा सरकार की होगी।

# तेजस्वी यादव का रांची में शक्ति प्रदर्शन, बोल-राजद को फिर बनाएंगे राष्ट्रीय पार्टी

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**रांची।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव का रविवार को रांची के कार्निवल बैंक्वेट हॉल में भव्य अभिनंदन किया गया। इस मौके पर उन्होंने पार्टी को फिर से राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने का संकल्प दोहराया और संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया।

अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि राजद देशभर में अपने विस्तार की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने बताया कि पार्टी केरल में तीन सीटों पर चुनाव लड़ रही है और वहां लेफ्ट अलायंस के साथ गठबंधन में है। उन्होंने कहा कि जहां-जहां पार्टी की ताकत है, वहां चुनाव लड़ा जाएगा और संगठन को मजबूत करना प्राथमिकता है।

झारखंड के पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए तेजस्वी ने हर जिले और हर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक बूथ पर मजबूत तैयारी करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि झारखंड की सभी 81 विधानसभा सीटों पर तैयारी रखनी चाहिए, ताकि गठबंधन की स्थिति में भी पार्टी मजबूत स्थिति में रहे। उन्होंने पिछली बार के चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि सीमित सीटों, पांच पर लड़ने के बावजूद राजद ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए चार सीटों पर जीत हासिल की थी।

तेजस्वी यादव ने कहा कि देश और राज्य में फिर्कापरस्त ताकतों को रोकना राजद की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा की धरती पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को रोकने के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो), कांग्रेस और अन्य सहयोगी दलों के साथ मिलकर काम किया जाएगा। हालांकि, उन्होंने स्वीकार किया कि गठबंधन में समझौते करने पड़ते हैं, लेकिन संगठन मजबूत होगा तो ज्यादा सीटों की मांग भी संभव होगी। बिहार विधानसभा चुनाव में हार का जिक्र करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि पार्टी जनता के वोट से नहीं हारी, बल्कि ह्लमशीन तंत्र और धनतंत्रह्व के कारण हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने बताया कि 2025 के चुनाव में राजद को 1 करोड़ 90 लाख वोट मिले, जो पिछले चुनाव की तुलना में 20 लाख वोट अधिक हैं। उन्होंने दावा किया कि जनता का समर्थन पार्टी के साथ बना हुआ है।

तेजस्वी यादव ने कहा कि राजद लालू प्रसाद की विचारधारा पर चलने वाली पार्टी है और इसे कोई तोड़ नहीं सकता। उन्होंने कहा कि कुछ नेताओं के पार्टी छोड़ने से संगठन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। उन्होंने भरोसा जताया कि राजद ईडी-सीबीआई जैसी चुनौतियों के बावजूद वापसी करेगी और भविष्य में बिहार व केंद्र में सत्ता में आएगी।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने अपील की कि हर दिन कम से कम एक घंटा पार्टी के लिए दें और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करें। उन्होंने कहा कि पार्टी में सभी को समान अवसर मिलना चाहिए और हर विंग को मजबूत बनाना जरूरी है।

इस दौरान उन्होंने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति सम्मान व्यक्त किया और परिसीमन के बाद बढ़ने वाली सीटों को ध्यान में रखते हुए अभी से तैयारी शुरू करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में राजद के राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव ने कहा कि देश में दो विचारधाराओं की लड़ाई चल रही है। एक आरक्षण और संविधान को कमजोर करने की, और दूसरी डॉ. भीमराव अंबेडकर के आदर्शों को बचाने की। उन्होंने कहा कि आने वाले चुनाव परिसीमन के आधार पर होंगे और झारखंड में विधानसभा सीटों की संख्या 120 व लोकसभा सीटों की संख्या 20 तक बढ़ सकती है। प्रदेश उपाध्यक्ष अनिता यादव ने इस अवसर पर शिक्षा क्षेत्र में सुधार और सामाजिक न्याय की जरूरत पर जोर दिया, जबकि राष्ट्रीय महासचिव अभय सिंह ने संगठन की मजबूती को चुनावी सफलता की कुंजी बताया। प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने कहा कि झारखंड राजद, बिहार के साथ मिलकर पार्टी को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। समारोह में पार्टी के कई वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और विभिन्न जिलों से आए कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## रांची के धुर्वा में शिक्षकों को मानसिक स्वास्थ्य पर प्रशिक्षण, छात्रों के समग्र विकास पर जोर

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**रांची।** रांची के धुर्वा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में रविवार को छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से क्षमता संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य ललन कुमार के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर शिक्षकों को विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक संतुलन, तनाव प्रबंधन और विद्यालय में सकारात्मक वातावरण के निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में व्यवहारिक पहलुओं पर विशेष जोर दिया गया, ताकि शिक्षक छात्रों की समस्याओं को बेहतर ढंग से समझकर उन्हें सही दिशा प्रदान कर सकें। प्राचार्य ललन कुमार ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम शिक्षकों को नई सोच और दृष्टिकोण देते हैं, जिससे विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के निर्माण में मदद मिलती है। उन्होंने शिक्षकों से बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशील रहने और उन्हें सहयोग देने की अपील की। कार्यक्रम में सुरेन्द्रनाथ सेंटेनरी पब्लिक स्कूल के उप-प्राचार्य प्रसेनजीत हाजरा एवं गोविंद राम कटारुका पब्लिक स्कूल के पीजीटी उत्तम कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने शिक्षकों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व और उससे जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में 60 से अधिक शिक्षक और अन्य लोग मौजूद रहे, जिन्होंने इस पहल की सराहना की और इसे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए उपयोगी बताया।

## उत्कलिका, रांची ने उत्साहपूर्वक उत्कलदिवस मनाया

**रांची।** रांची स्थित ओडिया समुदाय के एक प्रमुख सामाजिक-सांस्कृतिक संगठन उत्कलिका के सदस्यों ने ओडिशा राज्य की स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में उत्कल दिवस को बड़े उत्साह और गर्व के साथ मनाया। इस कार्यक्रम में ओडिशा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, भाषा और परंपराओं को उजागर किया गया और उन दूरदर्शी लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई जिन्होंने 1 अप्रैल, 1936 को राज्य के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस समारोह में डॉ. श्यामा प्रसाद विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति प्रोफेसर डॉ. राजीव मनोहर मुख्य अतिथि थे। अपने संबोधन में उन्होंने अपने गृह राज्य से बाहर रहते हुए भी अपनी सांस्कृतिक जड़ों को संरक्षित रखने के लिए ओडिया समुदाय की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, ओडिशा में आध्यात्मिकता, कला, साहित्य और समावेशी संस्कृति की गौरवशाली विरासत है। राज्य से बाहर उत्कल दिवस मनाना लोगों के अपनी विरासत के साथ गहरे भावनात्मक जुड़ाव को दशार्ता है। झारखंड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज फेडरेशन के अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में ओडिया समुदाय को इस अवसर पर बधाई दी। उन्होंने कहा, ओडिशा के लोगों ने भारत के सांस्कृतिक और आर्थिक विकास में हमेशा महत्वपूर्ण योगदान दिया है। ऐसे उत्सव समुदायों के बीच एकता और आपसी सम्मान को मजबूत करते हैं। एक अन्य विशिष्ट अतिथि आशीष सतपथी ने सांस्कृतिक पहचान और सामुदायिक बंधन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, उत्कल दिवस हमें उन नेताओं के बलिदान और दृढ़ संकल्प की याद दिलाता है जिन्होंने ओडिया भाषी लोगों के लिए एक अलग राज्य के गठन के लिए अथक प्रयास किया। विशेष अतिथियों में झारखंड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज फेडरेशन के महासचिव रोहित अग्रवाल ने झारखंड और ओडिशा के समुदायों के बीच सहयोग की भावना पर बल दिया।

## रांची में मुक्ति संस्था ने 24 अज्ञात शवों का किया अंतिम संस्कार



**रांची।** रांची में मानवता की मिसाल पेश करते हुए मुक्ति संस्था ने रविवार को जुमार नदी के तट पर 24 अज्ञात शवों का पूरे विधि-विधान के साथ अंतिम संस्कार किया। संस्था के सदस्यों ने राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स)की शव गृह से शवों को सुरक्षित तरीके से निकालकर उन्हें जुमार नदी तट तक पहुंचाया, जहां धार्मिक रीति-रिवाजों का पालन करते हुए अंतिम संस्कार संपन्न कराया गया। कार्यक्रम के दौरान मुक्ति संस्था के अध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने सभी अज्ञात शवों को मुखाग्नि दी। उन्होंने बताया कि संस्था अब तक कुल 2153 अज्ञात शवों का अंतिम संस्कार कर चुकी है। यह कार्य समाज के प्रति संस्था की गहरी संवेदनशीलता और सेवा भावना को दशार्ता है। अंतिम संस्कार के बाद परमजीत सिंह टिंकू द्वारा अरदास की गई। पूरे आयोजन में संस्था के सदस्यों ने मिलकर सक्रिय भूमिका निभाई और इस पुनीत कार्य को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। इस अवसर पर प्रवीण लोहिया, रवि अग्रवाल, संजय गोयल, राहुल जायसवाल, विजय धानुका, सौरभ बथवाल, पंकज खिरवाल, निर्मल मोदी, सुमित अग्रवाल, वीरेंद्र गुप्ता, आदित्य शर्मा, आशीष भाटिया, गौरीशंकर शर्मा, राहुल चौधरी, अरुण कुतरियार, संजय सिंह, नवीन मित्तल, उज्जवल जैन, राजा गोयनका, अमित अग्रवाल, गोपाल गाड़ोदिया, हरीश नागपाल, आर के गांधी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## रांची में ईस्टर पर बच्चों ने दिखाई रचनात्मकता, एग पेंटिंग प्रतियोगिता में बिखरे रंग

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**रांची।** ईस्टर के अवसर पर रांची में आईफा इंटरनेशनल की ओर से रविवार को बच्चों के लिए रंगारंग ईस्टर एग पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों में कला के प्रति रुचि विकसित करना और उनकी रचनात्मक सोच को प्रोत्साहित करना था।

कार्यक्रम का नेतृत्व संस्थान के निदेशक मोहम्मद साबिर हुसैन ने किया। उन्होंने बच्चों को एग पेंटिंग की तकनीक और आकर्षक डिजाइन बनाने के विभिन्न तरीके समझाए। उनके मार्गदर्शन में बच्चों ने अंडों पर रंग-बिरंगे और सुंदर डिजाइन बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर मोहम्मद साबिर हुसैन ने कहा कि कला बच्चों के व्यक्तित्व विकास और आत्मविश्वास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने बच्चों को नियमित रूप से ऐसी रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा तैयार की गई रंगीन कलाकृतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इस आयोजन में रूहान, आयाना, हूमरा, मिस्कत, मुनमुन, आयात, महक, मेहरीन, डानियाल, नायरा, अली, शान और एनम सहित कई बच्चों ने भाग लेकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। आयोजन को सफल बनाने में शगुफ्ता बानो और शामा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक और स्थानीय लोग भी मौजूद रहे, जिन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

# रांची में गैस रिफिलिंग गिरोह का भंडाफोड़, बिरयानी की दुकान से 9 सिलेंडर बरामद

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची के ओरमांझी क्षेत्र में अवैध गैस सिलेंडर रिफिलिंग और कालाबाजारी के खिलाफ जिला प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए एक संगठित गिरोह का खुलासा किया है। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देश पर जिला स्तरीय टीम ने ईरवा स्थित एक बिरयानी दुकान में छापेमारी की और वहां से एलपीजी सिलेंडर बरामद की।

ओरमांझी के प्रखंड विकास पदाधिकारी के नेतृत्व में एक गुप्त सूचना के आधार पर हुई इस कार्रवाई के दौरान दिल्ली दरबार नामक बिरयानी दुकान से कुल नौ व्यवसायिक गैस सिलेंडर बरामद किए गए। इनका कुल वजन लगभग 19.02 किलोग्राम था, जिनमें एचपी और इंडेन के सिलेंडर शामिल हैं। जांच में पाया गया कि कुछ सिलेंडर सील थे, जबकि कुछ का उपयोग अवैध रिफिलिंग के लिए किया जा रहा था।

दुकान संचालक से पूछताछ में खुलासा हुआ कि सिलेंडर एक बिचौलिए के माध्यम से कार से सप्लाई किए जाते थे। यह बिचौलिया अवैध रूप से सिलेंडरों की रिफिलिंग कर उन्हें ऊंचे दामों पर बेचता था और मुनाफे में हिस्सेदारी भी तय थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए टीम ने गिरफ्तार व्यक्ति की निशानदेही पर ओरमांझी थाना क्षेत्र में आरोपित के घर पर भी छापेमारी की।

इस दौरान एक 19.02 किलोग्राम क्षमता का एचपी गैस सिलेंडर बरामद किया गया, जिसमें करीब 10 किलोग्राम गैस भरी हुई थी और उस पर रिफिलिंग नोजल लगा हुआ था। साथ ही एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू भी जब्त किया गया, जिससे इस अवैध कारोबार के व्यवस्थित तरीके से संचालित होने की पुष्टि हुई। हालांकि मुख्य आरोपित छापेमारी के दौरान फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है।

प्रशासन ने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियां ह्यआपूर्ति और वितरण विनियमन आदेश, 2000 (रेगुलेशन ऑफ सप्लाई एंड डिस्ट्रीब्यूशन ऑर्डर-2000) और आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत गंभीर अपराध की श्रेणी में आती हैं। इस संबंध में ओरमांझी थाना में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि जिले में किसी भी प्रकार की कालाबाजारी और अवैध रिफिलिंग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन लगातार ऐसी गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है और सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि गैस सिलेंडर से जुड़ी अवैध गतिविधियां न केवल कानूनन अपराध हैं, बल्कि आम लोगों की जान के लिए भी गंभीर खतरा पैदा करती हैं। ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने आम जनता से अपील की है कि यदि कहीं इस तरह की गतिविधियों की जानकारी मिले तो तुरंत प्रशासन या नजदीकी थाने को सूचित करें।

## एक नजर

### मेदांता हॉस्पिटल इरबा में इलाज के दौरान मरीज की मौत, लापरवाही का आरोप

**ओरमांझी।** रांची के ओरमांझी स्थित मेदांता हॉस्पिटल इरबा में इलाज के दौरान एक मरीज की मौत के बाद हंगामा खड़ा हो गया है। मृतक की पहचान हजारीबाग निवासी गोविंद मोहन मिश्रा (35 वर्ष) के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, मरीज को 24 तारीख को इमरजेंसी में भर्ती कराया गया था। शुरूआती इलाज के दौरान ही नर्सिंग स्टाफ की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे थे। आरोप है कि स्टाफ को कैथेटर और कैनुला लगाने जैसी बुनियादी प्रक्रिया का भी सही ज्ञान नहीं था। मृतक की बहन एवं अटेंडेंट राधा मिश्रा ने बताया कि 26 तारीख को ऑपरेशन करने की बात कही गई थी, लेकिन इससे पहले मेडिकल सुपरिटेंडेंट द्वारा मरीज को कहीं और ले जाने की सलाह दी गई, जिससे परिजन हैरान रह गए। इस पर सवाल उठाने पर अस्पताल प्रबंधन का व्यवहार भी कथित तौर पर संतोषजनक नहीं रहा। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टरों ने मरीज की हालत गंभीर बताते हुए तत्काल ऑपरेशन के लिए भुगतान कराया, लेकिन इसके बावजूद ऑपरेशन में देरी की गई। ऑपरेशन थिएटर खाली नहीं होने का हवाला देकर घंटों इंतजार कराया गया। विरोध के बाद अचानक मरीज को बिना पूर्व सूचना के ओटी में ले जाया गया। ऑपरेशन के बाद भी डॉक्टरों द्वारा काफी देर तक कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई। परिजनों का कहना है कि बार-बार पूछताछ और शिकायत के बाद ही मरीज की स्थिति बताई गई। इलाज के दौरान लापरवाही के अन्य आरोप भी लगाए गए हैं। परिजनों के मुताबिक, मरीज का ब्लड प्रेशर लगातार गिरता रहा और नाक से खून आने जैसी समस्याएं होती रहीं, लेकिन समय पर उचित ध्यान नहीं दिया गया। कई बार कहने के बाद ही स्टाफ सक्रिय हुआ। यहां तक कि मरीज की साफ-सफाई में भी देरी किए जाने का आरोप लगाया गया है। अंततः इलाज के दौरान मरीज की मौत हो गई, जिसके बाद परिजनों में आक्रोश फैल गया। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन, डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। मामले को लेकर परिजनों ने संबंधित अधिकारियों से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल, अस्पताल प्रबंधन की ओर से इस मामले पर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

### राजधानी रांची समेत झारखंड के विभिन्न जिलों में मध्यम बारिश, ओलावृष्टि-वज्रपात का अलर्ट



**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में पिछले 24 घंटों के दौरान मध्यम दर्जे की बारिश दर्ज की गई। इस दौरान सबसे अधिक 21 मिलीमीटर बारिश रामगढ़ में रिकॉर्ड की गई, जबकि रांची में 18.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई। राज्य के अन्य इलाकों में भी हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। इनमें बरही में 12.4 मिमी, चाकुलिया में 8.6 मिमी, बुढ़मू में 7.8 मिमी, बोकारो थर्मल में 6.8 मिमी, मांडर में 6.6 मिमी, चाईबासा में 6.1 मिमी, मुरहू में 6 मिमी और कोडरमा डीवीसी में 5.8 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग के अनुसार 6, 7 और 8 अप्रैल को राज्य के कई जिलों में गरज-चमक के साथ हल्की बारिश, वज्रपात और ओलावृष्टि की संभावना है। इस दौरान 50 से 60 किलमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने का भी अनुमान है। इसे देखते हुए विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं 9 अप्रैल तक कुछ इलाकों में हल्की बारिश, वज्रपात और ओलावृष्टि को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान जमशेदपुर में 39.5 डिग्री सेल्सियस और सबसे कम तापमान लातेहार में 16.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। रविवार को रांची और आसपास के क्षेत्रों में सुबह से बादल छाए रहे, हालांकि दोपहर में आसमान साफ हो गया और तेज धूप निकल आई। तड़के हुई बारिश के कारण लोगों को ठंडक का एहसास हुआ। तापमान की बात करें, तो रांची में अधिकतम 34.8 डिग्री और न्यूनतम 18.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जमशेदपुर में अधिकतम 39.5 और न्यूनतम 21.5 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 37.8 और न्यूनतम 21.7 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 36.5 और न्यूनतम 20.1 डिग्री तथा चाईबासा में अधिकतम 38 डिग्री और न्यूनतम 21 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### दहकते अंगारों में नंगे पांव चलकर भक्तों ने दी भक्ति की परीक्षा



**खूंटी।** भोक्ता झूलन के साथ साथ पिछले नौ दिनों से चल रहा शिवोपासना का ऐतिहासिक तोरपा मंडा रविवार को सम्पन्न हो गया। इसके पूर्व भोक्ताओं ने दहकते अंगारों पर नंगे पांव चलकर भक्ति और निष्ठा का परिचय दिया। इस वार्षिक धार्मिक अनुष्ठान की शुरूआत चैत्र शुक्ल नवमी से हुई थी। इस नौ दिनों के दौरान शिव भक्त अपना घर परिवार का त्याग कर मंदिर में रहकर भगवान भोलेनाथ की आराधना में लीं रहे। जिस समय भोक्ता नंगे पांव आग में चल रहे थे, जिसे फूलखुंदी कहते हैं, उस समय परिवार की महिलाएं सिर पर आम के पल्लव और पवित्र जल से भरा लोटा लेकर खड़ी थीं। फूलखुंदी के बाद भक्तों ने 24 घंटे के निर्जला उपवास का समापन किया। फूलखुंदीकौर झूलन को देखने के लिए हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। झूलन के दौरान भागतीयों ने दर्शकों पर फूल वर्षा कर लोगों के मंगल कामना की। मंडा महोत्सव का आयोजन तोरपा के पूर्व जमींदार विजय बड़ाइक के परिवार की ओर से किया जाता है।

### हेमंत शाही के अगुवाई में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान के तहत मंडल प्रशिक्षण का आयोजन



**चांन्हो।** प्रखंड स्थित रविवार को सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय बिजूपाडा, राँची सभागार में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया प्रशिक्षक के रूप भाजपा नेता सतीश साह,जिला मंत्री राम कुमार दुबे,पुर्व मण्डल अध्यक्ष अरबिन्द सिंह शामिल हुए कार्यक्रम में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित हुए यह कार्यक्रम दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर लगातार चलेगा जिसमें सभी पार्टी कार्यकर्तागण को रात्रि विश्राम करना है कार्यक्रम ताराकांत सिंह,रामनन्द साहु,धर्म मिश्रा, पुर्व मण्डल अध्यक्ष सदानन्द सिंह , रीना टोपो, अनिता देवी, मिथलेश गोप, अरबिन्द साही, रामेशवर महतो, बिनय सिंह के साथ अन्य लोग शामिल हुए।

# कुलपति और कुलसचिव के प्रभार में महिला अधिकारी एक्शन मोड में

## विभावि में 17 कर्मचारियों को कारण बताओं नोटिस जारी

उज्जवल दुनिया संवाददाता


विभावि के प्रभारी कुलपति डॉ रेणु बोस


विभावि कुलसचिव डॉ प्रणिता

हजारीबाग। विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग प्रशासन में 17 शिक्षककेत्तर कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इसमें से ज्यादातर लोग औचक निरीक्षण के दौरान अपने-अपने दफ्तर में बिना छुट्टी लिए अनुपस्थित पाए गए थे। इस संबंध में जानकारी देते हुए रविवार को कुलसचिव डॉ प्रणिता ने बताया कि कुछ कर्मचारी समय पर नहीं आते हैं और बिना सूचना के अनुपस्थित रहते हैं। इसकी मौखिक शिकायत लगातार मिल रही थी। मौखिक शिकायत पर कार्यवाही करने से पूर्व मैंने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जो लोग बिना लिखित सूचना के अनुपस्थित पाए गए उनसे स्पष्टीकरण पूछा गया है। उन्होंने बताया कि यह गलत परिपाटी है और इससे विश्वविद्यालय के कार्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था। साथ ही ऐसे लोगों के कारण समय पर आकर निष्ठा के साथ कार्य करने वाले कर्मचारियों का भी मनोबल टूटता है। विश्वविद्यालय का कोई भी कार्य प्रभावित होता है तो उसका सीधा नुकसान हमारे विद्यार्थियों को होता है। यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों से पूछा गया है कि उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई क्यों ना किया जाए। उन्हें अपना पक्ष रखने के लिए तीन दोनों का समय दिया गया है। उनका उत्तर संतोषजनक नहीं होने से इस मसले पर विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति को अवगत कराया जाएगा। साथ ही उन्होंने बताया कि पिछले दिनों प्रभारी कुलपति डॉ रेनू बोस को कुलपति कक्ष में नहीं बैठने देने की घटना से वह काफी आहत है। मैंने जितना कुलपति प्रो चंद्र भूषण शर्मा को जाना है वह विश्वविद्यालय के शिक्षकों और विशेष कर सभी महिलाओं के प्रति बहुत सम्मान भाव रखते हैं। उन्होंने इस तरह का आदेश दिया है यह मुझे विश्वास करने में कठिनाई हो रही है। बताया कि इस अमर्यादित आचरण के लिए दोषी कर्मचारी दरअसल विश्वविद्यालय सेवा में है ही नहीं। अनुबंध पर प्रबंधन विभाग में उनकी नियुक्ति हुई है। विश्वविद्यालय की सारी गोपनीयता और कुलपति कार्यालय में अपनी पदस्थापना का दुरुपयोग का इन पर गंभीर आरोप है। उनके आचरण से विश्वविद्यालय की काफी बदनामी हुई है। डॉ रेनू बोस समाज विज्ञान के संकायाध्यक्ष हैं और उनका कार्यालय प्रशासनिक भवन से काफी दूर में स्थित रविंद्रनाथ टैगोर कला भवन में अवस्थित है। कुलपति के रूप में दायित्वों का निर्वहन करने में कुलपति सचिवालय के सहयोग की आवश्यकता होती है। संकायाध्यक्ष ऑफिस में मात्र एक ही कर्मचारी है और वह कुलपति सचिवालय के कार्य पद्धति से अनभिज्ञ हैं। दिनभर जो लोग कुलपति से मिलने आ रहे हैं उन सबको रविंद्र नाथ टैगोर भवन नहीं भेजा जा सकता है। इसके अलावा जितनी भी संचिकाएं कुलपति के पास भेजी जाती है उन सबको प्रशासनिक भवन से कला भवन भेजना किसी भी दृष्टिकोण से व्यावहारिक नहीं है। यही कारण है कि विश्वविद्यालय की स्थापना काल से अब तक जो भी शिक्षक कुलपति के प्रभाव में रहे वह कुलपति कक्ष से तथा कुलपति सचिवालय के सहयोग से कार्यों का निष्पादन करते रहे हैं। कुलसचिव ने बताया कि जब कुलपति का कार्यालय को नहीं खोला गया तब उन्होंने डॉ रेनू बोस को कुलसचिव कार्यालय से कार्यों का निष्पादन करने का आग्रह किया जो उन्होंने सहस्त्र स्वीकार किया। ज्ञात हो कि डॉ रेनू बोस एवं डॉ प्रणिता दोनों ही कड़क प्रशासक माने जाते हैं और नियम परीनियम के तहत काम करने के लिए जाने जाते हैं। किसी प्रकार के दबाव में आकर गलत काम करने वालों में इनकी गिनती नहीं होती है।

**इस मामले में क्या कहते हैं कुलसचिव डॉ प्रणिता**


कारण बताओं नोटिस जारी करके अपनी प्रशासनिक व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करना विश्वविद्यालय का आंतरिक मामला है। इस बार किसी के नाम को सार्वजनिक नहीं किया जा रहा है। परंतु ऐसे कर्मचारियों का जवाब संतोषजनक नहीं होने पर तथा फिर से इस तरह नियम विरुद्ध कार्य करते पाए जाने पर भविष्य में कड़ी कार्रवाई के साथ उनके नाम को सार्वजनिक भी किया जाएगा।

: कुलसचिव डॉ प्रणिता

## खतियानी परिवार की साप्ताहिक बैठक में सर्वसम्मति से लिया निर्णय, कहा

## रोजगार की तलाश में जा रहे चतरा के युवक की ट्रेन से गिरकर मौत, सांसद कालीचरण सिंह ने किया आर्थिक मदद

उज्जवल दुनिया संवाददाता







चतरा। जिले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम प्रतापपुर से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है। गांव के रहने वाले रौशन कुमार की ट्रेन से गिरकर दर्दनाक मौत हो गई। रौशन अपने परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए रोजगार की तलाश में चेन्नई जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही यह हादसा हो गया। परिजनों के अनुसार रौशन चेन्नई जाने वाली ट्रेन में सवार था। यात्रा के दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने या किसी तकनीकी कारण से वह चलती ट्रेन से नीचे गिर गया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना जैसे ही प्रतापपुर गांव पहुंची, पूरे घर में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है इसी बीच, चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह ने इस दुख की घड़ी में संवेदना प्रकट करते हुए मृतक के घर तक पार्थिव शरीर मंगवाने की व्यवस्था कराई और परिवार को ?15,000 की आर्थिक सहायता प्रदान की। श्री सिंह ने कहा कि रौशन की असमय मौत ने एक परिवार का सहारा छीन लिया और समाज ने एक होनहार युवा को खो दिया। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति और परिजनों को इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें।

## पांच करोड़ की हेरोइन के साथ चतरा का तस्कर गिरफ्तार

### चतरा में अफीम कनेक्शन उजागर

उज्जवल दुनिया संवाददाता

**गिरफ्तार गिद्धौर निवासी युवक राहुल के कबूलनामा पर कई तस्कर पुलिस के रडार पर**

चतरा। यूपी एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और कुशीनगर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में 2.505 किलोग्राम हेरोइन के साथ दो अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार किए गए। बरामद हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब पांच करोड़ रुपये आंकी गई है।गिरफ्तार आरोपियों में राहुल कुमार, थाना गिद्धौर, जिला चतरा (झारखंड) का निवासी है, जबकि दूसरा आरोपी पश्चिमी चंपारण (बिहार) का रहने वाला है। आरोपियों के पास से 11 हजार रुपये नकद, एक बाइक और चार मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।पूछताछ में खुलासा हुआ है कि अफीम खरीदकर उससे हेरोइन तैयार की जाती थी और ऊंचे दाम पर सप्लाई की जाती थी। इस गिरफ्तारी के बाद चतरा जिले में अवैध अफीम की खेती और उससे जुड़े तस्करी नेटवर्क पर सवाल खड़े हो गए हैं। पुलिस पूरे गिरोह और सप्लाई चेन की जांच में जुटी है। जिला में नारकोटिश का केंद्रीय टीम जल्द ही करेगी बड़ा उद्भेदन।

## आरटीआई कार्यकर्ता संघ की बैठक, सूचना आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया पर गंभीर सवाल

पूर्वी सिंहभूम। जमशेदपुर में आरटीआई कार्यकर्ता संघ की केंद्रीय समिति की बैठक पुराना कोर्ट परिसर स्थित बाल मजदूर मुक्ति सेवा संस्थान में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष दिलबहादुर ने की। बैठक के बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन में संघ के पदाधिकारियों ने राज्य में सूचना आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए। केंद्रीय अध्यक्ष दिलबहादुर ने कहा कि सूचना आयुक्त और मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति सरकार का स्वागत योग्य कदम है, जो लंबे समय से संघ के आंदोलन और न्यायालयों में दायर याचिकाओं का परिणाम है।

## मेहता विकास मंच की बैठक में संगठन की मजबूती पर दिया गया बल

हजारीबाग। शहर स्थित पैराडाइज रिसार्ट में मेहता विकास मंच की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता मेहता विकास मंच के जिला अध्यक्ष नागेश्वर प्रसाद मेहता जबकि संचालन सलाहकार समिति के सदस्य ओमप्रकाश मेहता ने किया। बैठक में मुख्य रूप से संरक्षक मंडली के मुख्य संरक्षक पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता, संरक्षक जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता, संरक्षक वरिष्ठ नेता बटेश्वर प्रसाद मेहता, प्रदीप प्रसाद मेहता पूर्व प्रमुख राम लखन मेहता कृष्ण कुमार आदि शामिल थे। बैठक में मुख्य रूप से कई एजेंडे जैसे संगठन की मजबूती पर विचार विमर्श सदस्यता अभियान चलाए जाने पर विचार विमर्श कोष संग्रह हजारीबाग शहर में छात्रावास की व्यवस्था समेत समाज में सामाजिक कुरीतियों पर मुख्य रूप से विचार विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य संरक्षक पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा की मेहता विकास मंच के संगठन को गांव स्तर तक संगठन जोड़ने का मुहिम अविलंब चलाने की बात कही बैठक में मुख्य रूप से इन सभी के अलावे मंच के पूर्व अध्यक्ष जय नारायण प्रसाद मेहता मंच के जिला उपाध्यक्ष डेग नारायण प्रसाद मेहता बालेश्वर प्रसाद मेहता तुलसी प्रसाद मेहता प्रकाश कुमार मेहता सचिव बिंदेश्वरी प्रसाद मेहता संयुक्त सचिव अजय कुमार मेहता,धर्मेंद्र मेहता प्रेम प्रसाद मेहता जयप्रकाश मेहता, अयोध्या मेहता समेत दर्जनों लोग शामिल थे।

## होमगार्ड अभ्यर्थी से 10 लाख की मांग का आरोप, अपहरण की कोशिश से मचा हड़कंप

### खुद को पुलिसकर्मी बताकर घर से उठाने पहुंचे चार लोग, ग्रामीणों के जुटने पर भागे आरोपी

उज्जवल दुनिया संवाददाता

चतरा। जिले के राजपुर थाना क्षेत्र से एक गंभीर और सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक होमगार्ड अभ्यर्थी ने खुद को गिद्धौर थाना प्रभारी और पुलिसकर्मी बताने वाले लोगों पर जबरन उठाने और 10 लाख रुपये की अवैध मांग करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने इस संबंध में राजपुर थाना प्रभारी को लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करते हुए कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। आवेदक संदीप कुमार दांगी, पिता दशरथ दांगी, ग्राम बिन्धानी, पंचायत मदगड़ा, प्रखंड कान्हाचट्टी का निवासी है। उसने अपने आवेदन में बताया है कि वे वर्ष 2025 से कोलकाता स्थित ठरळक हावड़ा में रहकर उक्ळर का नियमित कोर्स कर रहा है। वर्तमान में चतरा जिले में होमगार्ड भर्ती प्रक्रिया चल रही है, जिसमें उसने आवेदन किया है और 7 अप्रैल को उसका फिजिकल टेस्ट निर्धारित है। संदीप के अनुसार, वो 21 मार्च 2026 को ही भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने के लिए अपने गांव आया है। इसी दौरान 4 अप्रैल को करीब 11 बजे दिन में, चार लोग एक बलेनो कार (रजिस्ट्रेशन नंबर खल02इत्र3806) से उसके घर पहुंचे। आरोप है कि सभी ने खुद को गिद्धौर थाना का बड़ा बाबू और पुलिसकर्मी के अलावे ड्राईवर बताते हुए उसपर ब्राउन शुगर का अवैध कारोबार करने का आरोप लगाते हुए जबरन गाड़ी में बैठाने का प्रयास किया। पीड़ित का कहना है कि जब परिवार वालों ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और 10 लाख रुपये देने पर छोड़ने की बात कही। पैसे देने से इनकार करने पर वे जबरदस्ती उठाकर ले जाने का प्रयास करने लगे। इसी बीच शोर सुनकर परिजन और अन्य ग्रामीण मौके पर जुट गए और स्थानीय पुलिस को बुलाने और जप्त ब्राउन सुगर दिखाने की बात कहते हुए सभी का वीडियो बनाने लगे। जिसके बाद सभी आरोपी बिना कुछ कहे मौके से भाग निकले। घटना के बाद संदीप कुमार दांगी ने राजपुर थाना को आवेदन देकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है। हालांकि संदीप को थाने से रिसिविंग नहीं मिली है। इधर इस घटना ने क्षेत्र में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। एसपी सुमित कुमार अग्रवाल नें सिमरिया एसडीपीओ शुभम खंडेलवाल को जांच का जिम्मा सौंपा है। अफीम तस्कर के साथ प्राइवेट कार से पहुँचे थे थाना प्रभारी, ग्रामीणों के विरोध के बाद हो गए रफूचक्कर दरअसल राजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बिंधानी गांव में शनिवार को अचानक हड़कंप मच गया था, जब एक ब्लू रंग की बलेनो कार (खल02इत्र3806) से सादे लिबास में पहुंचे गिद्धौर थाना प्रभारी ने तीन अन्य लोगों के साथ मिलकर एक युवक को जबरन उठाकर गाड़ी में बिठाने का प्रयास किया था। इस दौरान कार सवार लोगों के द्वारा खुद को गिद्धौर थाना पुलिस बताया था। इनलोगों नें संदीप दांगी नामक युवक को बिना किसी स्पष्ट पहचान या आधिकारिक प्रक्रिया के कार में बैठाने का प्रयास किया गया था। परिजनों और ग्रामीणों ने जब इसका विरोध किया और पहचान पूछी, तो युवक पर ड्रग्स कारोबार का आरोप लगाते हुए कथित तौर पर कार सवार लोगों के द्वारा मारपीट कर जख्मी भी कर दिया गया था। जिसके बाद घटना के दौरान शोर सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों के विरोध के बाद सहमे थाना प्रभारी पहले इधर उधर फोन करने लगे, फिर जब विरोध बढ़ता दिखा और ग्रामीण थाना प्रभारी के करतूतों का वीडियो बनाने लगे तो थानेदार अपने प्राइवेट लोगों के साथ वहां से फरार हो गए। सबसे आश्चर्य की बात तो यह है कि जिस प्राइवेट बलेनो कार से थाना प्रभारी अपना इलाका छोड़कर दूसरे थाना क्षेत्र में सादे लिबास में घुसे थे उसे कर को कोई थाना का चालक और सिपाही नहीं बल्कि थाना क्षेत्र का एक चर्चित अपराधी चल रहा था। जो खुद को कार्रवाई के दौरान वायरल वीडियो में चालक बताता दिख रहा है। चालक बिट्टू दांगी गिद्धौर थाना क्षेत्र का ही बताया जा रहा है। जो अफीम और पशु तस्करी समेत अन्य आपराधिक मामलों में गिद्धौर थाना पुलिस द्वारा पूर्व में जेल भेजा गया था।

**संदीप को फंसाने के जुगत में जुटे शिवा यादव**


सूचना है कि पीड़ित संदीप दांगी ने जब से राजपूर थाना में गिद्धौर थाना प्रभारी और उनके साथ गए लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने को लेकर आवेदन दिया है, तब से आरोपी शिवा यादव उल्टा संदीप को ही फर्जी केस में फंसाने को लेकर परेशान है। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार शिवा यादव राजपूर थाना का भी चक्कर काट रहे हैं, ताकि बैक डेट में संदीप के विरुद्ध फर्जी सनहा दर्ज कराया जा सके। जिसके आधार पर संदीप के विरुद्ध फर्जी कार्रवाई की नई पटकथा तैयार हो। इसे लेकर गिद्धौर थाना प्रभारी कई अन्य थाना प्रभारियो से संपर्क साध रहे हैं। हालांकि इन आरोपों की पुष्टि नहीं हुई है।

**वरीय अधिकारी मामले की करें निष्पक्ष जांच : पीड़ित**

वहीं पीड़ित संदीप ने कहा है कि मैं नियमित रूप से कोलकाता स्थित हावड़ा के जिस संस्थान में पढ़ाई कर रहा हूं, वहां बायोमेट्रिक सिस्टम से अपनी उपस्थिति दर्ज करता हूं। साथ ही मैं नियमित रूप से जो मोबाइल नंबर इस्तेमाल करता हूं, उसे भी मैंने थाना को दिया है। पुलिस के वरीय अधिकारियों से निवेदन है मेरे फोन कॉल के साथ-साथ बैंक खातों के अलावे मेरे आचरण की जांच कर लें। उसने कहा है कि अगर मैं अफीम तस्करी या ब्राउन शुगर तस्करी के मामले में तनिक भी संलिप्त हूं तो मेरे विरुद्ध सख्त कार्रवाई हो, लेकिन अगर मेरे संलिप्तता के साक्ष्य नहीं मिलते हैं तो मेरे साथ मारपीट और जबरन अपनी गाड़ी में उठाकर पैसे की मांग करने वाले बड़ा बाबू और अन्य पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की जाए।

## एक नजर

### 12 के जी वजनी दुर्गासप्तशी, कीमत रु 31,000. पीएम नरेंद्र मोदी ने पुस्तक का विमोचन, हजारीबाग में यहां बिकने आई




हजारीबाग। हजारीबाग के डाइट केंद्र में आयोजित पुस्तक मेला इन दिनों विद्यार्थियों, अभिभावकों और पुस्तक प्रेमियों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। मेले में देश के विभिन्न प्रतिष्ठित प्रकाशनों की हजारों पुस्तकें प्रदर्शित की गई हैं। जिनमें ज्ञान-विज्ञान, साहित्य, इतिहास, धर्म, प्रतियोगी परीक्षाओं और बच्चों की किताबें शामिल हैं। इस पूरे पुस्तक मेले में सबसे अधिक चर्चा 31 हजार रुपये मूल्य की विशेष संस्करण वाली श्री दुर्गासप्तशती को लेकर हो रही है। इस पुस्तक को यहां बेचने आए समय इंडियाह्व के प्रबंध न्यासी चंद्र भूषण ने बातचीत के दौरान बताया कि यह पुस्तक लगभग 13 किलो वजन की है और इसे विश्व की पहली इतनी विस्तृत सचित्र कृति माना जा रहा है। 816 पृष्ठों वाली इस पुस्तक को उच्च गुणवत्ता वाले आर्ट पेपर पर चार रंगों की प्रिंटिंग और विशेष कोटिंग के साथ तैयार किया गया है। इस पुस्तक की कीमत 31 हजार रुपए है।

### कोनरा में नौ दिवसीय श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा 7 मई से शुरू

बरही। बरही प्रखंड के कोनरा (पोस्ट ऑफिस के सामने) में आगामी 7 मई से 15 मई 2026 तक श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर महायज्ञ समिति द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। आयोजन को लेकर क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का माहौल बना हुआ है। आयोजन समिति की ओर से बताया गया कि 9 दिवसीय इस महायज्ञ के तहत प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। कार्यक्रम की शुरूआत 22 अप्रैल को ध्वजारोहण से होगी, जबकि 7 मई को प्रातः 6:30 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश, हवन, चंडी पाठ, आरती एवं प्रवचन जैसे धार्मिक कार्यक्रम क्रमवार आयोजित किए जाएंगे। महायज्ञ के दौरान 14 मई को मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा तथा रात्रि में जागरण का आयोजन होगा। वहीं अंतिम दिन 15 मई को पूणार्हुति, आरती, कन्या पूजन, साधु-ब्राह्मण भोजन एवं भंडारा का आयोजन किया जाएगा। साथ ही 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन भी होगा। महायज्ञ समिति ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे सपरिवार इस धार्मिक आयोजन में शामिल होकर पुण्य के भागी बने। पुजारी अनुज पांडे ने बताया कि यज्ञ की तैयारी को लेकर एक वृहद बैठक बाबा मनोकामेश्वर नाथ प्रांगण में सोमवार को 4 बजे से की जाएंगी।

## चास- चंदनकियारी रोड़ का गौरव बनकर उभरेगा इंजरी नदी तट पर नवनिर्मित भगवान परशुराम और संकटमोचन मंदिर

### श्री परशुराम सेवा समाज बाईसी ने रचा नया कीर्तिमान



हजारीबाग। हजारीबाग लोक सभा क्षेत्र के सांसद के मीडिया प्रभारी रंजन चौधरी ने बताया कि जगत के पालनहार भगवान विष्णु के छठवें अंशावतार, ज्ञान और शस्त्र के महान ज्ञाता भगवान परशुराम की महिमा भारतीय संस्कृति के कण-कण में रची-बसी है। देश के विभिन्न हिस्सों में उनकी पूजा-अर्चना बड़े ही श्रद्धा भाव से होती आई है, जिसमें झारखंड के गुमला का ऐतिहासिक टांगीनाथ धाम, केरल के तिरुवल्लम में करमना नदी के तट पर स्थित श्री परशुराम स्वामी मंदिर और हिमाचल प्रदेश के सिरमौर में माता रेणुका जी के सानिध्य में स्थित पावन धाम प्रमुख हैं। इसी गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए अब झारखंड के बोकारो जिले में चास-चंदनकियारी मार्ग पर इजरी नदी के पावन तट पर स्थित खामारबेंदी में भगवान परशुराम का एक भव्य और दिव्य मंदिर आकार ले चुका है, जो क्षेत्र के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक मानचित्र पर एक नया कीर्तिमान स्थापित करने को तैयार है। श्री परशुराम सेवा समाज बाईसी के अटूट संकल्प और अथक प्रयासों से निर्मित यह मंदिर परिसर करीब 15 डिसमिल के विस्तृत भूखंड में फैला है। मंदिर की स्थापत्य कला की भव्यता देखते ही बनती है, जिसे महाराष्ट्र के नांदेड़ से आए कुशल कारीगरों ने बड़ी ही बारीकी से तराशा है। मंदिर के मुख्य तोरण द्वार से लेकर गर्भगृह की बनावट तक, हर कोना दिव्य आभा बिखेरता है। रंजन चौधरी ने कहा कि यहां भगवान परशुराम की प्रतिमा को महेंद्र गिरी पर्वत की नैसर्गिक सज्जा के बीच स्थापित किया जाना है, जो श्रद्धालुओं को त्रेतायुग के उस शांत और शक्तिशाली परिवेश की अनुभूति कराएगा जहाँ भगवान परशुराम ने तपस्या की थी। इस प्रांगण में केवल आस्था ही नहीं, बल्कि सामाजिक सरोकारों का भी संगम होगा, क्योंकि यहाँ मंदिर के साथ-साथ संकटमोचन हनुमान मंदिर और दो मंजिला केंद्रीय कार्यालय भवन का भी निर्माण किया गया है। यह परिसर भविष्य में सामाजिक रीति-रिवाजों और संस्कारों के संपादन हेतु एक प्रमुख केंद्र के रूप में उभरेगा। कार्यालय भवन में निर्मित छह कमरों का मार्केट और विशाल हॉल शादी-विवाह, जनेऊ और अन्य मांगलिक कार्यों के लिए आने वाले लोगों को आधुनिक सुविधाएं प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि चास-चंदनकियारी मुख्य मार्ग और इजरी नदी के किनारे स्थित होने के कारण इस स्थल की प्राकृतिक सुंदरता और सुगमता इसे एक दर्शनीय पर्यटन केंद्र के रूप में भी स्थापित करती है। कई वर्षों के परिश्रम के बाद अब यह मंदिर अपने जीवंत स्वरूप में खड़ा है, जो समाज की सामूहिक शक्ति और भक्ति का परिचायक है। इस पावन धाम के लोकार्पण हेतु आगामी 17 अप्रैल 2026 से 21 अप्रैल 2026 तक भव्य प्राण प्रतिष्ठा सह महायज्ञ अनुष्ठान का आयोजन सुनिश्चित किया गया है। इस धार्मिक उत्सव के दौरान अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथावाचक प्राची देवी के प्रवचनों की अमृत वर्षा होगी, जो श्रद्धालुओं के लिए आत्मिक शांति और ज्ञान का मार्ग प्रशस्त करेगी। श्री परशुराम सेवा समाज बाईसी के सदस्य दिन-रात इस आयोजन को ऐतिहासिक और अभूतपूर्व बनाने में जुटे हुए हैं। यज्ञ मंडप, कथा स्थल, संत-महात्मा और यज्ञाचार्य का प्रवास स्थल निर्माण का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। निश्चित रूप से आने वाले समय में खामारबेंदी का यह मंदिर क्षेत्र की पहचान बनेगा और आने वाली पीढ़ियों के लिए आस्था, साहस और सामाजिक एकजुटता की प्रेरणा स्थली सिद्ध होगा। निर्माण कार्य में जुटे हर हाथ और संकल्पित हृदय को समाज का सादर नमन है। आप सभी के दिलेरी और जज्बे को हमारा बारंबार सलाम।

# बहिमर चौक पर भीषण सड़क हादसा

## दो बाइक की टक्कर में एक की मौत, दो गंभीर घायल

उज्जवल दुनियां संवाददाता





कटकमसांडी। कटकमसांडी प्रखंड अंतर्गत बहिमर चौक, हजारीबाग-चतरा मुख्य मार्ग पर सोमवार को एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दो मोटरसाइकिलों के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई, जिससे घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। इस भीषण हादसे में उमेश यादव (पिता झ चंदर यादव) की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं, दुर्घटना में घायल दो अन्य व्यक्तियों की हालत गंभीर बताई जा रही है।घटना की सूचना मिलते ही कटकमसांडी थाना प्रभारी शिवम गुप्ता दल-बल के साथ तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और तत्परता दिखाते हुए एम्बुलेंस की व्यवस्था कर घायलों को इलाज के लिए शेख भीखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल, हजारीबाग भेजवाया। स्थानीय लोगों के अनुसार, हादसा अत्यधिक तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण हुआ। दुर्घटना के बाद कुछ समय तक मार्ग पर यातायात भी प्रभावित रहा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मामले की जांच शुरू कर दी है। इस घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सड़क सुरक्षा को लेकर सख्त कदम उठाने की मांग की है।

## विष्णुगढ़ थाना परिसर में शांति समिति की बैठक, अंधविश्वास के खिलाफ सख्त चेतावनी



उज्जवल दुनिया संवाददाता

विष्णुगढ़। विष्णुगढ़ थाना परिसर में शनिवार को थाना शांति समिति के सदस्यों एवं पुलिस प्रशासन के बीच एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार ने की, जबकि संचालन शांति समिति सदस्य गुरु प्रसाद साव ने किया। इस दौरान स्थानीय पत्रकारों को भी आमंत्रित किया गया था।बैठक में हाल ही में हुई मासूम बच्ची की निर्मम हत्या के मामले पर विस्तार से चर्चा की गई। थाना प्रभारी सपन कुमार महथा ने बताया कि यह मामला बेहद संवेदनशील था, जिसे पुलिस-प्रशासन ने गंभीरता और बारीकी से जांच कर सुलझाया है। उन्होंने कहा कि इस हत्याकांड में अंधविश्वास एक बड़ी वजह बनकर सामने आया है और सभी आरोपी अब पुलिस हिरासत में हैं। थाना प्रभारी ने तंत्र-मंत्र, सोखा, ओझा, गुनी, भगत-भगतिन और झाड़-फूंक से जुड़े लोगों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि एक सप्ताह के भीतर ऐसे अवैध कार्य बंद कर दें, अन्यथा पुलिस कानून के तहत सख्त कार्रवाई करेगी। बैठक के दौरान जिला परिषद सदस्य शेख तैयब ने मामले का सफल खुलासा करने पर विष्णुगढ़ पुलिस-प्रशासन को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। वहीं, अंचलाधिकारी नित्यानंद दास ने लोगों से अपील की कि वे सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी साझा करने से बचें। बैठक के समापन पर बीडीओ अखिलेश कुमार ने कहा कि अंधविश्वास ने एक मासूम की जान ले ली, इसलिए अब इसकी जड़ पर प्रहार करना जरूरी है। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में प्रखंड के सभी पंचायतों में अंधविश्वास के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, जिसमें नुक्कड़ नाटक और अन्य माध्यमों से लोगों को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि इस हत्याकांड ने तीन परिवारों को प्रभावित किया है। प्रशासन द्वारा पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता दी जा चुकी है। साथ ही, आरोपी भगतिन के परिवार में कमाऊ सदस्य नहीं होने के कारण उनके तीन बच्चों के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा, राशन, गैस आदि की व्यवस्था भी प्रशासन द्वारा की जा रही है। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि समाज से अंधविश्वास खत्म करने के लिए सामूहिक प्रयास और जागरूकता बेहद जरूरी है।

## एलपीजी संकट के कारण लाखों घरों के रसोई पर पड़ा गहरा असर

उज्जवल दुनिया संवाददाता

हजारीबाग। जिले भर में वर्तमान समय में एलपीजी संकट के कारण लगभग लाखों घरों के रसोईघरों पर गहरा असर पड़ा है।जिसका मुख्य कारण पश्चिमी एशिया विशेषकर ईरान-इजराइल में चल रहा युद्ध और सप्लाई चेन में आई रुकावट है। गैस सिलेंडर की कमी के कारण बरही, इचाक,चौपारण, सदर प्रखंड, विष्णुगढ़, बरकट्ठा, चुरचू जैसे प्रखंडों में लोग फिर से लकड़ी के चूल्हों का उपयोग करने लगे हैं। बड़कागांव और केरेडारी, कटकमसांडी, कटकमदाग और सदर प्रखंड में मध्यवर्गीय परिवार कोयले का उपयोग करने को मजबूर हैं। कई घरों और हॉस्टलों में कम गैस खपत वाले भोजन जैसे चावल-दाल बनाए जा रहे हैं। चाय, कॉफी और चपाती जैसे अधिक ईंधन लेने वाले व्यंजनों को अस्थायी रूप से कम कर दिया गया है। गैस के लिए लंबी कतारें और रिफिल में देरी हो रही है। जिले के 40 प्रतिशत से अधिक घरों को सिलेंडर रिफिल के लिए लंबी प्रतीक्षा करनी पड़ रही है। लोग गैस एजेंसियों के बाहर घंटों कतारों में खड़े देखे जा रहे है। गैस की किल्लत के बीच घरेलू सिलेंडर के दामों में भी बढ़ोतरी हुई हैं 14.2 किग्रा सिलेंडर का दाम बढ़कर 972 रुपए हो गया है। जिससे आम जनता का बजट बिगड़ गया है। गैस की कमी से रेस्टोरेंट उद्योग को भारी नुकसान की आशंका है। कई छोटे होटलों ने अपना परिचालन कम कर दिया है शहर में गैस की कमी के कारण कई टिफिन सेवाएं बंद हो गई हैं, जिससे कामकाजी लोगों को भोजन मिलने में दिक्कत हो रही है। दिल्ली, मुंबई और हैदराबाद जैसे शहरों से प्रवासी मजदूर अपने गाँवों की ओर लौटने लगे हैं क्योंकि गैस की कमी और बढ़ती कीमतों के कारण उनके लिए शहरों में जीवन यापन करना कठिन हो गया है।हॉस्टल और लॉजहोने लगे खालीहजारीबाग में एलपीजी गैस की भारी किल्लत के कारण छात्राओं और अन्य छात्रों के हॉस्टल और लॉज खाली होने लगे हैं। गैस संकट इतना गंभीर हो गया है कि कई हॉस्टल मेस बंद होने की कगार पर हैं और विद्यार्थी मजबूरन अपने घर लौट रहे हैं। हॉस्टल और लॉज का खाली होने लगा है। शहर के कोर्रा, देवांगना, जबरा और बाबूगांव जैसे छात्र बहुल इलाकों के लॉज में रहने वाले छात्रों की संख्या आधी से भी कम रह गई है। कारण अधिकतर मेस में कटौती कर दी गई है। गैस की कमी के कारण हॉस्टल मेस में तीन समय के बजाय केवल दो समय भोजन दिया जा रहा है। कई मेस संचालकों ने छात्रों से खुद खाने का इंतजाम करने या घर लौटने को कह दिया है। दरअसल गैस की कीमतों में भारी उछाल आया है। छोटे सिलेंडर 5 किलो में गैस भरवाने की कीमत 90-100 प्रति किलो से बढ़कर 200 प्रति किलो तक पहुंच गई है। वह भीखोजे नहीं मिल रहा है। गैस न मिलने के कारण कई छात्र कोयले के चूल्हे पर खाना बनाने को मजबूर हैं, जो शहर के बीचों-बीच काफी कठिन है। इससे छात्राओं और छात्रों की समस्याएं उठ खड़ी हुई उस। छात्र-छात्राओं का बजट बिगड़ गया है। होटल में खाने की थाली जो पहले 30-40 में मिलती थी, अब उसकी कीमत 60-70 हो गई है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए पढ़ाई जारी रखना मुश्किल हो गया है। छात्र छात्राओं के सामने गैस कार्ड की समस्या बनी रहती है। वह बाजार में जहां तंहा से गैस जुगाड़ कर खाना बनाते हैं। स्थानीय पता न होने के कारण बाहरी जिलों गिरिडीह, चतरा, कोडरमा आदि के छात्रों के पास गैस कार्ड नहीं है, जिससे उन्हें ब्लैक में गैस खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। हजारीबाग की विभिन्न गैस एजेंसियों के बाहर उपभोक्ता और छात्र कई दिनों से चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन बुकिंग के बावजूद होम डिलीवरी और आपूर्ति ठप्प है।

### ऑल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप से पहले तैयारी तेज

रांचीः सिकोकई ऑल इंडिया ओपन कराटे थर्ड चैंपियनशिप का आयोजन रांची में आगामी एक मई 2026 से खेलगांव में आयोजित होगी। जिसे लेकर राज्य के कराटे खिलाड़ियों की तैयारी शुरू कर दी गई है। इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी के तत्वावधान में रविवार को रांची प्रेस क्लब में एक दिवसीय कराटे प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में खिलाड़ियों को एडवांस फाइटिंग तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का नेतृत्व एकेडमी के तकनीकी निदेशक रेंशी सुनील किस्पोट्टा ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों को वर्ल्ड कराटे फेडरेशन के नियमों की भी विस्तृत जानकारी दी, ताकि प्रतियोगिता के दौरान बेहतर प्रदर्शन किया जा सके।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान को लेकर भाजपा बरही पश्चिमी मंडल की तैयारी बैठक संपन्न

### आज होगा मंडल स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन

उज्जवल दुनिया संवाददाता



बरही। भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश एवं हजारीबाग जिला नेतृत्व के निदेशार्नुसार आगामी 06 अप्रैल को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का आयोजन किया जाना सुनिश्चित हुआ है। इसे लेकर बरही पश्चिमी मंडल द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। कार्यक्रम की सफलता को लेकर शनिवार को पंचमाधव स्थित सत्संग भवन में एक विशेष तैयारी बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, मंडल अध्यक्ष नागेश्वर रजक, सांसद प्रतिनिधि रंजीत चंद्रवंशी और स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र यादव ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मंडल अध्यक्ष नागेश्वर रजक ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन पंचमाधव के सत्संग भवन में होगा, जो पूर्णतः एक 24 घंटे का आवासीय प्रशिक्षण वर्ग होगा। कार्यक्रम की शुरूआत 06 अप्रैल 2026 को दोपहर 12:30 बजे से होगी, जिसका समापन अगले दिन 07 अप्रैल को दोपहर 12:00 बजे किया जाएगा। इस प्रशिक्षण वर्ग में कार्यकताओं के लिए रात्रि विश्राम, भोजन एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। सभी प्रतिभागियों को अपने साथ तौलिया, ब्रश, साबुन एवं कपड़े जैसी आवश्यक व्यक्तिगत सामग्री लाने का निर्देश दिया गया है। इस प्रशिक्षण वर्ग में मंडल में निवास करने वाले सभी जनप्रतिनिधि, मंडल कार्यसमिति, शक्ति केंद्र के संयोजक व सह-संयोजक, प्रदेश एवं जिला स्तर के पदाधिकारी, मंडल के सक्रिय सदस्य, सभी बूथ अध्यक्ष एवं एसआईआर हेतु नियुक्त सभी बीएलएझ2 कार्यकताओं की उपस्थिति अनिवार्य है। मंडल अध्यक्ष ने सभी अपेक्षित कार्यकताओं से अपील की है कि वे समय पर पंजीकरण हेतु दोपहर 12:30 बजे तक कार्यक्रम स्थल पर अवश्य पहुंचें और अपने साथी कार्यकताओं को भी इसकी सूचना दें।

## कोनरा पंचायत के दरगाह मोहल्ला में नशामुक्ति को लेकर अहम बैठक, युवाओं को नशे से बचाने हेतु अभियान तेज करने का निर्णय

### मोहल्लों में जल्द शुरू होगा जनजागरूकता अभियान

उज्जवल दुनिया संवाददाता



बरही। रविवार को कोनरा पंचायत के दरगाह मोहल्ला में बढ़ते नशे के प्रकोप को रोकने व नशामुक्ति अभियान को गति देने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन पंचायत कमिटी एवं पंचायत प्रतिनिधियों के साथ ग्रामवासियों द्वारा किया गया। बैठक की अध्यक्षता दरगाह मोहल्ला पंचायत कमिटी के अध्यक्ष मो. खुर्शीद ने की, जबकि संचालन कोषाध्यक्ष मो. अशफाक ने किया। बैठक में युवाओं के बीच तेजी से फैल रहे विभिन्न प्रकार के नशा जैसे जानलेवा नशे पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। इस समस्या पर सामूहिक रूप से रोक लगाने के लिए एक विशेष समिति बनाने, नशा करने वालों पर निगरानी बढ़ाने तथा जनप्रतिनिधियों और पुलिस प्रशासन के सहयोग से कठोर कार्रवाई करने पर सर्वसम्मति बनी। निर्णय लिया गया कि कोनरा पंचायत के विभिन्न मोहल्लों में भी जल्द जागरूकता बैठकें आयोजित की जाएगी। बैठक में मुखिया प्रतिनिधि मो. ताजुद्दीन ने कहा कि नशा का खतरा तेजी से युवाओं और बच्चों तक पहुँच रहा है, जो आने वाले समय में गंभीर परिणाम ला सकता है। इसलिए समाज को मिलकर नशामुक्ति अभियान में सहयोग देना चाहिए। पंसस प्रतिनिधि मोहम्मद सगीर ने कहा कि नशे की वजह से घरेलू हिंसा बढ़ी है और कई परिवार टूटने की कगार पर हैं। इसे रोकना बेहद जरूरी है। दरगाह मोहल्ला पंचायत कमिटी अध्यक्ष मो. खुर्शीद ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति नशा करते या गलत गतिविधि में पकड़ा जाता है, तो उसे प्रशासन के हवाले किया जाए और सामाजिक बहिष्कार भी किया जाए। सचिव रिजवान अली ने अभिभावकों से अपने बच्चों पर विशेष निगरानी रखने की अपील की तथा नशे के दुष्परिणाम बताकर उन्हें इससे दूर रखने की सलाह दी। कोषाध्यक्ष अशफाक अंसारी ने कहा कि नशे ने कई परिवारों को बर्बाद कर दिया है, इसलिए नशे पर पूर्ण प्रतिबंध जरूरी है। उप कोषाध्यक्ष मोहम्मद जियाउद्दीन अंसारी ने ग्रामीणों से अपील की कि यदि कोई व्यक्ति नशा करके घर पहुँचता है या नशे की गतिविधि में शामिल है तो तुरंत कमिटी को सूचना दें, ताकि उसे नशामुक्ति केंद्र भेजा जा सके। मो. नसीम अंसरी ने कहा कि शिक्षा ही समाज की प्रगति का मार्ग है, जबकि नशा एक ऐसा अभिशाप है जो परिवार और समाज दोनों को नष्ट कर देता है। बैठक में मो. ताजुद्दीन (मुखिया प्रतिनिधि), मोहम्मद सगीर (पंसस प्रतिनिधि), मोहम्मद खुर्शीद (अध्यक्ष, दरगाह मोहल्ला पंचायत कमिटी), रिजवान अली (सचिव), मो. वसीम (उप सचिव), अशफाक अंसारी (कोषाध्यक्ष), जियाउद्दीन अंसारी (उप कोषाध्यक्ष), मो. सलीम (संरक्षक), मोहम्मद कलीम, मो. इस्लाम, करीमुद्दीन अंसारी, मो. उस्मान, कादिर हुसैन, मो. अमजद, मो. नसीम अंसारी, मो. जलील, निसार अली, नियाजुल अंसारी, शबा अहमद, मो. हसन, जानी सलमान, मो. शमशेर, इनामुल हसन, मो. रकीब, मो. जहूर, जमील अहमद, मकसूद आलम, गुलाम रसुल, मो. साबिर, शामिल अख़्तर, मो. इफ्तेखार, मो. इरशाद, निजाम उद्दीन, मो. शमीम, आबिद अंसारी सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

## विष्णुगढ़ थाना परिसर में शांति समिति की बैठक, अंधविश्वास के खिलाफ सख्त चेतावनी

विष्णुगढ़। विष्णुगढ़ थाना परिसर में शनिवार को थाना शांति समिति के सदस्यों एवं पुलिस प्रशासन के बीच एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार ने की, जबकि संचालन शांति समिति सदस्य गुरु प्रसाद साव ने किया। इस दौरान स्थानीय पत्रकारों को भी आमंत्रित किया गया था।बैठक में हाल ही में हुई मासूम बच्ची की निर्मम हत्या के मामले पर विस्तार से चर्चा की गई। थाना प्रभारी सपन कुमार महथा ने बताया कि यह मामला बेहद संवेदनशील था, जिसे पुलिस-प्रशासन ने गंभीरता और बारीकी से जांच कर सुलझाया है। उन्होंने कहा कि इस हत्याकांड में अंधविश्वास एक बड़ी वजह बनकर सामने आया है और सभी आरोपी अब पुलिस हिरासत में हैं। थाना प्रभारी ने तंत्र-मंत्र, सोखा, ओझा, गुनी, भगत-भगतिन और झाड़-फूंक से जुड़े लोगों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि एक सप्ताह के भीतर ऐसे अवैध कार्य बंद कर दें, अन्यथा पुलिस कानून के तहत सख्त कार्रवाई करेगी। बैठक के दौरान जिला परिषद सदस्य शेख तैयब ने मामले का सफल खुलासा करने पर विष्णुगढ़ पुलिस-प्रशासन को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। वहीं, अंचलाधिकारी नित्यानंद दास ने लोगों से अपील की कि वे सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी साझा करने से बचें। बैठक के समापन पर बीडीओ अखिलेश कुमार ने कहा कि अंधविश्वास ने एक मासूम की जान ले ली, इसलिए अब इसकी जड़ पर प्रहार करना जरूरी है। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में प्रखंड के सभी पंचायतों में अंधविश्वास के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, जिसमें नुक्कड़ नाटक और अन्य माध्यमों से लोगों को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि इस हत्याकांड ने तीन परिवारों को प्रभावित किया है। प्रशासन द्वारा पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता दी जा चुकी है। साथ ही, आरोपी भगतिन के परिवार में कमाऊ सदस्य नहीं होने के कारण उनके तीन बच्चों के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा, राशन, गैस आदि की व्यवस्था भी प्रशासन द्वारा की जा रही है।

## एक नजर

### श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में ग्यारहवीं में नामांकन को लेकर बढ़ी अभिभावकों की रुचि



बरही। देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा ग्यारहवीं में नामांकन को लेकर अभिभावकों एवं विद्यार्थियों की रुचि लगातार बढ़ती जा रही है। नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ के बाद विद्यालय में एडमिशन प्रक्रिया ने गति पकड़ ली है। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, विज्ञान एवं मानविकी संकाय में नामांकन जारी है और सीमित सीटों के कारण जल्द एडमिशन लेने की अपील की गई है। प्रबंधन ने बताया कि 6 अप्रैल से डेमो क्लास शुरू की जा रही है, जिसमें छात्र-छात्राओं के साथ अभिभावक भी शामिल होकर शिक्षण व्यवस्था, शिक्षकों की गुणवत्ता एवं कक्षा के वातावरण का प्रत्यक्ष अनुभव कर सकते हैं। विद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ जेईई मेंस, नीट, क्लैट एवं सीयूईटी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिससे विद्यार्थियों को अपने करियर की दिशा तय करने में मदद मिलेगी। प्राचार्य कैलाश कुमार ने कहा कि हमारा उद्देश्य सिर्फ पढ़ाई कराना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को उनके लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए सही मार्गदर्शन देना है। कक्षा ग्यारहवीं से ही यदि सही दिशा मिल जाए तो छात्र बड़े लक्ष्य आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। वहीं विद्यालय प्रबंधक विकास सिंह ने कहा कि हम बच्चों को ऐसा माहौल देते हैं जहां अनुशासन, गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धी परीक्षा की तैयारी एक साथ मिलती है। अभिभावकों से अपील है कि सीमित सीटों को ध्यान में रखते हुए जल्द नामांकन कराएं। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुशासित माहौल ही विद्यालय की पहचान है और यही कारण है कि अभिभावकों का भरोसा लगातार बढ़ रहा है।

### बड़कागांव थाना प्रभारी की तत्परता से 12 घंटे में नाबालिग बरामद, आरोपी गिरफ्तार




बड़कागांव। बड़कागांव थाना क्षेत्र में पुलिस की तत्परता का एक शानदार उदाहरण सामने आया है। थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने महज 12 घंटे के भीतर नाबालिग बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया और आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार, एक पीड़ित महिला ने बड़कागांव थाना में आवेदन देकर बताया कि उसकी नाबालिग बेटी को एक युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ लेकर फरार हो गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने तुरंत संज्ञान लिया और टीम को निर्देश दिया कि हर हाल में 24 घंटे के भीतर बच्ची को खोज निकाला जाए। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए विभिन्न संभावित ठिकानों पर छापेमारी शुरू की। लगातार प्रयास के बाद महज 12 घंटे के अंदर ही बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान पंकज करमाली, पिता मघा करमाली, निवासी चेपाखुर्द के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। बच्ची को सुरक्षित उसके परिजनों के हवाले कर दिया गया, जिससे परिवार ने राहत की सांस ली। वहीं, इस त्वरित कार्रवाई को लेकर क्षेत्र के ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने थाना प्रभारी की कार्यशैली की जमकर सराहना की और कहा कि ऐसे सक्रिय एवं जिम्मेदार अधिकारी के कारण ही आम जनता का पुलिस पर भरोसा मजबूत होता है।

### कटकमसांडी चौक स्थित हजारीबाग चतरा के मुख्य मार्ग पर भद्रकाली टीवीएस शो रूम का भव्य शुभारंभ, क्षेत्रवासियों में उत्साह




कटकमसांडी। कटकमसांडी चौक स्थित हजारीबागझचतरा मुख्य मार्ग पर आज भद्रकाली टीवीएस शो रूम का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य लोगों, व्यवसायियों एवं स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को खास बना दिया। शो रूम के उद्घाटन समारोह का आयोजन विधिवत पूजा-अर्चना और फीता काटकर किया गया। शुभारंभ के दौरान उपस्थित अतिथियों ने कहा कि इस नए टीवीएस शो रूम के खुलने से कटकमसांडी और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को अब बेहतर सुविधा अपने ही क्षेत्र में उपलब्ध होगी। पहले वाहन खरीदने और सर्विसिंग के लिए लोगों को दूर जाना पड़ता था, लेकिन अब यह सुविधा स्थानीय स्तर पर ही मिल सकेगी। शो रूम के मालिक बबलू प्रसाद और कुलदीप यादव ने बताया कि शो रूम में टीवीएस के आधुनिक एवं आकर्षक दोपहिया वाहनों की पूरी रेंज उपलब्ध कराई गई है, जिसमें बाइक और स्कूटी दोनों शामिल हैं। साथ ही ग्राहकों के लिए फाइनेंस, सर्विसिंग और स्पेयर पार्ट्स की भी समुचित व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि इस तरह के प्रतिष्ठान क्षेत्र के विकास और रोजगार के अवसर बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। स्थानीय युवाओं को भी इससे रोजगार मिलने की उम्मीद जताई गई। उद्घाटन के मौके पर भारी संख्या में लोग मौजूद रहे और सभी ने नए शो रूम के संचालन के लिए शुभकामनाएं दीं। क्षेत्रवासियों ने इसे कटकमसांडी के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। कुल मिलाकर, भद्रकाली टीवीएस शो रूम का शुभारंभ कटकमसांडी क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है, जिससे लोगों को सुविधा, रोजगार और आधुनिक सेवाओं का लाभ मिलेगा।

### हाथी के हमले से घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

कोडरमा,। कोडरमा जिले मे हाथी के उत्पात से लोग भयभीत हैं। 10 दिनों के अंदर हाथी ने चार लोगों की जान ले ली है। वन विभाग की टीम हाथियों को भगाने में लगातार विफल रह रही है। और इसका खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। कोडरमा थाना क्षेत्र के पथडीहा गांव से सटे एक होटल में शुक्रवार की रात हाथी ने मरकच्चो के रहने वाले 35 वर्षीय उपेंद्र साव उर्फ. छोटू कुमार को गंभीर रूप से घायल कर दिया था। घायल को इलाज के लिए रांची रिम्स ले जाया गया था। इलाज के बाद शनिवार की देर शाम उसे कोडरमा ले आया गया। वहीं रविवार की सुबह उसकी तबीयत बिगड़ने पर इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया जहां उसकी मौत हो गई। डोमचांच रेंज ऑफिसर रविंद्र कुमार ने मृतक के परिजन को 25 हजार का सहायता राशि दिया है। हाथी से मौत के बाद चार लाख मुआवजा देने का प्रावधान है। कागजी कार्रवाई के बाद शेष राशि उनके परिजनों को दिया जाएगा।

## गांव से राष्ट्रीय मंच पर चमके चंदनकियारी के 11 सितारे, सम्मान से बढ़ा हौसला

# यह अंत नहीं, नई शुरूआत, बेहतर संसाधन और बड़े लक्ष्य पर दिया जोर : विधायक

### चंदनकियारी के खिलाड़ियों का कमाल : राष्ट्रीय मंच पर चमके 11 सितारे, सम्मान से बढ़ा हौसला

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**बोकारो।** छत्तीसगढ़ में आयोजित खेलो इंडिया राष्ट्रीय जनजातीय खेल तथा चंडीगढ़ में आयोजित राष्ट्रीय रिले चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चंदनकियारी के खिलाड़ियों ने जिले ही नहीं, बल्कि पूरे राज्य का नाम रोशन किया है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर रविवार को गोपनीय स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित सम्मान समारोह में 11 खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। समारोह में उमाकांत रजक एवं उपायुक्त अजय नाथ झा ने खिलाड़ियों को पौधा, अंगवस्त्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान जिला खेल पदाधिकारी हेमलता बून, कोच आशु भाटिया सहित खेल जगत से जुड़े अन्य लोगों को भी सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में विधायक उमाकांत रजक ने कहा कि यह उपलब्धि खिलाड़ियों की यात्रा का अंत नहीं, बल्कि एक नई शुरूआत है। सीमित संसाधनों के बावजूद खिलाड़ियों ने जिस दृढ़ इच्छाशक्ति और मेहनत के दम पर यह मुकाम हासिल किया है, वह पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने खिलाड़ियों को अनुशासन, निरंतर अभ्यास और आत्मविश्वास बनाए रखने की सलाह देते हुए व्यावहारिक सुझाव दिया कि बालू (रेत) में दौड़ लगाने से उनकी शारीरिक क्षमता, संतुलन और सहनशक्ति में वृद्धि होगी। साथ ही उन्होंने आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन खिलाड़ियों को प्रशिक्षण, उपकरण और अन्य आवश्यक संसाधनों की हर संभव सुविधा उपलब्ध कराएगा। वहीं उपायुक्त अजय नाथ झा ने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने सपनों को सीमित न रखें, बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने का लक्ष्य तय करें। उन्होंने कहा कि बड़े खिलाड़ियों के प्रदर्शन से सीख लेकर खुद को उसी स्तर तक तैयार करना होगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि खेल में हार और जीत दोनों समान रूप से महत्वपूर्ण हैं तथा असफलता अंत नहीं, बल्कि सीखने का अवसर होती है। भागीदारी को सफलता की पहली सीढ़ी बताते हुए उन्होंने खिलाड़ियों से जिला, राज्य और देश का नाम रोशन करने का आह्वान किया। प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक अपने नाम किए। शिव कुमार सोरेन ने 100 मीटर, 200 मीटर एवं 400 मीटर मिश्रित रिले में स्वर्ण पदक जीतकर सबको प्रभावित किया, जबकि नेहा खालखो ने 10,000 मीटर वॉक में स्वर्ण पदक हासिल किया। आशा किरण बरला ने 1600 मीटर रिले में स्वर्ण, अरश्नान अली ने 400 मीटर मिश्रित रिले में स्वर्ण तथा 400 मीटर में कांस्य पदक जीता। दीपक टोप्पो ने 400 मीटर रिले में रजत, अनामिका उरांव ने 200 मीटर में रजत और जैकलिन खेस ने 1600 मीटर रिले में कांस्य पदक प्राप्त किया। वहीं जगदीश उरांव, आरती मेहता, सपना कुमारी एवं हीरा सांगा ने भी पदक भले न जीते हों, लेकिन अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से अपनी प्रतिभा का मजबूत परिचय दिया। खिलाड़ियों की यह सफलता उनके वर्षों के कठिन परिश्रम, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने यह साबित कर दिया है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत सच्ची हो, तो कोई भी बाधा सफलता के मार्ग में रुकावट नहीं बन सकती। मौके पर एनडीसी प्रभाष दत्ता, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### चिन्मय मिशन के 75वें वर्ष पर भव्य आयोजन, संतों के सानिध्य में विश्व कल्याण की कामना



**बोकारो (चास)।** चिन्मय मिशन के स्थापना के 75वें वर्ष के अमृत महोत्सव तथा श्री रामदूत हनुमान जी के प्राण प्रतिष्ठा के चतुर्थ वार्षिक उत्सव के उपलक्ष्य में चिन्मय मिशन चास द्वारा जनवृत 1 बी स्थित हंस मंडप प्रांगण में विराट हनुमान चालीसा पाठ एवं हवन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान हनुमान चालीसा के प्रत्येक दोहे के साथ यज्ञ में अग्निदेव को आहुति दी गई। हजारों श्रद्धालुओं ने एक साथ हनुमान चालीसा का पाठ एवं भजन में भाग लेकर पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। आयोजन का उद्देश्य विश्व कल्याण एवं शांति की कामना बताया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में बोकारो इस्पात प्रबंधन के प्रभारी निदेशक प्रिया रंजन उपस्थित रहे। अपने संबोधन में उन्होंने आध्यात्मिकता और सामूहिक प्रार्थना के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर निगम की नवनिर्वाचित उप महापौर पूजा कुमारी भी मौजूद रहीं।कार्यक्रम में नगर के अन्य गणमान्य नागरिकों एवं चिन्मय मिशन के वरिष्ठ सदस्यों की भी सक्रिय सहभागिता रही। जैसे ही हनुमान चालीसा पाठ प्रारंभ हुआ, पूरा वातावरण भक्तिरस में डूब गया। इस दौरान चिन्मय विद्यालय के संगीत शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रस्तुति से माहौल को और अधिक आध्यात्मिक बना दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में चिन्मय युवा केंद्र, चिन्मय बाल विहार, देवी ग्रुप एवं स्वाध्याय मंडल के सदस्यों ने प्रतिकूल मौसम के बावजूद महत्वपूर्ण योगदान दिया।कार्यक्रम का संचालन एवं समापन कानपुर से पधारे परम पूज्य स्वामी राघवानंद, बोकारो चिन्मय मिशन की आचार्या स्वामिनी संयुक्तानंद तथा महाराष्ट्र के अंकोला से आए परम पूज्य स्वामी केशवानंद के मार्गदर्शन में किया गया। चिन्मय विद्यालय के अध्यक्ष विश्वरूप मुखोपाध्याय, सचिव महेश त्रिपाठी, प्राचार्य सूरज शर्मा, वरीय उप प्राचार्य नरेंद्र कुमार, उप प्राचार्य डॉ. रोशन शर्मा एवं चिन्मय मिशन चास के अध्यक्ष राजू पांडेय ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### 248वीं शहादत दिवस पर गूंजा आपन गांव, आपन राज का संदेश



**बोकारो।** रघुनाथ महतो की 248वीं शहादत दिवस के अवसर पर रघुनाथ महतो स्मारक समिति की ओर से प्रखंड के सितानाला स्थित रघुनाथ महतो पथ के समीप श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए गए। अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष उत्तम कुमार महतो ने की, जबकि संचालन किसान नेता राजू रजवार ने किया। अध्यक्ष उत्तम कुमार महतो ने कहा कि ईस्ट इंडिया कम्पनी की दमनकारी नीतियों के खिलाफ देश में पहली बार आवाज उठाने वाले और देश के प्रथम शहीद रघुनाथ महतो के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने की जरूरत है। वहीं किसान नेता कुमुद महतो ने कहा कि चुआड़ विद्रोह के दौरान रघुनाथ महतो ने झरिया के राजा को पराजित करने के बाद 25 जुलाई 1774 को चंदनकियारी स्थित दामोदर नदी किनारे पांच हजार से अधिक लोगों की विशाल सभा कर 'आपन गांव, आपन राज, भागाआ परदेशियाक राज' का नारा दिया, जो आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने मांग की कि शहीद की जीवन गाथा को भारतीय इतिहास में उचित स्थान दिया जाए तथा उनके जन्म जयंती एवं शहादत दिवस पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया जाए। किसान नेता सह समिति के संरक्षक जगन्नाथ रजवार ने कहा कि वर्तमान समय में सामाजिक असुरक्षा, किसानों की समस्याएं, पलायन और जनविरोधी नीतियों के बीच शहीद रघुनाथ महतो के विचारों को आत्मसात करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में झामुमो के संस्थापक सदस्य दुर्गा चरण महतो, किसान नेत्री नुनीवाला उरांव, संतोष महतो, अजीत महाथा, मधुसूदन महतो, गिरीधारी महतो, विभीषण महतो, जन्मेंजय महतो, भागीरथ महतो सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### 11 हजार वोल्ट का करंट लगने से बंदर घायल

**एग्यारकुंड।** निरसा विधानसभा क्षेत्र के पांड्रा मोड़ में रविवार सुबह लगभग 10:30 बजे एक हृदयविदारक घटना सामने आई, जब रूरल फीडर के ट्रांसफार्मर से एक बंदर को 11 हजार वोल्ट का तेज करंट लग गया। करंट का झटका इतना जबरदस्त था कि बंदर पोल से छिटककर काफी दूर जा गिरा। घटना के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तुरंत मानवता का परिचय देते हुए घायल बंदर को सुरक्षित स्थान पर लाकर व्यवस्थित रूप से बैठाया। तत्पश्चात उन्होंने पशु सहायता हेतु 1962 पशु हेल्पलाइन पर कॉल किया, लेकिन काफी प्रयास के बावजूद न तो कोई एंबुलेंस पहुंची और न ही किसी प्रकार की चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराई गई।बंदर की गंभीर स्थिति को देखते हुए स्थानीय लोगों ने पशु चिकित्सक डॉ. प्रदीप मंडल को फोन कर सूचना दी। सूचना मिलते ही डॉ. मंडल तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और घायल बंदर को प्राथमिक उपचार प्रदान किया। उन्होंने आवश्यक दवाइयां भी दीं और पूरी निष्ठा के साथ सेवा की। विशेष बात यह रही कि डॉ. मंडल ने यह संपूर्ण उपचार निःशुल्क किया। जब स्थानीय लोगों ने दवाइयों के बदले उन्हें कुछ पैसे देने की कोशिश की, तो उन्होंने यह कहते हुए मना कर दिया कि यह एक सेवा कार्य है, इसके लिए मैं कोई शुल्क नहीं ले सकता। यह घटना जहां एक ओर सरकारी पशु चिकित्सा व्यवस्था की संवेदनहीनता को उजागर करती है, वहीं दूसरी ओर एक चिकित्सक की मानवीय संवेदनशीलता और समर्पण का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत करती है। डॉ. मंडल ने बताया कि प्राथमिक उपचार के बाद बंदर की स्थिति अब खतरे से बाहर है और जल्द ही उसके पूरी तरह स्वस्थ होने की उम्मीद की है।

### गोपिनाथडीह में दो दिवसीय पंडित दिनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान का समापन

**पुटकी।** गोपिनाथडीह बस्ती के सामुदायिक भवन में भाजपा धनबाद प्रखण्ड अध्यक्ष गौतम सिंह चौधरी के अध्यक्षता में दो दिवसीय पंडित दिन दयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान का समापन धनबाद के पूर्व सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने किए उन्होंने सम्बोधित कर कहा कि भाजपा एक विचारधारा की पार्टी है। एवं कार्यकर्ता संघठन की रीढ़ है। ये अन्य राजनितिक पार्टी से बिल्कुल भिन्न है। जनसंघ के समय से हमारे पार्टी के लोगो ने काफी बलिदान दिए है। हमारे महापुरुषों सँघर्ष व त्याग के कारणों से आज भाजपा स्वर्णीमकाल मे पहुँची है। स्थापना काल के प्रथम चुनाव में पार्टी के 2 सीट जीते थे उसके बाद लगातार पार्टी ने संघर्ष कर लगातार तीसरी बार केंद्र में हमारी सरकार है। मोदी जी के नेतृत्व में देश मे एक से एक ऐतिहासिक कार्य हो रहे है।

## बोकारो स्टील वर्कर्स यूनियन के मिलन समारोह में उठे बड़े मुद्दे

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील वर्कर्स यूनियन द्वारा रविवार को सिटी पार्क में कार्यकर्ता मिलन समारोह सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में मजदूर एवं कर्मचारी शामिल हुए। अध्यक्षता यूनियन के अध्यक्ष रघुनाथ महतो ने की, जबकि संचालन महामंत्री दीनानाथ पांडेय द्वारा किया गया। शुभारंभ बोकारो स्टील प्लांट के डिरेक्टर इंचार्ज प्रियरंजन, जीएम पर्सनल बी. एम. बक्शी एवं बीजीएच के चीफ मेडिकल ऑफिसर डॉ. आनंद कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।इस दौरान बोकारो स्टील प्लांट के कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। साथ ही विस्थापितों के मुद्दों को भी गंभीरता के साथ रखा गया। यूनियन ने संबंधित पक्षों से इन समस्याओं के शीघ्र एवं न्यायसंगत समाधान की मांग की। अध्यक्ष रघुनाथ महतो ने कहा कि चाहे ठेका मजदूर हों या बीएसएल के स्थायी कर्मचारी, किसी के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। महामंत्री दीनानाथ पांडेय ने कहा कि यूनियन प्रबंधन के साथ मिलकर बोकारो स्टील प्लांट की प्रगति चाहती है, लेकिन कर्मचारियों के अधिकारों से समझौता नहीं किया जाएगा। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में माइनॉरिटी के प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी, बोकारो जिला कांग्रेस अध्यक्ष जवाहर महत्था एवं मेयर प्रत्याशी जमील अख्तर उपस्थित रहे। इसके अलावा संतोष सिंह, अयूब अंसारी, सरफराज चिश्ती, मिराज अंसारी, रमेश कुमार, संजय दास, अशोक कुमार, दिनेश चंद्रा, डॉ. सुरेंद्र, विजय गुप्ता, कृष्ण कुमार त्रिपाठी एवं आर. के. शर्मा सहित कई लोगों ने अपने विचार रखे।

## चिन्मय बोकारो एलमुनाई एसोसिएशन ने आयोजित किया महादान-रक्तदान

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**बोकारो।** सेवा एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के उत्कृष्ट उदाहरण के रूप में चिन्मय विद्यालय, बोकारो में चिन्मय विद्यालय एलुमनी एसोसिएशन एवं चिन्मय विद्यालय परिवार द्वारा सदर अस्पताल बोकारो के सहयोग से एक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन शनिवार को किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री रंजीत कुमार - उप श्रमायुक्त बोकारो, डॉ. मैथली ठाकुर - एमओआईसी ब्लड सेंटर सदर अस्पताल बोकारो और डॉ. प्रशांत कुमार - मनोचिकित्सक और प्रोग्राम ऑफिसर एनएमएचपी, मौजूद रहे। साथ ही, चिन्मय मिशन बोकारो की निवासीय आचार्या स्वामिनी संयुक्तानंदा सरस्वती, विद्यालय के अध्यक्ष श्री बिस्वरूप मुखोपाध्याय, सचिव श्री महेश त्रिपाठी, प्राचार्य श्री सूरज शर्मा, वरीय उप प्राचार्य श्री नरमेंद्र कुमार और उप प्राचार्य डॉ. रोशन शर्मा भी मौजूद रहे। सुबह 10 बजे से ही विद्यालय के बाहर रक्तदान करने वालों का तांता नजर आने लगा। यह आयोजन एलुमनी एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री रंजीत कुमार के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिनकी समाजसेवा की भावना इस पहल में स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई। उनके साथ इस कार्य में एसोसिएशन के मंत्री श्री शशिकांत, डॉ. पल्लव, श्री शैबाल गुप्ता, श्रीमती सोनाली, श्री संजीव मिश्रा, अमृता, नेहा, श्री चंदन बाँठिया एवं श्री अंकित जैन ने सक्रिय भूमिका निभाई। एसोसिएशन के सदस्यों के साथ विद्यालय के शिक्षक - शिक्षिकाओं ने भी रक्तदान किया। प्राचार्य श्री सूरज शर्मा ने भी अपनी भागीदारी दर्ज कराई। कुल 60 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया, जो समाज के अनेक जरूरतमंद लोगों के लिए जीवनदायिनी सिद्ध होगी। गर्मी को देखते हुए विशेष पहल गर्मी के मौसम को देखते हुए, थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों के लिए अतिरिक्त रक्त की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए इस शिविर का आयोजन किया गया। रक्त की कमी की स्थिति को समझते हुए इस अभियान को एक कुशल नेतृत्व में संचालित किया गया, जो समाज के लिए एक प्रेरणादायक मिसाल है। सचिव श्री महेश त्रिपाठी और प्राचार्य श्री सूरज शर्मा ने एलुमनाई एसोसिएशन का इस पहल के लिए धन्यवाद किया और सदर अस्पताल को आयोजन को सफल बनाने के लिए बधाई दी।

## ह्यूमैनिटी हेल्पिंग हैंड्स ने रक्तदान सह सम्मान समारोह का आयोजन कर मनाई 8वीं वर्षगांठ

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**धनबाद।** जिले के ब्लड बैंकों में खून की कमी को देखते हुए ह्यूमैनिटी हेल्पिंग हैंड्स द्वारा अपनी 8वीं वर्षगांठ के अवसर पर मेमको मोड़ स्थित मिलानो एंड बैंक्वेट में विशाल रक्तदान शिविर सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि समाजसेवी स्वेता किन्नर रहीं, जिनकी उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की। उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए रक्तदान को ्रमहादान्र बताते हुए सभी से आगे आकर इस पुनीत कार्य में भाग लेने की अपील की। रक्तदान शिविर के मुख्य संयोजक एवं ह्यूमैनिटी हेल्पिंग हैंड्स के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष गौतम कुमार मंडल ने शिविर का शुभारंभ करते हुए रक्तवीरों एवं रक्त-वीरांगनाओंको सम्मानित किया। इस शिविर में कुल 104 यूनिट रक्त संग्रह किया गया, जिसका संकलन सजस ब्लड सेंटर, धनबाद द्वारा किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवियों, बुद्धिजीवियों, रक्तवीरों एवं रक्त-वीरांगनाओं की भारी उपस्थिति रही, जिससे यह आयोजन एक भव्य जनसमर्थन वाला सामाजिक कार्यक्रम बन गया। मौके पर ह्यूमैनिटी हेल्पिंग हैंड्स के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष गौतम कुमार मंडल, केंद्रीय संगरक्षक अनुप कुमार मंडल, केंद्रीय सचिव रोहित मंडल, कोषाध्यक्ष पिंटू पांडेय, केंद्रीय सदस्य अमित रवानी, अजय महतो, दिव्या स्वेताभ, मुस्कान कुमारी, चिरंजित मंडल, प्रकाश कुमार, संजय मंडल, राजीव कुमार, मुकेश कुमार मंडल , राजकुमार मंडल, कुणाल कुमार, विनीता विजय, ऋचा कुमारी, रंजीत मंडल, अनिकेत मंडल, सचिन मंडल, राहुल मंडल, राजू मंडल, शाशा मंडल, डंपी मंडल, निरंजन गोप, प्रवीण मंडल, बलराम मंडल, विष्णु मंडल, बेबी मंडल, तरोनी मंडल, श्रेया मंडल, शिबू मंडल, मनोज मंडल, अनीश मंडल, सीमा कुमारी, प्रशांत मंडल, भजन मंडल, सौरव मंडल, अनुज खैतान, सजस ब्लड सेंटर के सुदीप पांडेय, मनजीत कुमार, मुन्ना कुमार आदि उपस्थित रहे।

### महाराजगंज में कुंज मिलन के साथ 24 प्रहर अखंड हरिनाम संकीर्तन संपन्न, भक्तिमय वातावरण

**टुंडी।** टुंडी प्रखण्ड के महाराजगंज स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में आयोजित 24 प्रहर व्यापी श्री श्री अखंड हरिनाम संकीर्तन महोत्सव का रविवार को कुंज मिलन के साथ धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न हुआ. संकीर्तन समापन पर सैकड़ों महिला पुरुषों ने पूरे गांव में हरि नाम संकीर्तन कर भ्रमण किये , इससे पूरा गांव भक्तिमय हो गया। समापन समारोह में पश्चिम बंगाल के संकीर्तनिया माला धीवर ने बांग्ला गीत व धार्मिक झांकियों की प्रस्तुति दी. अखंड हरिनाम संकीर्तन को लेकर महाराजगंज व लछुरायडीह में भक्ति का माहौल बना रहा. भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं का वर्णन किया गया. उन्हाने कहा कि जीवन काल में कितनी विपत्ति क्यों नहीं आ जाये. हम सब को भगवान की भक्ति का मार्ग नहीं छोड़ना चाहिए. अपने धर्म और संस्कृति से हमेशा जुड़कर रहना चाहिए. सांसारिक जीवन में हमें सत्कर्म, परोपकार और जीवों के प्रति दया की भावना रखना चाहिए। अनुष्ठान के अंत में महाप्रसाद का वितरण किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। वर्धमान की गायिका माला धीवर ने अपने मधुर कंठ से बांग्ला पाला कीर्तन गान प्रस्तुत कर नृत्य गीत से श्री कृष्ण रास लीला का वर्णन कर भक्तो को भाव विभोर कर दिया। बताते चलें आयोजित 24 प्रहर व्यापी श्री श्री अखंड हरिनाम संकीर्तन महोत्सव महाराजगंज व लछुरायडीह के ग्रामीणों के द्वारा की जा रही है । हरि संकीर्तन को सफल बनाने में समिति के सदस्यगण एवं ग्रामवासी का सहरनीय योगदान रहा।

## माखनलाल चतुर्वेदी जयंती पर देशभर के कवियों ने बिखेरा साहित्य का रंग

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

### मैथिली रचना 'इ जूनि बुझी मुन्ना झुठ बजैत छी' ने लूटी महफिल



**बोकारो।** जोहार दर्पण साहित्यिक मंच के तत्वावधान में माखनलाल चतुर्वेदी की जयंती 2026 के अवसर पर सेक्टर-9 स्थित गैलेक्सी पब्लिक स्कूल में साहित्यिक परिचर्चा सह कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बोकारो, धनबाद, रांची, हजारीबाग सहित विभिन्न जिलों से आए कवि-कवयित्रियों ने भाग लिया। मंच के संस्थापक सह अध्यक्ष पंकज कुमार दास ने बताया कि संस्था का उद्देश्य नए साहित्यकारों को प्रोत्साहन देना और उनकी रचनाओं को मंच प्रदान करना है। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। पहले सत्र में 'माखनलाल चतुर्वेदी के काव्य में भारतीय आत्मा' विषय पर परिचर्चा आयोजित की गई। इस सत्र की अध्यक्षता डॉ. नरेंद्र कुमार रॉय ने की, जबकि डॉ. राशि सिंह, अनुराधा सिंह, अर्चना मिश्रा एवं शिरोमणि महतो ने विषय पर अपने विचार रखे। द्वितीय सत्र में काव्य पाठ का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता बासु बिहारी ने की। इस दौरान श्याम सुंदर केवट, शांति भारत, स्मिता एवं संजय हजारीबागी सहित कई कवियों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं। विशेष रूप से कवि गंगेश कुमार पाठक की मैथिली रचना 'इ जूनि बुझी मुन्ना झुठ बजैत छी' को श्रोताओं ने सराहा। कार्यक्रम में 'माखनलाल चतुर्वेदी साहित्य सम्मान' से कई साहित्यकारों को सम्मानित किया गया, जिनमें डॉ. राशि सिन्हा, डॉ. एन. के. राय, भोला सागर, शिरोमणि महतो, त्रिवेणी महतो, ताराचंद महतो, नीलम झा, पंकज कुमार दास, स्मिता, गंगेश कुमार पाठक, बासु बिहारी, सुकुमार, शांति भारत, अरुण पाठक, रजत नाथ, अमर कुमार प्रमाणिक, प्रेम रंजन, ठाकुर दास नायक, मनोज सुमन, संजय हजारीबागी, अनुराधा सिंह, श्रवण दत्त, देवेंद्र धर, गीता कुमारी, करूणा कलिका, अर्चना मिश्रा, शैलजा झा एवं दीनानाथ ठाकुर शामिल हैं। प्रथम सत्र का धन्यवाद ज्ञापन श्याम सुंदर केवट ने किया, जबकि द्वितीय सत्र का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन श्रवण दत्त द्वारा किया गया। बड़ी संख्या में उपस्थित श्रोताओं ने कवि सम्मेलन का आनंद उठाया।

स्वामी वी. आई. इंटरप्राइजेज के लिए प्रकाशक मानवेन्द्र कुमार सिंह एवं मुद्रक एस. एच. प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, कांटीटांड, नियर टेंडर बगीचा, रातू, रांची -835222 द्वारा झारखंड से मुद्रित एवं एसटी-663/664, न्यू एसटी चौक, धुर्वा, रांची से प्रकाशित, संपादकः मानवेन्द्र कुमार सिंह (खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी ) : फोन नं. 8709022665, PRGI N0. - JHAHIN/2014/59794

# सरहुल मिलन में ढोल-नगाड़ों और झांकी के साथ लोग हुए शामिल

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



रामगढ़। आदिवासी छात्र संघ के तत्वावधान में रविवार को शहर के सुभाष चौक में सरहुल पूजा सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सदस्य समन्वय समिति झारखंड और झामुमो के केंद्रीय सचिव फागू बेसरा, विशिष्ट अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष कुसुमलता मुंडा, अपर समाहर्ता लोहरदगा जितेंद्र मुंडा, उप सचिव स्वास्थ्य विभाग रणजीत लोहरा, समाजसेवी अमृतलाल मुंडा ज्योत्सना केरकेट्टा, डीएसपी मिथुन कुमार मुंडा, मनीराम मुंडा शामिल हुए। इस दौरान छात्र संघ के पदाधिकारी ने अतिथियों के आगमन पर उन्हें पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। समारोह की अध्यक्षता सुनील मुंडा और संचालक प्रकाश करमाली ने किया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि फागू बेसरा ने कहा कि आदिवासी समाज के लिए सरहुल पूजा बहुत महत्व रखता है इस पूजा के माध्यम से समाज के लोग प्राकृतिक की सुंदरता बनाए रखने के लिए कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रकृति को बचाए रखने के लिए हम सभी को संकल्प लेने की आवश्यकता है। साथ ही जल, जंगल और धरोहर बचाना है। राज्य सरकार भी ऐसे धरोहर को बचाने के लिए संकल्पित के साथ काम कर रही है। समारोह में रमेश करमाली, कमल बगड़िया, 20 सूत्री उपाध्यक्ष दिनेश मुंडा, चंदन मुंडा, राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज मुंडा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष छोटेलाल करमाली, अधिवक्ता शिव कुमार करमाली विजय कश्यप दीपक बेदिया, ज्ञानी मुंडा, रमेश करमाली सहित अन्य उपस्थित थे।

## भाजपा का पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

पश्चिमी सिंहभूम। पश्चिमी सिंहभूम जिले में रविवार को भारतीय जनता पार्टी की चाईबासा नगर इकाई की ओर से जिला कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान की शुरूआत की गई। कार्यक्रम का नेतृत्व नगर अध्यक्ष राकेश पोद्दार ने किया। उद्घाटन अवसर पर जिला अध्यक्ष गीता बालमुचू, राकेश बबलू शर्मा, प्रताप कटियार महतो, हेमंत केसरी और पवन शर्मा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रशिक्षण महाअभियान के तहत आयोजित विभिन्न सत्रों में पार्टी कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, इतिहास और कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। पहले सत्र में रविशंकर विश्वकर्मा ने भारतीय जनता पार्टी के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए स्थापना से लेकर वर्तमान तक के सफर को विस्तार से समझाया। इसके बाद पूर्व जिला अध्यक्ष संजय पांडे ने पार्टी के वैचारिक आधार पर चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं को संगठन के मूल सिद्धांतों की जानकारी दी। तीसरे सत्र में जिला अध्यक्ष गीता वाल्मीकि ने संगठन की कार्यपद्धति और अनुशासन पर जोर देते हुए कार्यकर्ताओं को समर्पण भाव से कार्य करने की प्रेरणा दी। प्रशिक्षण वर्ग के अलग-अलग सत्रों में महामंत्री दिलीप साहू, पवन शर्मा और रूप दास ने वर्ग अधिकारी की भूमिका निभाते हुए सत्रों का सफल संचालन किया। यह दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम महामंत्री रोहित दास के मार्गदर्शन में संचालित हो रहा है, जिसमें कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक कौशल, जनसंपर्क के तरीके और पार्टी की नीतियों से परिचित कराया जा रहा है।

## शतरंज प्रतियोगिता के विजेता बने राजेश

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




पश्चिमी सिंहभूम,। जिला शतरंज संघ के तत्वावधान में और एसआर ग्रुप के सौजन्य से आयोजित 15 वीं पदमाबाई रुंगटा मेमोरियल जिला शतरंज प्रतियोगिता का रविवार को समापन हुआ। प्रतियोगिता में जिले भर के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और शानदार खेल का प्रदर्शन किया।प्रतियोगिता के आठवें और अंतिम चक्र में रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। बोर्ड नंबर एक पर मणिदीप मुखी और नरेंद्र नाथ पांडे के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा। बोर्ड नंबर दो पर राजेश कुमार ने आदित्य शाह को हराकर निर्णायक बढ़त बनाई। बोर्ड नंबर तीन पर बसंत खंडेलवाल ने देराज कुमार को पराजित किया, जबकि बोर्ड नंबर चार पर मनीष शर्मा ने विश्वदीप ठक्कर को हराया। अंतिम परिणाम में राजेश कुमार ने 07 अंकों के साथ प्रथम स्थान हासिल कर खिताब अपने नाम किया। उन्हें 6,000 रुपये नकद पुरस्कार एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। समान सात अंकों के साथ मणिदीप मुखी दूसरे और बसंत खंडेलवाल तीसरे स्थान पर रहे, जिन्हें क्रमशः 4000 और 2500 रुपये का नकद पुरस्कार मिला। नरेंद्र नाथ पांडे 6.5 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रहे और उन्हें 2000 रुपये से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के आधार पर चार खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया, जो जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। अंडर-15 बालक वर्ग में प्रत्यूष गुप्ता प्रथम और ललित किशोर द्वितीय स्थान पर रहे, जबकि अंडर-15 बालिका वर्ग में शालू कुमारी प्रथम और कंपनीज मुंडा द्वितीय स्थान पर रही। अंडर-13 बालक वर्ग में आदित्य वर्धन शर्मा प्रथम और हिमांशु महतो द्वितीय स्थान पर रहे, वहीं अंडर-13 बालिका वर्ग में अदिति प्रथम और आदर्शनी महतो द्वितीय स्थान पर रही। अंडर-11 बालक वर्ग में आह्वान मजूमदार प्रथम और ईशान केजरीवाल द्वितीय स्थान पर रहे, जबकि अंडर-11 बालिका वर्ग में अदित्रि दे प्रथम और तनिष्का प्रजापति द्वितीय स्थान पर रही। कार्यक्रम की शुरूआत में अध्यक्ष मुकुंद रूंगटा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए खिलाड़ियों और उनके अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया। वहीं नितिन प्रकाश ने कहा कि जिले में लगातार शतरंज प्रतियोगिताओं का आयोजन हो रहा है, जिससे यहां के खिलाड़ी भविष्य में राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम का संचालन जयदेव चंद्र त्रिपाठी ने किया। समापन समारोह में संघ के अध्यक्ष मुकुंद रूंगटा,संरक्षक और नगरपालिका अध्यक्ष नितिन प्रकाश,संरक्षक दीपेंद्र प्रसाद साव,उपाध्यक्ष जहांगीर आलम, सोहन लाल मूंदड़ा तथा महासचिव बसंत खंडेलवाल, जिला क्रिकेट संघ के महासचिव असीम कुमार सिंह,अनिल खिरवाल,पवन खिरवाल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## आस्था और उल्लास के साथ मनाया गया ईस्टर, चर्चों और कब्रिस्तानों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

पूर्वी सिंहभूम। शहर में रविवार को ईस्टर का पर्व पूरे श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया। शहर के विभिन्न चर्चों में सुबह से ही विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन हुआ, जहां बड़ी संख्या में ईसाई समुदाय के लोग एकत्रित हुए और प्रभु ईसा मसीह के पुनर्जीवन की स्मृति में प्रार्थना की। प्रार्थना सभाओं में शांति, प्रेम और मानवता का संदेश दिया गया, वहीं लोगों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं देकर इस पावन दिन की खुशियां साझा कीं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, गुड फ्राइडे के दिन सूली पर चढ़ाए जाने के तीन दिन बाद ईसा मसीह पुनर्जीवित हुए थे। इसी घटना की स्मृति में ईस्टर मनाया जाता है, जो जीवन, आशा और नए आरंभ का प्रतीक माना जाता है। इस अवसर पर गिरजाघरों को विशेष रूप से सजाया गया और भजनों व प्रार्थनाओं के माध्यम से प्रभु की महिमा का गुणगान किया गया। ईस्टर के दिन एक विशेष परंपरा के तहत लोग अपने दिवंगत परिजनों को याद करने के लिए कब्रिस्तानों में भी पहुंचे। श्रद्धालुओं ने अपने पूर्वजों की कब्रों पर फूल-मालाएं अर्पित कीं, मोमबत्तियां जलाईं और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान कई स्थानों पर भावुक माहौल देखने को मिला, जहां लोग अपने प्रियजनों को याद करते नजर आए।

## एम्स देवघर के डॉक्टरों ने मरीज के पेट से निकाला 12 किलो का कैंसर ट्यूमर

देवघर। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) देवघर के डॉक्टरों ने एक बेहद जटिल सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। चिकित्सकों ने 55 वर्षीय एक मरीज के पेट से करीब 12 किलोग्राम वजन का कैंसर ट्यूमर निकालकर चिकित्सा क्षेत्र में एक बड़ी उप?लब्धि हासिल की है। लगभग 50 सेंटीमीटर लंबे इस रेट्रोपेरिटोनियल ट्यूमर के कारण मरीज गंभीर शारीरिक समस्याओं से जूझ रहा था। जानकारी के अनुसार मरीज बेहतर इलाज की उम्मीद में उत्तर प्रदेश से एम्स देवघर पहुंचे थे। पेट में तेजी से बढ़ रहे ट्यूमर के कारण उन्हें भोजन करने और सोने में काफी परेशानी हो रही थी। लगातार दर्द और दबाव के चलते उनका वजन भी तेजी से घट रहा था। डॉक्टरों की विशेषज्ञ टीम ने कई घंटों तक चले ऑपरेशन में अत्यंत सावधानी के साथ ट्यूमर को शरीर से अलग किया। उल्लेखनीय है कि रेट्रोपेरिटोनियल क्षेत्र शरीर का अत्यंत संवेदनशील हिस्सा होता है,जहाँ महत्वपूर्ण रक्त वाहिकाएं और प्रमुख अंग मौजूद रहते हैं। इसी वजह से यह सर्जरी डॉक्टरों के लिए बड़ी चुनौती मानी जा रही थी। चिकित्सकों ने बताया कि सफल ऑपरेशन के बाद मरीज की स्थिति में तेजी से सुधार हुआ और पूरी तरह स्थिर होने के बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। मरीज का संपूर्ण इलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क किया गया। एम्स देवघर के कार्यकारी निदेशक प्रो. (डॉ.) नितिन एम.गंगाने ने इस सफलता पर मेडिकल टीम को बधाई देते हुए कहा कि संस्थान मरीजों को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि दूर-दराज से आने वाले मरीजों का सफल उपचार संस्थान की विशेषज्ञता और समर्पण को दशार्ता है।

## लूटपाट का विरोध करने पर बुजुर्ग को मारी गोली

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता





पलामू। पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र के जोबला गांव में लूटपाट का विरोध करने पर बैजनाथ सिंह नामक एक बुजुर्ग को गोली मार दी गई। गोली उनके पैर में लगी। जख्मी बुजुर्ग का प्रारंभिक इलाज मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में किया गया। वहां से रविवार दोपहर रेफर कर दिया गया। परिजन उन्हें इलाज के लिए निजी हॉस्पिटल में ले गए हैं। उल्लेखनीय है कि शनिवार रात अपने घर पर लूटपाट का विरोध करने पर अपराधियों ने उनके पैर में गोली मार दी थी। हालांकि इस मामले को अफीम की खेती और खरीद बिक्री से जोड़कर देखा जा रहा है। पुलिस कई स्तरों पर जांच कर रही है। जिले की पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने इसकी पुष्टि की है। एसपी ने बताया कि मामले में जांच कर स्थिति स्पष्ट की जायेगी। बताया जा रहा है कि चार अपराधी बैजनाथ सिंह के घर में घुस गए और लूटपाट करने लगे, जिसे देख बैजनाथ सिंह इसका विरोध करने लगे। इसी क्रम में उन्हें गोली मार दी गई। बैजनाथ सिंह को जांघ में गोली लगी। डॉक्टर ने ऑपरेशन करके गोली को बाहर निकाल दिया। पुलिस ने घटनास्थल से एक खोखा भी बरामद किया है। प्रारंभिक जांच में पुलिस को इस घटना में लूटपाट के अलावा कई और महत्वपूर्ण जानकारियां मिली हैं। शुरूआती पूछताछ में बुजुर्ग ने बताया है कि लूटपाट में गोली मारी गई है। उल्लेखानीय है कि जिस इलाके में फायरिंग की घटना हुई है, वह इलाका अफीम खेती एवं खरीद बिक्री के लिए चर्चित रहा है।

## मंईयां सम्मान योजना और पीएम किसान योजना का एपीके फाइल भेजकर साइबर ठगी

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

दुमका। जिला के पिछड़ा क्षेत्र रहा गोपीकांदर इन दिनों साइबर अपराधियों की नजर में है। पिछले 10 दिनों के अंदर एक दर्जन से ज्यादा लोगों को साइबर अपराधियों ने अपना शिकार बनाया, जबकि दर्जनों ऐसे लोग भी है जिनका व्हाटएप्स हैक कर लोगों से पैसे की डिमांड किया गया। साइबर अपराधियों के बिछाए इस जाल में रविवार को कई लोग फंस गए और व्हाट्सएप पर मैसेज देखकर पैसे भी भेज दिया। जब लोगों को आभास हुआ कि उनसे पैसे उनका परिचित नहीं बल्कि साइबर अपराधी मांग रहे। लोग कुछ समझ पाते तब तक कई लोग पैसे भेज चुका थे। मामला तेजी से ग्रामीणों में फैली और फिर लोकल व्हाट्सएप गुरु में साइबर ठगी की जानकारी साझा की गई तबकर लोग सतर्क हुए। बीते दिन कुश्चिरा पंचायत के धोबरना गांव निवासी सैमुअल मुर्मू मुर्मू के व्हाट्सएप पर मंइयां सम्मान योजना की एक एपीके फाइल को डाउनलोड कर खोला उनका व्हाट्सएप हैक हो गया। उनका व्हाटएप्स पर जितने भी कॉन्टेक थे सभी के मोबाइल पर दो हजार रुपए की मांग किया गया साथ जितने भी ग्रुप थे सभी। ग्रुप में मंइयां सम्मान योजना और पीएम किसान योजना का एपीके फाइल सेंड कर दिया गया ताकि लोगों द्वारा क्लिक करते ही साइबर के शिकार हो जाएंगे। रविवार को भी सिदपहाडी गांव के शिवनाथ गृही और गखरौनी बाजार के मधुसूदन दास सहित आधे दर्जन लोग साइबर के शिकार हो गए। सभी का व्हाट्सएप हैक कर लिया गया। बताया जाता है कि इन सभी के व्हाट्सएप पर मंइयां सम्मान योजना और पीएम किसान योजना का एपीके फाइल आया था जिसके बाद क्लिक करते ही हैक कर लिया गया। उनके व्हाट्सएप पर मौजूद कॉन्टेक लोगों से पैसे की डिमांड किया गया। कई लोगों ने मैसेज देखकर पैसे भी डाल दिया। साइबर ठगी से संबंधित सूचना के बाद थाना प्रभारी सुमित कुमार भगत ने बताया कि अगर कोई भी व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार होता है तो सबसे पहले टोल फ्री नंबर 1930 पर कॉल करके अपनी शिकायत दर्ज करें। उन्होंने बताया कि साइबर अपराधियों ने अब एपीके फाइल का उपयोग कर ठगी कर रहे है। इस फाइल को क्लिक करते हुए हैक हो जाता है। एपीके फाइल से बचें और कभी भी इसी डाउनलोड या क्लिक नहीं करें। किसी भी व्यक्ति के व्हाट्सएप पर कोई एपीके फाइल आता है तो उसे नहीं खोलना है, किसी भी अज्ञात स्कैम चिन्हित फोन नंबर को रिसीव नहीं करना है। उन्होंने कहा कि बैंक मैनेजर के नाम से आए हुए कॉल में किसी प्रकार की कोई व्यक्ति अपनी खाता संख्या से संबंधित जानकारी नहीं देना है। अंजान कॉलर से फोन पर आई हुई ओटीपी शेयर नहीं करना है। अंजान कॉल से किसी पुलिस अधिकारी का परिचय देते हुए पैसे की मांग को लेकर विचलित नहीं होनी है और इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को तुरंत देने की कोशिश करें।




## एक नजर

### झारखंड में मनरेगा कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी, विकास कार्य ठप्प




विष्णुगढ़। झारखंड में मनरेगा कर्मी बीते 12 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं, जिसका असर अब पूरे राज्य में साफ तौर पर देखने को मिल रहा है। हड़ताल के कारण प्रखंड से लेकर पंचायत और गांव स्तर तक मनरेगा योजना के तहत चल रहे विकास कार्य पूरी तरह ठप पड़ गए हैं। विष्णुगढ़ प्रखंड में भी इसका व्यापक असर देखने को मिल रहा है। बागवानी, मेढ़बंदी, डोभा निर्माण और तालाब खुदाई जैसे कई महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित हो गए हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर भी समाप्त हो गए हैं और मजदूरों को काम नहीं मिल पा रहा है। दरअसल, मनरेगा कर्मी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर 12 मार्च से हड़ताल पर हैं। इससे पहले 9 मार्च से ही रोजगार सेवक, बीपीओ, जेई, एई और मनरेगा ऑपरेटर अपने छह माह के बकाया मानदेय के भुगतान और स्थायीकरण की मांग को लेकर आंदोलनरत थे। हड़ताल के कारण जियो टैगिंग, मस्टर रोल भरने और ऑनलाइन डेटा एंट्री जैसे कार्य पूरी तरह बंद हो गए हैं, जिससे मनरेगा योजना का संचालन बाधित हो गया है। इसका सीधा असर मजदूरों पर पड़ रहा है, जिन्हें रोजगार नहीं मिल पा रहा है। इस मुद्दे पर भाजपा नेता राजू श्रीवास्तव ने कहा कि मनरेगा कर्मियों की मांगें पूरी तरह जायज हैं। उन्होंने सरकार से जल्द से जल्द इनकी मांगों पर सकारात्मक पहल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि कर्मियों की प्रमुख मांगों में वेतन वृद्धि, सामाजिक सुरक्षा की गारंटी और लंबित भुगतान का निपटारा शामिल है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार को इस दिशा में गंभीरता से कदम उठाते हुए हड़ताल समाप्त कराने का प्रयास करना चाहिए, ताकि ग्रामीण विकास कार्य फिर से शुरू हो सकें और मजदूरों को रोजगार मिल सके। फिलहाल, हड़ताल जारी रहने से झारखंड में मनरेगा योजना पूरी तरह प्रभावित है और ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्य ठप पड़े हुए हैं, जिससे आम लोगों की परेशानियां लगातार बढ़ रही हैं।

### मेदांता हॉस्पिटल इरबा में इलाज के दौरान मरीज की मौत, लापरवाही का आरोप



ओरमांझीः (एहसान राजा) रांची के ओरमांझी स्थित मेदांता हॉस्पिटल इरबा में इलाज के दौरान एक मरीज की मौत के बाद हंगामा खड़ा हो गया है। मृतक की पहचान हजारीबाग निवासी गोविंद मोहन मिश्रा (35 वर्ष) के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, मरीज को 24 तारीख को इमरजेंसी में भर्ती कराया गया था। शुरूआती इलाज के दौरान ही नर्सिंग स्टाफ की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे थे। आरोप है कि स्टाफ को कैथेटर और कैनुला लगाने जैसी बुनियादी प्रक्रिया का भी सही ज्ञान नहीं था। मृतक की बहन एवं अटेंडेंट राधा मिश्रा ने बताया कि 26 तारीख को ऑपरेशन करने की बात कही गई थी, लेकिन इससे पहले मेडिकल सुपरिटेंडेंट द्वारा मरीज को कहीं और ले जाने की सलाह दी गई, जिससे परिजन हैरान रह गए। इस पर सवाल उठाने पर अस्पताल प्रबंधन का व्यवहार भी कथित तौर पर संतोषजनक नहीं रहा। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टरों ने मरीज की हालत गंभीर बताते हुए तत्काल ऑपरेशन के लिए भुगतान कराया, लेकिन इसके बावजूद ऑपरेशन में देरी की गई। ऑपरेशन थिएटर खाली नहीं होने का हवाला देकर घंटों इंतजार कराया गया। विरोध के बाद अचानक मरीज को बिना पूर्व सूचना के ओटी में ले जाया गया। ऑपरेशन के बाद भी डॉक्टरों द्वारा काफी देर तक कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई। परिजनों का कहना है कि बार-बार पूछताछ और शिकायत के बाद ही मरीज की स्थिति बताई गई। इलाज के दौरान लापरवाही के अन्य आरोप भी लगाए गए हैं। परिजनों के मुताबिक, मरीज का ब्लड प्रेशर लगातार गिरता रहा और नाक से खून आने जैसी समस्याएं होती रहीं, लेकिन समय पर उचित ध्यान नहीं दिया गया। कई बार कहने के बाद ही स्टाफ सक्रिय हुआ। यहां तक कि मरीज की साफ-सफाई में भी देरी किए जाने का आरोप लगाया गया है। अंततः इलाज के दौरान मरीज की मौत हो गई, जिसके बाद परिजनों में आक्रोश फैल गया। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन, डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। मामले को लेकर परिजनों ने संबंधित अधिकारियों से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल, अस्पताल प्रबंधन की ओर से इस मामले पर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

### ऑल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप से पहले तैयारी तेज

रांची। सिकोकई ऑल इंडिया ओपन कराटे थर्ड चैंपियनशिप का आयोजन रांची में आगामी एक मई 2026 से खेलगांव में आयोजित होगी। जिसे लेकर राज्य के कराटे खिलाड़ियों की तैयारी शुरू कर दी गई है। इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी के तत्वावधान में रविवार को रांची प्रेस क्लब में एक दिवसीय कराटे प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में खिलाड़ियों को एडवांस फाइटिंग तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का नेतृत्व एकेडमी के तकनीकी निदेशक रेंशी सुनील किस्पोट्टा ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों को वर्ल्ड कराटे फेडरेशन के नियमों की भी विस्तृत जानकारी दी, ताकि प्रतियोगिता के दौरान बेहतर प्रदर्शन किया जा सके। रेंशी सुनील किस्पोट्टा ने बताया कि इस चैंपियनशिप में देशभर से सैकड़ों खिलाड़ी भाग लेंगे, जिनमें कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी शामिल होंगे। ऐसे में राज्य के खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने के उद्देश्य से विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि लगातार अभ्यास और तकनीकी प्रशिक्षण से खिलाड़ियों के प्रदर्शन में सुधार होगा। शिविर के सफल आयोजन में इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी के अध्यक्ष अनिल के सपोर्टर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस दौरान कई लोग मौजूद थे।

### दहकते अंगारों में नंगे पांव चलकर भक्तों ने दी भक्ति की परीक्षा



खूंटी। भोक्ता झूलन के साथ साथ पिछले नौ दिनों से चल रहा शिवोपासना का ऐतिहासिक तोरपा मंडा रविवार को सम्पन्न हो गया। इसके पूर्व भोक्ताओं ने दहकते अंगारों पर नंगे पांव चलकर भक्ति और निष्ठा का परिचय दिया। इस वार्षिक धार्मिक अनुष्ठान की शुरूआत चैत्र शुक्ल नवमी से हुई थी। इस नौ दिनों के दौरान शिव भक्त अपना घर परिवार का त्याग कर मंदिर में रहकर भगवान भोलेनाथ की आराधना में लीं रहे। जिस समय भोक्ता नंगे पांव आग में चल रहे थे, जिसे फूलखुंदी कहते हैं, उस समय परिवार की महिलाएं सिर पर आम के पल्लव और पवित्र जल से भरा लोटा लेकर खड़ी थीं। फूलखुंदी के बाद भक्तों ने 24 घंटे के निर्जला उपवास का समापन किया। फूलखुंदीकौर झूलन को देखने के लिए हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। झूलन के दौरान भागतीयों ने दर्शकों पर फूल वर्षा कर लोगों के मंगल कामना की। मंडा महोत्सव का आयोजन तोरपा के पूर्व जमींदार विजय बड़ाइक के परिवार की ओर से किया जाता है।

# संपादकीय

## नीतीश का अप्रत्याशित कदम

ऐसा लगता है कि बिहार में पहले से लिखी स्क्रिप्ट को अमली-जामा पहनाने का उपक्रम शुरू हो गया है। जिसे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का राज्यसभा के लिये नामांकन के रूप में देखा जा रहा है। इस घटनाक्रम का महत्व कितना अधिक है,यह नामांकन के मौके पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के पटना पहुंचने से पता चलता है। बहरहाल, यह तय हो गया है कि बिहार की राजनीति में दो दशकों के बाद राज्य की सत्ता में एक बड़ा परिवर्तन देखने को मिलेगा। जनता दल यूनाइटेड के सुप्रीमो नीतीश कुमार, जिन्होंने चार माह से भी कम समय पहले रिकॉर्ड दसवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी, लेकिन अब अप्रत्याशित रूप से इस प्रतिष्ठित कुर्सी को छोड़ने को तैयार हैं। अब 75 वर्षीय नीतीश कुमार आगामी राज्यसभा चुनाव लड़ने जा रहे हैं। बहरहाल, विधानसभा में सत्तारूढ़ गठबंधन के लिए पर्याप्त बहुमत के कारण उनकी जीत निश्चित मानी जा रही है। निष्कर्ष यह भी है कि राज्यसभा चुनाव में सफल होने के बाद उनका मुख्यमंत्री के रूप में दो दशक पुराना सफर समाप्त हो जाएगा। इसमें कोई दो राय नहीं कि राज्य में उनका अगला उत्तराधिकारी भाजपा से ही आएगा।

उल्लेखनीय है कि नवंबर 2025 में हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा राज्य में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। भाजपा ने जो अच्छा प्रदर्शन किया था, उसके चलते ही नीतीश को फिर से सत्ता में बने रहने में मदद मिली थी। लेकिन तभी राजनीतिक पंडित कयास लगा रहे थे कि कालांतर उनको पद छोड़ना ही होगा, अब चाहे यह स्वेच्छा से हो या मजबूरी में। निस्संदेह, उत्तर भारत में बिहार एकमात्र ऐसा हिंदी भाषी राज्य है जहां अब तक भाजपा का कोई मुख्यमंत्री नहीं रहा है। वहीं दूसरी ओर अटकलें लगायी जा रही हैं कि नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार, जो सक्रिय राजनीति में अभी नये हैं, नई सरकार में उप मुख्यमंत्री बन सकते हैं। बहुत संभव है बिहार में भाजपा की महत्वाकांक्षा को देखते हुए जेडीयू अपनी पार्टी का जनाधार बनाये रखने के लिये पार्टी के लिये उपमुख्यमंत्री पद चाह रही हो। हो सकता है कि सत्ता में अचानक आने वाले इस बड़े बदलाव को लेकर कुछ जेडीयू नेताओं में असंतोष देखने में आए। अनुभवी व उम्रदराज नीतीश कुमार के सामने भी चुनौती है कि कैसे अपने दल के विधायकों को एकजुट रखा जाए। साथ ही यह सुनिश्चित करना कि उनकी पार्टी का जनाधार प्रभावित न हो। वहीं दूसरी ओर नीतीश कुमार के राज्यसभा में जाने की स्थिति में लोक जनशक्ति पार्टी के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान को राज्य की राजनीति में अपनी पैठ मजबूत बनाने में मदद मिलेगी। यह घटनाक्रम मुख्य विपक्षी दल राष्ट्रीय जनता दल के लिये महत्वपूर्ण होगा क्योंकि वह सत्ताधारी गठबंधन की कमजोरियों का फायदा उठाने की कोशिशें तेज करेगा।

## आज का राशिफल

**मेष**–कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान–सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कुछ भ्रामक धारणाओं का खंडन होगा।

**वृष**–अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा।

**मिथुन**–यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी।

**कर्क**–लेन–देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन–देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे।

**सिंह**–दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। मेल–मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**कन्या**–विवाद समाप्त होंगे। शुभ संदेशों से मन खिला–खिला रहेगा। परेशानीयां स्वतरू ही दूर होती प्रतीत होगी। अध्ययन में रुचि पैदा होगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंगे। समाज में मान–सम्मान बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करे।

**तुला**–शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक**–आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पठन–पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा।

**धनु**–व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।


**मकर**–समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन–देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

**कुंभ**–मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा।

**मीन**– जीवनसाथी अथवा दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी।

## दैनिक पंचांग

**6 अप्रैल 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ | समय |
|---|---|---|---|
| **सूर्य** | मीन में | **मेष** | 06.16 बजे से |
| **चंद्र** | वृश्चिक में | **वृष** | 07.56 बजे से |
| **मंगल** | मीन में | **मिथुन** | 09.54 बजे से |
| **बुध** | कुंभ में | **कर्क** | 12.08 बजे से |
| **गुरु** | मिथुन में | **सिंह** | 14.24 बजे से |
| **शुक्र** | मेष में | **कन्या** | 16.36 बजे से |
| **शनि** | मीन में | **तुला** | 18.47 बजे से |
| **राहु** | कुंभ में | **वृश्चिक** | 21.01 ब.से |
| **केतु** | सिंह में | **धनु** | 23.17 बजे से |
| **राहुकाल** | | **मकर** | 01.22 बजे से |
| 7.30 से 9.00 | | **कुंभ** | 03.09 बजे से |
| बजे तक | | **मीन** | 04.42 बजे से |

**सोमवार** 2026 वर्ष का 96 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** बसंत।
**विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948
**मास** चैत्र **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** चतुर्थी 14.11 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** अनुराधा 02.57 बजे रात्र को समाप्त।
**योग** सिद्धि(असृक) 15.25 बजे को समाप्त।
**करण** बालव 14.11 बजे तदनन्तर कौलव 03.22 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 17.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 06° 22'
**सूर्य** उत्तराायन
**कलि अहर्गण** 1872671
**जूलियन दिन** 2461136.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** सव्वाल **तारीख** 17

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **अमृत** | 05.53 से | 07.22 बजे तक | **चर** | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| **काल** | 07.22 से | 08.50 बजे तक | **रोग** | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| **शुभ** | 08.50 से | 10.19 बजे तक | **काल** | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| **रोग** | 10.19 से | 11.48 बजे तक | **लाभ** | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| **उद्वेग** | 11.48 से | 01.17 बजे तक | **उद्वेग** | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| **चर** | 01.17 से | 02.45 बजे तक | **शुभ** | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| **लाभ** | 02.45 से | 04.14 बजे तक | **अमृत** | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| **अमृत** | 04.14 से | 05.43 बजे तक | **चर** | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ **Jagrutidaur.com, Bangalore**

# अंत्योदय से आत्मनिर्भरता तक : जनकल्याण की धारा में बहता नया भारत



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

भारतीय लोकतंत्र के व्यापक और जीवंत परिदृश्य में भारतीय जनता पार्टी अपने वैचारिक मूल्यों, विशेष तौर पर अंत्योदय, सुशासन और राष्ट्र प्रथम को व्यवहार में उतारते हुए जनकल्याण की एक निरंतर प्रवाहित धारा के रूप में जानी जाती है। वर्ष 2014 के बाद नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा विभिन्न राज्यों में भाजपा सरकारों ने शासन की कार्यशैली को मूलतः परिवर्तित किया है। विकास अब योजनाओं की घोषणा से आगे परिणाम आधारित प्रशासन का पर्याय बन चुका है, जिसका प्रभाव देश के सामाजिक, आर्थिक और मनोवैज्ञानिक ढांचे पर स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। यदि आज देश के विभिन्न हिस्सों का अवलोकन करें तो यही दिखाई देता है कि भाजपा की शासन प्रणाली का केंद्र बिंदु समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की पहुंच सुनिश्चित करना है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने जिस अंत्योदय की अवधारणा प्रस्तुत की थी, वह आज मूर्त रूप में दिखाई देती है। इसी उद्देश्य से प्रारंभ की गई प्रधानमंत्री जनधन योजना ने वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि प्राप्त की है। वर्ष 2025-26 तक इस योजना के अंतर्गत 50 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले जा चुके हैं। इन खातों में जमा राशि दो लाख करोड़ रुपये से अधिक हो चुकी है। आज यह पहल सिर्फ बैंकिंग सुविधा तक सीमित न होकर इसने गरीबों को आर्थिक मुख्यधारा में लाने का कार्य किया है। प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) प्रणाली के माध्यम से अब तक 35 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे लाभार्थियों के खातों में हस्तांतरित की जा चुकी है। कहना होगा कि इससे पारदर्शिता और जवाबदेही में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। गरीब कल्याण की दिशा में सरकार द्वारा उठाए गए कदमों ने समाज के वंचित वर्गों के जीवन में वास्तविक परिवर्तन लाया है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 2026 तक 10 करोड़ से




अधिक एलपीजी कनेक्शन वितरित किए जा चुके हैं (स्रोतः पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, 2026)। इस योजना ने महिलाओं को धुएं से मुक्त रसोई प्रदान कर उनके स्वास्थ्य और सम्मान दोनों की रक्षा की है। इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 2025 तक तीन करोड़ से अधिक पक्के घरों का निर्माण या स्वीकृति दी जा चुकी है। जिससे गरीब परिवारों को स्थायित्व और सुरक्षा का आधार मिला है। स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत 11 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण किया गया और देश को खुले में शौच से मुक्त घोषित किया गया, जिसने स्वच्छता को एक सामाजिक आंदोलन का रूप दिया। इसी तरह से कृषि क्षेत्र में भी सरकार की नीतियों ने व्यापक प्रभाव डाला है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 2026 तक 11 करोड़ से अधिक किसानों को प्रतिवर्ष 6000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जा रही है। इस योजना के तहत अब तक 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि वितरित की जा चुकी है (स्रोतः पीएम-किसान पोर्टल, 2026)। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के माध्यम से सिंचित क्षेत्र का विस्तार हुआ है और जल प्रबंधन को सुदृढ़ किया गया है। सॉयल हेल्थ कार्ड योजना के अंतर्गत 22 करोड़ से अधिक कार्ड वितरित किए जा चुके हैं, जिससे किसानों को वैज्ञानिक खेती अपनाने में सहायता मिली है। फसल बीमा योजना के तहत करोड़ों किसानों को प्राकृतिक आपदाओं के समय आर्थिक सुरक्षा प्रदान की गई है। महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी सरकार की पहलें उल्लेखनीय रही हैं। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के परिणामस्वरूप लिंगानुपात में सुधार हुआ है और बालिका शिक्षा में वृद्धि दर्ज की गई है। सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत 03 करोड़ से अधिक खाते खोले जा चुके हैं, जो बालिकाओं के भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। तीन तलाक जैसी कुप्रथा को समाप्त कर मुस्लिम महिलाओं को न्याय और समान अधिकार प्रदान किया गया, जो सामाजिक सुधार की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धि है। इसके अतिरिक्त ह्यनारी शक्ति वंदन अधिनियमह्न के माध्यम से महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को भी सशक्त बनाने का प्रयास किया गया है। इसके साथ ही स्वास्थ्य के क्षेत्र में आयुष्मान भारत योजना ने गरीबों के लिए जीवन रक्षक कवच का कार्य किया है। 2026 तक इस योजना के अंतर्गत 50 करोड़ से अधिक लोगों को 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा कवर प्रदान किया जा रहा है (स्रोतः राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण, 2026)। अब तक 06 करोड़ से अधिक अस्पताल में भर्ती उपचार इस योजना के तहत किए जा चुके हैं, जिससे करोड़ों परिवारों को आर्थिक संकट से बचाया गया है। साथ ही, देशभर में 1.5 लाख से अधिक हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर स्थापित किए जा चुके हैं, जोकि प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत कर रहे हैं। डिजिटल इंडिया अभियान के अंतर्गत भारत ने डिजिटल क्रांति का नेतृत्व किया है। 2025-26 में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) के माध्यम से प्रति माह 1500 करोड़ से अधिक लेनदेन दर्ज किए जा रहे हैं (स्रोतः एनपीसीआई, 2026)। यह भारत को विश्व का अग्रणी डिजिटल भुगतान राष्ट्र बनाता है। मेक इन इंडिया पहल के तहत भारत मोबाइल निर्माण में वैश्विक स्तर पर शीर्ष देशों में शामिल हो चुका है। स्किल इंडिया मिशन के माध्यम से 1.5 करोड़ से अधिक युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है, जिससे रोजगार के अवसरों में वृद्धि हुई है। इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हुआ है। भारतमाला परियोजना के अंतर्गत 35,000 किलोमीटर से अधिक सड़कों के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें से बड़ी संख्या में परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं। रेलवे के आधुनिकीकरण के तहत वंदे भारत ट्रेनों का विस्तार हुआ है और 2026 तक 75 से अधिक रूटों पर इनका संचालन किया जा रहा है (स्रोतः भारतीय रेलवे, 2026)। उड़ान योजना के तहत 500 से अधिक हवाई मार्ग शुरू किए गए हैं, जिससे छोटे शहरों को हवाई संपर्क मिला है। ग्रामीण विद्युतीकरण के अंतर्गत लगभग सभी गांवों तक बिजली पहुंचाई जा चुकी है। देखने में आ रहा है कि ग्रामीण विकास के क्षेत्र में जल जीवन मिशन एक क्रांतिकारी पहल बनकर उभरा है। 2026 तक 14 करोड़ से अधिक ग्रामीण परिवारों को नल से जल उपलब्ध कराया जा चुका है। यह पहल ग्रामीण जीवन की गुणवत्ता को सुधारने में अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध हुई है। वहीं, शहरी क्षेत्रों में स्मार्ट सिटी मिशन के तहत 100 शहरों में आधुनिक बुनियादी ढांचे का विकास किया जा रहा है (स्रोतः आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय)। इन सभी प्रयासों में एक समान सूत्र स्पष्ट रूप से दिखाई देता है; सुशासन, पारदर्शिता और जनभागीदारी। तकनीक के उपयोग, डिजिटल प्लेटफॉर्म और प्रशासनिक सुधारों के माध्यम से सरकार ने योजनाओं को अधिक प्रभावी बनाया है। जनसहभागिता के माध्यम से इन योजनाओं को जनआंदोलन का स्वरूप दिया गया है, जिससे उनकी सफलता और प्रभावशीलता दोनों में वृद्धि हुई है।

अतः आज इस संदर्भ में भारतीय जनता पार्टी को उसके स्थापना समय से लेकर अब तक यदि समग्र रूप से याद किया जाए तो कहना यही होगा कि भाजपा सरकार की योजनाएं सिर्फ विकास के आंकड़ों तक सीमित नहीं रही हैं, वे समाज के प्रत्येक वर्ग को सशक्त बनाने का माध्यम बनी हैं। ये योजनाएं एक ऐसे भारत की नींव रख रही हैं, जोकि आत्मनिर्भर, समावेशी और सशक्त है। अंत्योदय की भावना से प्रेरित यह विकास यात्रा निरंतर आगे बढ़ रही है, जिसमें लक्ष्य आर्थिक उन्नति के साथ ही सामाजिक न्याय और सभी के लिए समान अवसर हैं।

**(लेखक का निजी विचार है)**

# बाबू जगजीवन राम

## सामाजिक न्याय की अनवरत साधना का अध्याय

के पी तन्नेटी

आज 5 अप्रैल को पूरा देश बाबू जगजीवन राम की जयंती मनाता है। ये जयंती हमें भारतीय लोकतंत्र के संघर्ष, संकल्प और सामाजिक न्याय की अनवरत साधना के अध्याय की याद दिलाती है। बिहार के एक साधारण परिवार में जन्में जगजीवन बाबू ने अपने जीवनकाल में बड़े ही कठिन समय को देखा। उन्हें न केवल आर्थिक अभावों का सामना करना पड़ा, बल्कि जातिगत भेदभाव जैसी गहरी सामाजिक व्यवस्थागत बाधाओं से भी जूझे। इन विपत्तियों के बावजूद वे भारत के इतिहास के सर्वाधिक प्रभावशाली नेताओं में से एक बन खड़े हुए। उनका सार्वजनिक जीवन उपलब्धियों का पर्याय रहा। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रमुख नेता के रूप में उन्होंने रक्षा और कृषि जैसे महत्वपूर्ण पदों पर अपना दायित्व निभाया। विशेषकर हरित क्रांति के दौर में उनका दूरदर्शी नेतृत्व भारत को आत्मनिर्भर कृषि राष्ट्र बनाने में निर्णायक सिद्ध हुआ। उनके इस समावेशी विकास दृष्टिकोण का ही परिणाम था कि कृषि क्षेत्र में सुधारों ने करोड़ों किसानों के जीवन को बदल कर रख दिया। उनका योगदान कृषि तक ही सीमित नहीं रहा, उन्होंने स्वतंत्र भारत के निर्णायक क्षणों में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। खासकर 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में, जिसके फलस्वरूप बांग्लादेश का उदय हुआ। उनकी रणनीतिक सूझबूझ एवं राष्ट्र-सुरक्षा के प्रति अटल निष्ठा ने भारत की संप्रभुता व कल्याण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को उजागर किया। हालाँकि, उनके जीवन का एक पक्ष यह भी है कि अपार योग्यता और अनुभव के बावजूद वे प्रधानमंत्री पद तक नहीं पहुंच सके। फिर भी उन्होंने कभी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। वे कभी विचलित न हुए, अपितु अपने मंच से हाशिए के लोगों के अधिकारों की पैरवी की तथा उत्पीड़ितों की पुकार को मुखर किया। उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि सच्ची पहचान अपने कर्म और मूल्यों से बनती है। बाबू जगजीवन राम की तरह मैं भी उसी सामाजिक पृष्ठभूमि से आता हूँ। एक पूर्व आईपीएस अधिकारी के रूप में, मैं बाबू जगजीवन राम की विरासत से गहरी प्रेरणा ग्रहण करता हूँ। उनका जीवन हम सभी के लिए एक स्पष्ट संदेश है- न्याय, समानता और अवसर केवल आदर्श नहीं, बल्कि सतत प्रयास से प्राप्त किए जाने वाले लक्ष्य हैं। उन्होंने सिखाया कि सच्चा नेतृत्व उपाधियों से नहीं, अपितु दूसरों के जीवन पर पड़े प्रभाव से मापा जाता है। आज, उनकी जयंती के अवसर पर, हमें केवल उनके योगदानों का स्मरण ही नहीं, बल्कि उनके आदर्शों को अपने आचरण में उतारने का संकल्प भी लेना चाहिए। आइए, हम एक ऐसे महान नेता का सम्मान करें, जो केवल एक व्यक्तित्व नहीं, बल्कि आशा, संघर्ष और परिवर्तन का प्रतीक हैं। आपकी विरासत आने वाली पीढ़ियों को निरंतर प्रेरित करती रहेगी।

**(लेखक का निजी विचार है)**

# डीएनटी, एनटी, एसएनटी समुदाय है अदृश्य भारत की पहचान और उम्मीदों का नया द्वार




भारत की स्वाधीनता को 77 वर्ष हो चुके हैं, लेकिन देश का एक बड़ा हिस्सा आज भी अपनी स्वतंत्र पहचान के लिए संघर्ष कर रहा है–ये हैं डिनोटिफाइड, घुमंतू और अर्ध-घुमंतू समुदाय, जिन्हें हम डीएनटी, एनटी, एसएनटी समुदाय के नाम से जानते हैं। अनुमान लगाया जाता है कि इनकी जनसंख्या आठ से ग्यारह करोड़ के बीच है, पर विडंबना यह है कि भारत की किसी भी राष्ट्रीय जनगणना ने इन्हें कभी अलग श्रेणी में नहीं गिना। इसी कारण 2027 की प्रस्तावित जनगणना को लेकर इन समुदायों में नई आशा जन्मी है, क्योंकि पहली बार उनकी पहचान साफ-साफ दर्ज होने की संभावना बन रही है। इन समुदायों की पीड़ा इतिहास की धूल में दबी पड़ी है। 1871 के क्रिमिनल ट्राइब्स एक्ट ने लगभग 150झ200 समुदायों को ह्लजन्मजात अपराधीह्व घोषित कर दिया था। 1952 में यह कानून भले ही खत्म हुआ, लेकिन समाज की नजरों में अपराधीकरण का दाग अब तक नहीं मिटा। आज भी कई जगह पुलिस निगरानी, सामाजिक भेदभाव और अविश्वास का सामना उन्हें करना पड़ता है। स्वतंत्र भारत की जनगणनाओं में इन समुदायों के लिए अलग जगह न होना भी एक और बड़ी कमी रही है। सरकार का तर्क यह रहा कि इनकी पहचान राज्य-वार सूचियों में पहले से मौजूद है, लेकिन विशेषज्ञ इसे नीति की अस्पष्टता और प्रशासनिक सुस्ती बताते हैं। स्थिति इतनी जटिल है कि एक ही समुदाय एक राज्य में अनुसूचति जाति (एससी), दूसरे में अनुसूचित जनजाति (एसटी), तीसरे में ओबीसी और कहीं-कहीं किसी भी सूची में नहीं मिलता। नतीजतन योजनाओं, छात्रवृत्तियों, आरक्षण और पुनर्वास में भारी असमानताएँ पैदा होती हैं। वस्तुतः कई आयोगों ने तो यहाँ तक उल्लेख किया है कि इन समुदायों के नाम पर आने वाला फंड अक्सर उनसे पहले ही किसी और द्वारा खपा लिया जाता है। स्थायी पते की कमी ने इन्हें पहचान-पत्रों, राशन कार्डों, बैंकिंग सुविधाओं और स्वास्थ्य योजनाओं से भी दूर रखा है। रेन्के कमीशन ने कहा था कि सरकारी संसाधन इन समुदायों तक शायद ही पहुँच पाते हैं। दो बड़े आयोग, रेनके (2008) और इदाते (2018) ने विस्तृत अध्ययन कर कई महत्वपूर्ण सिफारिशें कीं, पर उनका क्रियान्वयन आज भी बेहद सीमित है। सुप्रीम कोर्ट भी इस विषय को सरकार की नीति का हिस्सा मानकर हस्तक्षेप से पीछे हट गया है, जिससे इन समुदायों की निगाहें अब पूरी तरह केंद्र सरकार के निर्णय पर टिकी हैं। दुखद यह है कि भारत के मीडिया और राष्ट्रीय विमर्श में भी ये समुदाय लगभग अदृश्य बने हुए हैं। जहाँ सामाजिक न्याय की बहसें अक्सर एससी/ एसटी/ ओबीसी के इर्द-गिर्द घूमती हैं, वहीं डीएनटी, एनटी, एसएनटी समुदायों का उल्लेख मुश्किल से देखने को मिलता है। विशेषज्ञ इसे भारत का अदृश्य सामाजिक वर्ग कहते हैं, लेकिन इस अँधेरे में भी आशा की किरण है। 2027 की जनगणना यदि इन्हें अलग पहचान दे दे, तो पहली बार देश को इनके वास्तविक आँकड़े मिलेंगे, नीतियाँ सटीक बनेंगी, फंडिंग का लक्ष्यीकरण बेहतर होगा और सदियों पुरानी उपेक्षा को दूर करने की दिशा में निर्णायक कदम उठाया जा सकेगा। यही कारण है कि इन समुदायों का कहना है, पहचान ही अधिकार का पहला कदम है। इन सबके बीच एक सकारात्मक पहलू यह भी है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने पिछले कुछ वर्षों में महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के घुमंतूझअर्धघुमंतू समुदायों के बीच गहरा और निरंतर काम किया है। संघ के स्वयंसेवकों ने प्रशासन के साथ मिलकर 50,000 से अधिक परिवारों को आधार कार्ड, राशन कार्ड और पहचान-पत्र उपलब्ध कराए, जिससे वे पहली बार सरकारी योजनाओं और जनकल्याण व्यवस्था से जुड़ सके। संघ द्वारा संचालित कौशल विकास कार्यक्रमों, जैसे सिलाई, बढ़ईगीरी, हस्तशिल्प, कृषि तकनीक, मोबाइल रिपेयरिंग और लोककला प्रशिक्षण ने अनेक परिवारों में आत्मनिर्भरता का नया भाव जगाया है। शिक्षा, स्वास्थ्य, नशामुक्ति और सामाजिक समरसता से जुड़े कार्यक्रमों ने समुदायों का आत्मविश्वास बढ़ाया है और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस पूरे परिदृश्य में एक बात स्पष्ट है कि भारत का यह बड़ा और बहु-आयामी सामाजिक वर्ग अब भी मान्यता और सम्मान की प्रतीक्षा में है। 2027 की जनगणना उनके लिए सिर्फ आँकड़ों का सवाल नहीं है, यह तो उनकी पहचान और सम्मान की पहली सीढ़ी है। देश यह कदम कब और कैसे उठाता है, यही आने वाले समय में इन समुदायों के भविष्य का निर्धारण करेगा।

**(लेखक का निजी विचार है)**

# चाय पर चौपाल कार्यक्रम में कुल 120 श्रमिकों का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच

## चाय वाली चौपाल में स्वास्थ्य विभाग की ओर से श्रमिकों के बीच किया गया निःशुल्क दवाइयों का वितरण

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**साहिबगंज।** रविवार को जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से शहर के गोराबाड़ी हाट परिसर स्थित पर एक बेहद सराहनीय और अभिनव कार्यक्रम सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान की चाय पर श्रमिकों के बीच स्वास्थ्य चर्चा का सफल आयोजन किया गया। जहां यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक सिविल सर्जन के नेतृत्व में संपन्न हुआ।? उधड़ कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के उस वर्ग श्रमिकों तक पहुँचना था जो अपनी व्यस्त दिनचर्या के कारण अक्सर स्वास्थ्य जांच और परामर्श से वंचित रह जाते हैं।इस चाय चौपाल कार्यक्रम में कुल 120 श्रमिकों को स्वास्थ्य जांच निःशुल्क किया गया।? जहां इस चौपाल में सिविल सर्जन कार्यालय, सदर एवं बोरियो प्रखंड सीएचसी अस्पताल साहिबगंज और बोरियो प्रखंड सदर प्रखंड शहरी एवं ग्रामीण की स्वास्थ्य टीमों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। उधर स्वास्थ्य परामर्श टीम चाय बिस्कुट की चुस्कियों के साथ अनौपचारिक माहौल में श्रमिकों को मौसमी बीमारियों, स्वच्छता के महत्व और नियमित जांच के लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।? उधर सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान ने इस मौके पर सभी को संबोधित करते हुए कहा कि उनका लक्ष्य है कि स्वास्थ्य सेवाओं को केवल अस्पताल की दीवारों तक सीमित रखना नहीं है बल्कि उन्हें सीधे उन लोगों तक पहुँचाना है जो राष्ट्र निर्माण में अपना पसीना बहाते हैं। उधर यह चौपाल एक संवाद का माध्यम है ताकि हम उनकी समस्याओं को करीब से समझ सकें। इस ?चाय चौपाल कार्यक्रम में कुल 120 श्रमिकों को स्वास्थ्य जांच निःशुल्क किया और उन्हें आवश्यक परामर्श भी दिए गए। वही इस चाय वाली चौपाल में स्वास्थ्य विभाग की ओर से श्रमिकों को निःशुल्क दवाइयां वितरण किया। इस चाय चौपाल में सदर प्रखंड सीएचसी प्रभारी डॉ. महमूद आलम, डॉ. मोहन मुर्मू, डॉ. मुकेश कुमार, डॉ. कुलदीप कुमार,ने सभी श्रमिकों को निःशुल्क जांच किया। इस मौके पर मौजूद श्रमिकों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे विभाग की एक मानवीय और संवेदनशील सोच बताया। वहीं सिविल सर्जन ने सभी स्वास्थ्य कर्मियों को गन्ने का जुस एवं फ्रूटी का जूस अपने हाथों से सभी को दिया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के हेड क्लर्क अश्वनी कुमार सिन्हा, पत्रकार सुरेश निर्मल, सदर सीएचसी बीपीएम मनोज यादव, बोरियो बीपीएम बिष्णु भगत, सत्येंद्र प्रसाद, कंप्यूटर ऑपरेटर सोमनाथ, बीटीटी मुनीजी पांडे, सीएचओ राजा शिवम, स्वीटी स्नेहा मुर्मू, निशा कुमारी सिन्हा, सीएचओ सलोनी कुमारी, सीएचओ डिंपल सैनी, एमपीडब्लू चंदन कुमार साह, मुरारी लाल गोंड, संजय हरिजन, बिमल कुमार, जहांगीर ढोला इमाम, सुमन कुमार, पवन कुमार, एएनएम भवानी कुमारी, खुशबू कुमारी सिंह, रीता कुमारी, निखत आरा, अर्चना कुमारी, पूजा कुमारी, हिना कौशर, सरस्वती कुमारी, कर्मचारी ललित कुमार सिंह, आयुष्मान कार्ड के टीम सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**साहिबगंज।** भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों एवं संस्कारों के संवर्धन के उद्देश्य से भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के सफल प्रतिभागियों के सम्मान में गायत्री शक्तिपीठ साहिबगंज में रविवार को एक भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। जहां इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं समाज के गणमान्य व्यक्तियों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही। उधर समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में मॉडल कॉलेज राजमहल के प्राचार्य डॉ. रंजीत कुमार सिंह उपस्थित रहे, जिनके प्रेरणादायी उद्बोधन ने विद्यार्थियों में नई ऊर्जा का संचार किया। उधर अपने वक्तव्य में डॉ. सिंह ने कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए विद्यार्थियों को निरंतर अध्ययन, प्रतिदिन कम से कम 8 घंटे का समर्पित प्रयास तथा स्पष्ट एवं निश्चित लक्ष्य निर्धारण अत्यंत आवश्यक है। आगे उन्होंने आधुनिक तकनीक के महत्व को रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) को एक प्रभावी ट्यूटर के रूप में प्रयोग करने की सलाह दी, ताकि वे अपनी पढ़ाई को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बना सकें। साथ ही साथ उन्होंने विद्यार्थियों को इंडियन नॉलेज सिस्टम (भारतीय ज्ञान परंपरा) पर भी विशेष ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस कार्यक्रम में उपजोनन समन्वयक अनिल कुमार एवं संरक्षक प्रो. वकील पोद्दार की गरिमामयी उपस्थिति रही, जबकि मंच का कुशल संचालन कल्याण प्रसाद श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। इस अवसर पर अपने उद्गार व्यक्त करते हुए ओम प्रकाश सिंहा, वीरेंद्र प्रसाद चौधरी, रानी श्रीवास्तव (उप मुख्य प्रबंधक, ट्रस्टी) एवं रानी झा ने भारतीय संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को संस्कारयुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। वही समारोह के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों एवं विद्यालयों को प्रमाण पत्र, मैडल एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। जहां विशेष रूप से मॉडल कॉलेज राजमहल के 5 विद्यार्थियों को भी प्रतिभा सम्मान प्राप्त हुआ।

## साहिबगंज कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया बाहा पर्व, सरहुल एवं संताली साहित्य दिवस

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**साहिबगंज।** स्थानीय साहिबगंज कॉलेज परिसर में रविवार को बाहा पर्व, सरहुल एवं संताली साहित्य दिवस का भव्य एवं सांस्कृतिक उल्लास से भरपूर आयोजन किया गया। इस अवसर पर आदिवासी संस्कृति, परंपरा एवं साहित्य की समृद्ध विरासत की जीवंत झलक देखने को मिली जिसने उपस्थित जनसमूह को गहराई से प्रभावित किया। उधर कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक विधि विधान एवं प्रकृति पूजन के साथ हुआ। इसके बाद विभिन्न कलाकारों के द्वारा प्रस्तुत पारंपरिक संथाली लोकनृत्य, गीत एवं वाद्य यंत्रों की मनमोहक प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया। जहां रंग बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजे कलाकारों की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और आदिवासी जीवनशैली की झलक प्रस्तुत की। वही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मॉडल कॉलेज राजमहल के प्राचार्य सह प्रसिद्ध भू वैज्ञानिक



डॉ. रंजीत कुमार सिंह रहे। जहां उन्होंने अपने संबोधन में बाहा पर्व एवं सरहुल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व प्रकृति, पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक एकता के प्रतीक हैं। आगे उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि ḧसंताली साहित्य समाज का दर्पण हैḧ इसलिए इसके संरक्षण, संवर्धन एवं नई पीढ़ी तक इसके प्रभावी प्रसार पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। इस अवसर पर अन्य वक्ताओं ने संताली साहित्य दिवस की प्रासंगिकता पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि वर्तमान समय में संताली भाषा एवं साहित्य को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। जहां उन्होंने बताया कि संताली साहित्य का विभिन्न भाषाओं में अनुवाद किया जा रहा है जिससे इसकी व्यापक पहुँच सुनिश्चित हो रही है। साथ ही साथ भारत सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा गया कि अलचिकी लिपि के माध्यम से संताली भाषा को नई पहचान और मजबूती मिल रही है। वही कार्यक्रम में शिक्षक अतिथि के रूप में कमल किशोर जेराई भी उपस्थित रहे, जिन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए इसे सांस्कृतिक संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं, शिक्षक, शोधकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे, जिनकी सहभागिता ने आयोजन को और भी सफल एवं प्रभावशाली बनाया। वही आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने और उनमें अपनी परंपराओं के प्रति गर्व की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।जहां अंत में सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया तथा कार्यक्रम का समापन हर्षोल्लास एवं सामूहिक उत्साह के साथ हुआ। इस मौके पर सचिव संदीप मुर्मू, अध्यक्ष श्रीलाल मुर्मू, मोहन हेम्ब्रम, विनोद मुर्मू, अनूप टुडू, बिद्धु टुडू, मुंशी मरांडी, तिलक हेम्ब्रम, अजय टुडू, मशी टुडू, जोसेफ हेम्ब्रम, रेणु हेम्ब्रम, सरीला हेम्ब्रम, बालिका छात्रा हॉस्टल के नायकी सोनी मुर्मू, बाले बेटी हेम्ब्रम, सिलू हेम्ब्रम समेत अन्य छात्र छात्राएं मौजूद थे।

## ईसाई धर्मावलंबियों ने ईसा मसीह को याद कर मनाया ईस्टर पर्व, कैथोलिक चर्च में हुई विशेष प्रार्थना सभा

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**साहिबगंज।** ईसाई धर्मावलंबियों ने शहर के घाट रोड स्थित कैथोलिक चर्च में शनिवार की देर रात ईस्टर पर्व मनाया। जहां इस दौरान चर्च में ईसा मसीह की याद में विशेष प्रार्थना की गई। वही फादर प्रमोद कैथा ने बताया कि गुडफ्राइडे के बाद के संडे को ईसाई धर्मावलंबी ईस्टर संडे के रूप में मनाते हैं। जहां गुड फ्राइडे को प्रभु यीशु की कुबार्नी के तौर पर याद किया जाता है। वही गुड फ्राइडे को शोक दिवस के रूप में मनाया जाता है। वहीं ईस्टर प्रभु यीशु के दोबारा जिंदा होने की खुशी में मनाया जाता है। वही बाइबिल में कहा गया है कि यहूदी शासकों ने प्रभु ईसा मसीह को कई तरह की शारीरिक और मानसिक यातनाएं दी थी और फिर उन्हें गोलगुथा पर्वत पर सूली पर लटका दिया था। जिस दिन प्रभु यीशु ने प्राण त्यागे उस दिन शुक्रवार था। मान्यता है कि ईसा मसीह अपनी मृत्यु के बाद ईस्टर संडे को दोबारा जीवित हो गए थे और उन्होंने मानव जाति को संदेश दिया था कि वे हमेशा उनके साथ रहेंगे और हमेशा भलाई करेंगे। इसी खुशी में यीशु के पुनरूत्थान पर रविवार को ईस्टर पर्व मनाया जाता है। इस दौरान ईसाई धर्मावलंबियों ने कैंडिल जला कर पूर्वजों को भी याद किया। इस विशेष प्रार्थना सभा के मौके पर फादर प्रमोद कैथा, फादर टॉम विक्टर, सिस्टर नमिता, सिस्टर किरण, सिस्टर मार्शा, सिस्टर वीणा, सिस्टर अंकिता, सिस्टर शालिनी, ब्रदर बिनोद मार्शल, सिस्टर जोसेफ के साथ साथ हजारों लोगों ने ईस्टर संडे के विशेष प्रार्थना सभा में शामिल हुए। जहां फादर ने उन्हें प्रभु यीशु के बताए हुए मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। वही उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की मदद करें, आपस में प्रेमभाव, सद्भावना बनाए रखें।

## तालझारी की नई इकाई का हुआ गठन, सौरव गुप्ता बने नगर मंत्री

**तालझारी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) नगर इकाई तालझारी के द्वारा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, लालमाटी में रविवार को भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर नई इकाई का गठन किया गया। जहां इस अवसर पर संगठन के विस्तार और छात्र शक्ति को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने पर जोर दिया गया। उधर ?कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रवीर सिंह (आरोग्य भारती जिला सह संयोजक एवं पर्यावरण मित्र), जिला प्रमुख देवाशीष पांडे, प्रदेश एसएफएस सह संयोजक गौरव कुमार सुमन, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कन्हाई ढोली एवं नगर मंत्री बीरू ने दीप प्रज्वलित कर और मां सरस्वती, मां भारती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस मौके पर प्रवीर सिंह ने कहा कि अभाविप ही वह संगठन है जो भारत को पुनः 'विश्वगुरु' के पद पर आसीन कर सकता है।

## प्रथम खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में रजत पदक जीतकर साहिबगंज लौटने पर एमानुएल किस्कू का किया गया जोरदार स्वागत

### डीएससी सह डीएसओ कुमार हर्ष एवं जिला ओलंपिक संघ के पदाधिकारियों ने रेलवे स्टेशन परिसर में एमानुएल किस्कू का किया जोरदार स्वागत

### देशभर से भाग ले रहे 25 राज्यों में उभरकर आए एमानुएल किस्कू

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**साहिबगंज।** खेल एवं युवा मामले, भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 25 मार्च से 3 अप्रैल तक छत्तीसगढ़ के बस्तर जिला अंतर्गत जगदलपुर शहर में संपन्न प्रथम खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स प्रतियोगिता के एथलेटिक्स स्पर्धा 4 गुणा 100 मीटर रिले दौड़ में रजत पदक जीत एवं 110 मीटर हर्डल्स में चौथे स्थान पर रहे खिलाड़ी एमानुएल किस्कू जगदलपुर से भाया रांची होते हुए वनांचल एक्सप्रेस ट्रेन से रविवार की सुबह साहिबगंज लौटने पर रेलवे स्टेशन पर फूल, माला, मिठाई खिलाकर एमानुएल किस्कू का जोरदार स्वागत किया गया। ज्ञात हो कि खेल विभाग द्वारा जिले के सिद्धो कान्हु स्टेडियम में संचालित आवासीय बालक एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र के प्रतिभावान खिलाड़ी 15 वर्षीय एमानुएल किस्कू प्रशिक्षक योगेश यादव के नेतृत्व में अभ्यास करते हुए स्कूल नेशनल अंडर 14 एथलेटिक्स, रांची 2025 में 4 गुणा 100 मीटर रिले में कांस्य पदक, हर्डल्स में चतुर्थ, पूर्वी क्षेत्र जूनियर एथलेटिक्स रांची में हर्डल्स में कांस्य, जूनियर नेशनल एथलेटिक्स अंडर 16 प्रतियोगिता भुवनेश्वर में रिले में चतुर्थ, हर्डल्स में छठा, स्कूल नेशनल अंडर 17 एथलेटिक्स, लखनऊ में हर्डल्स में पांचवा स्थान पर रहे थे। इसके पूर्व खेल विभाग द्वारा एवं एएफआई द्वारा रांची में फरवरी माह 2026 में आयोजित प्रथम चरण एवं द्वितीय चरण खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के कठिन चयन उपरांत एमानुएल किस्कू संथाल परगना से एथलेटिक्स पुरुष वर्ग में एक मात्र प्रतिभागी के रूप में झारखंड टीम में शामिल किए गए थे। जहां साहिबगंज जिले के लिए खेलो इंडिया में एमानुएल किस्कू के द्वारा जीता गया पहला पदक था जिसके बदौलत झारखंड एथलेटिक्स पुरुष टीम देशभर में दूसरे एवं ओवर चैंपियनशिप में तीसरे स्थान पर रही। उधर रेलवे स्टेशन परिसर में स्वागत अभिनंदन के मौके जिला शिक्षा अधीक्षक सह जिला खेल पदाधिकारी कुमार हर्ष, जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष राजेश कुमार यादव, सचिव माधव चंद्र घोष, कोषाध्यक्ष संतोष उर्फ टिंकू, जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष अधिवक्ता ओम ततसत, कोषाध्यक्ष निमाई चौधरी, जिला साइक्लिंग संघ के उपाध्यक्ष विकास गुप्ता, सुनील यादव, जिला कबड्डी संघ के बिरेंद्र कुमार एवं आवासीय बालक एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षु एवं प्रशिक्षक समेत अन्य मौजूद थे।

## एक नजर

### मुनिलाल श्मशान घाट पर वार्ड नंबर 11 के पार्षद ने लगाया नल




**साहिबगंज।** शहर के बिजली गंगा घाट पर स्थित मुनिलाल श्मशान घाट पर शवों का दाह संस्कार करने के लिए रोजाना कई परिवारों के लोग आते हैं। जहां मुनिलाल श्मशान घाट पर भीषण गर्मी के मौसम में पानी पीने की सुविधा उपलब्ध नहीं रहने के कारण उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जहां शवों का दाह संस्कार करने के लिए आने वाले परिवार के लोगों को बाहर से पानी की बोतल व जार खरीदकर पानी पीकर अपनी प्यास बुझानी पड़ती थी जहां इस समस्या को देखते हुए वार्ड नंबर 11 दहिया टोला बड़तल्ला स्ट्रीट के वार्ड पार्षद रंजीत प्रसाद साह उर्फ डोमा ने अपने निजी खर्च पर मुनिलाल श्मशान घाट पर पानी नल को लगाया ताकि यहां आने वाले लोगों को सहूलियत हो सकें। इस मौके पर वार्ड पार्षद के साथ कई युवक मौजूद थे।

### तीनपहाड़ के जोंका गांव में श्रीमद भागवत कथा का हुआ शुभारंभ, निकाली गई भव्य कलश शोभा यात्रा



**तीनपहाड़।** थाना क्षेत्र अंतर्गत जोंका गाँव स्थित बजरंग बली चौक के समीप श्रीमद भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। जहां यह धार्मिक कार्यक्रम 5 अप्रैल 2026 से शुरू होकर 13 अप्रैल 2026 तक विधिवत रूप से संपन्न होगा। उधर कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर शनिवार की सुबह 501 कुंवारी कन्याओं व महिलाओं के साथ भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु, महिलाएं व एवं पुरुष शामिल हुए। उधर कलश शोभा यात्रा पूरे गाँव का भ्रमण करते हुए यज्ञ स्थल तक पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा। उधर सभी श्रद्धालु भक्ति गीतों एवं जयकारों के साथ कार्यक्रम में भाग लेते नजर आए। वही अयोध्या धाम उत्तर प्रदेश के सुप्रसिद्ध कथा वाचक धंनजय वैष्णव जी महाराज ने बताया कि कथा के दौरान प्रतिदिन प्रवचन, भजन कीर्तन एवं धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे जिससे क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण का संचार होगा। वही इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सैंकड़ों स्थानीय ग्रामीणों एवं दर्जनों समिति के सदस्यों का सराहनीय योगदान मिल रहा है।

### बोरियो तीनपहाड़ रोड में चलती वाहन में लगी आग, हाइवा जलकर हुआ खाक



**बोरियो।** थाना क्षेत्र के बोरियो तीनपहाड़ मुख्य मार्ग के हरिनचरा मोड़ के समीप रविवार के अहले सुबह चलती हाइवा में एकाएक आग लग जाने से अफरा तफरी मच गई। मिली जानकारी के अनुसार सुबह 5 बजे के करीब तीनपहाड़ की ओर से बोरियो होते हुए एक हाइवा महागामा जा रही थी इसी दौरान चलती वाहन में शॉर्ट सर्किट लगने से आग लग गई। उधर देखते ही देखते आग पूरी हाइवा में भयावह रूप ले लिया जिससे हाइवा धूं धूं कर जलकर खाक हो गया। हालांकि इस दुर्घटना में चालक एवं उपचालक समय रहते वाहन से कूदकर अपनी जान बचाई। उधर आग की लपटों की भव्यता के वजह से मुख्य सड़क जाम होकर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। इधर घटना की सूचना बोरियो पुलिस को मिलते ही थाना के एएसआई प्रभाशंकर दुबे एवं वीरम मरांडी दलबल के साथ पहुंचकर क्षेत्र को नियंत्रण में लेकर छानबीन में जुट गई। जहां दमकल कर्मियों के द्वारा घंटों बाद आग पर काबू पाया गया। इसके बाद दोनों ओर जाम में फंसे वाहनों का परिचालन सुचारू रूप से बहाल किया गया।

### मंडरो प्रखंड में कांग्रेस का जनसंवाद एवं एसआईआर प्रशिक्षण शिविर हुआ संपन्न




**मंडरो।** प्रखंड क्षेत्र में रविवार को कांग्रेस का जनसंवाद एवं एसआईआर से संबंधित एकदिवसीय कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. विमल देव भगत ने की। जहां इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष सह पाकुड़ विधायक प्रतिनिधि बरकत खान उपस्थित रहे। उधर कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आगामी झारखंड में होने वाले एसआईआर प्रक्रिया को लेकर पार्टी कार्यकताओं को जागरूक एवं प्रशिक्षित करना था। इस दौरान कांग्रेस पार्टी के प्रत्येक पंचायत स्तर पर कार्यरत बूथ लेवल एजेंट को विशेष रूप से प्रशिक्षित किया गया। जहां प्रशिक्षण सत्र में बीएलए मास्टर ट्रेनर मुरसलीन खान एवं सरफराज आलम द्वारा उपस्थित कार्यकताओं को एसआईआर से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश, प्रक्रिया एवं उनकी जिम्मेदारियों की विस्तृत जानकारी दी गई।

### पुलिस लाईन में धूमधाम से मनाया गया सरहुल पर्व

**साहिबगंज।** जिला मुख्यालय स्थित पुलिस लाईन कॉलोनी में रविवार को आदिवासी समुदाय के प्रमुख पर्व सरहुल को बड़े ही धूमधाम और पारंपरिक रीति रिवाजों के साथ मनाया गया। जहां इस अवसर पर आदिवासी समुदाय के लोगों ने प्रकृति पूजा कर सुख समृद्धि और शांति की कामना की। उधर कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक गीत संगीत और नृत्य के साथ उत्सव का माहौल देखने को मिला। जहां मौके पर संगठन के पूर्व अध्यक्ष पंकज यादव, अरुण कुजूर, समिएल मुंडा, काली उरांव, नन्हक भगत, सोम उरांव सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## समैस प्वाइंट बैडमिंटन एकेडमी का भव्य शुभारंभ 10 अप्रैल को



सीवान। शहर के ललन कॉम्प्लेक्स स्थित यूको बैंक एटीएम के सामने समैस प्वाइंट बैडमिंटन एकेडमी का भव्य शुभारंभ 10 अप्रैल को होगा। इस कार्यक्रम का उद्घाटन दरौंदा विधायक कर्णजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह एवं जिलाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा। एकेडमी के डायरेक्टर पवन कुमार सिंह उर्फ गुड्डू जी ने रविवार को आयोजित प्रेस वार्ता में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि खेले सीवानझबढ़े सीवान के संकल्प के साथ इस आधुनिक खेल केंद्र की स्थापना की गई है, जिसका उद्देश्य स्थानीय खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि अब सीवान के खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण के लिए बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। एकेडमी में विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर और वैज्ञानिक प्रशिक्षण की सुविधा देकर खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार किया जाएगा। एकेडमी में बैडमिंटन के लिए इंटरनेशनल मानक के अनुरूप क्लास मैट और सिंथेटिक कोर्ट तैयार किए गए हैं। साथ ही, नेशनल और इंटरनेशनल स्तर के अनुभवी कोचों द्वारा प्रोफेशनल ट्रेनिंग दी जाएगी। सुरक्षा के दृष्टिकोण से लड़के और लड़कियों के लिए अलग-अलग चेंजिंग रूम और बाथरूम की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा परिसर में आधुनिक जिम, गटिंग मशीन और स्पोर्ट्स किट की सुविधा भी उपलब्ध होगी। खिलाड़ियों को जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर के टूनार्मेंट में भाग लेने का अवसर प्रदान किया जाएगा। शुल्क के रूप में ओपनिंग ऑफर के तहत जनरल मेंबरशिप 2000 रुपये की जगह 1500 रुपये प्रति माह निर्धारित की गई है, जबकि छात्रों के लिए विशेष रियायत के साथ मात्र 1000 रुपये प्रति माह शुल्क रखा गया है। प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को निःशुल्क प्रशिक्षण देने की भी योजना है। एकेडमी में अनुशासन और बीडब्लूएफ नियमों का सख्ती से पालन कराया जाएगा तथा कोर्ट की सुरक्षा के लिए नॉन-मार्किंग जूते पहनना अनिवार्य होगा। स्थानीय खेल प्रेमियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे सीवान के खेल विकास की दिशा में एक अहम कदम बताया है।

### राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता

## बालक वर्ग में चंपावत और बालिका वर्ग में पिथौरागढ़ बना चैंपियन



हरिद्वार। उत्तराखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में योगस्थली स्पोटर्स स्टेडियम रोशनाबाद में चल रही राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का रविवार को समापन हो गया। प्रतियोगिता में बालक वर्ग में चंपावत की टीम विजेता और बालिका वर्ग में पिथौरागढ़ विजेता बना। राज्य की खेल मंत्री रेखा आर्य ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्राफी प्रदान की। प्रतियोगिता के बेस्ट बॉक्सर का खिताब चंपावत राहुल एवं बेस्ट प्रमोशन बॉक्सर का खिताब पिथौरागढ़ के समक्षचंद ने जीता। रविवार को बॉक्सिंग प्रतियोगिता के बालक वर्ग के फाइनल में चंपावत की टीम विजेता रही और नैनीताल की टीम उपविजेता रही।इसके अलावा बालिका वर्ग में पिथौरागढ़ विजेता और स्पोर्टस हॉस्टल पिथौरागढ़ उपविजेता रहे। समापन समारोह में खेल मंत्री रेखा आर्य ने प्रतियोगिता के विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी सौंपी। इस मौके पर खेल मंत्री रेखा आर्य ने कहा कि प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन किया। राज्य में लगातार आयोजित हो रहीं खेल प्रतियोगिताओं से खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने के अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोहाघाट में स्पोर्टस कालेज निर्माण की प्रक्रिया गतिमान है। इसके अलावा गर्ल्स स्पोर्टस कालेज का निर्माण भी किया जा रहा है। बालिकाओं के लिए खेलों में आने वाला समय बेहतर होगा। राज्य सरकार की खेलों को बढ़ावा देने की नीति के चलते हर घर में एक एथलीट होगा। कार्यक्रम में हरिद्वार बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. विशाल गर्ग ने कहा कि प्रतियोगिता में राज्य के 13 जनपदों के खिलाड़ी शामिल हुए और शानदार खेल का प्रदर्शन किया। डॉ. गर्ग ने बताया कि प्रतियोगिता के बेस्ट बॉक्सर का खिताब चंपावत राहुल ने एवं बेस्ट प्रमोशन बॉक्सर का खिताब पिथौरागढ़ के समक्षचंद ने जीता।

### IPL 2026: देशपांडे के शानदार आखिरी ओवर और बिश्नोई के चार विकेट के दमपर

# राजस्था ने गुजरात को 6 रन से हराया

**अहमदाबाद।** राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के रोमांचक मुकाबले में गुजरात टाइटंस को 6 रन से हराकर सीजन की पहली थ्रिलिंग जीत दर्ज की। तुषार देशपांडे की आखिरी ओवर में शानदार गेंदबाजी और रवि विश्नोई के चार विकेट इस जीत के मुख्य कारक बनें। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान ने 20 ओवर में 210/6 का मजबूत स्कोर खड़ा किया। यशस्वी जायसवाल (55) और ध्रुव जुरेल (75) ने शानदार अर्धशतक लगाकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। जबकि युवा वैभव रघुवंशी ने 31 रन की तेजतर्रार पारी खेली। जवाब में गुजरात की शुरूआत अच्छी रही, जहां साई सुदर्शन ने 73 रनों की बेहतरीन पारी खेली। हालांकि, बीच के ओवरों में बिश्नोई ने मैच का रुख बदल दिया। उन्होंने लगातार विकेट लेकर गुजरात को दबाव में ला दिया और चार अहम बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। गुजरात एक समय मजबूत स्थिति में दिख रही थी, लेकिन विकेट गिरने से टीम 133/5 तक सिमट गई। इसके बाद आखिर में राशिद खान और कगिसो रबाडा ने तेज रन बनाकर मैच को रोमांचक बना दिया। फिर आखिरी ओवर में गुजरात को जीत के लिए 11 रन चाहिए थे, लेकिन देशपांडे ने दबाव में बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए सिर्फ 4 रन दिए और एक अहम विकेट भी लिया। इस तरह राजस्थान ने एक बेहद रोमांचक मुकाबले में 6 रन से जीत हासिल कर टूनामेंट में शानदार शुरूआत की।



### राजस्थान के खिलाफ हार के बाद राशिद बोले, गलतियों से सीखकर मजबूत वापसी करेंगे

अहमदाबाद। गुजरात टाइटन्स के कार्यवाहक कप्तान राशिद खान ने शनिवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले में लगातार दूसरी हार पर निराशा जताई। उन्होंने कहा कि बीच के ओवरों में लगातार विकेट गिरने से टीम की लय टूट गई। राशिद ने यह भी कहा कि टूनामेंट अभी शुरूआती दौर में है और टीम अपनी गलतियों से सीखकर अगले मैच में मजबूत वापसी करेगी । नियमित कप्तान शुभमन गिल मांसपेशियों में खिंचाव के कारण इस मैच में नहीं खेल पाए, उनकी जगह राशिद खान ने टीम की कमान संभाली। मैच के बाद राशिद ने कहा कि हमने अच्छी गेंदबाजी की, खासकर जिस तरह उन्होंने शुरूआत की थी, उसके बावजूद उन्हें लगभग 210 के अंदर रोकना एक बेहतरीन प्रयास था। फिर हमने बल्लेबाजी में भी अच्छी शुरूआत की। ऊपरी क्रम के बल्लेबाजों ने हमें बेहतरीन शुरूआत दी। लेकिन 12वें और 13वें ओवर में हमने लगातार विकेट खो दिए।

### राजस्थान की जीत के हीरो रहे बिश्नोई बोले- गेंदबाजी में सुधार के लिए की कड़ी मेहनत



अहमदाबाद। राजस्थान रॉयल्स ने शनिवार रात खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के अपने दूसरे मुकाबले में गुजरात टाइटंस को 6 रन से हराकर शानदार जीत दर्ज की। इस मुकाबले के हीरो लेग स्पिनर रवि बिश्नोई रहे, जिन्होंने चार महत्वपूर्ण विकेट लेकर प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता।
इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में उतरे बिश्नोई ने 4 ओवर में 41 रन देकर 4 विकेट झटके। उन्होंने साई सुदर्शन, ग्लेन फिलिप्स, वाशिंगटन सुंदर और राहुल तेवतिया को आउट कर मैच का रुख पलट दिया। मैच के बाद बिश्नोई ने कहा कि पिछला सीजन उनके लिए चुनौतीपूर्ण रहा, लेकिन उन्होंने अपनी लेंथ और प्रदर्शन पर लगातार मेहनत की। उन्होंने बताया कि मानसिक, तकनीकी और शारीरिक–तीनों स्तर पर सुधार के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी। अपने पसंदीदा विकेट के रूप में उन्होंने राहुल तेवतिया का नाम लिया। बिश्नोई के अनुसार, वह ऐसे मौकों के खिलाड़ी हैं। अगर वह उस समय आउट नहीं होते, तो मैच किसी भी तरफ जा सकता था। बिश्नोई ने आखिरी ओवरों में गेंदबाजों के सामूहिक प्रदर्शन की भी सराहना की। उन्होंने कहा, तुषार देशपांडे ने जिस तरह गेंदबाजी की और जोफ्रा आर्चर ने जैसे 19वां ओवर डाला, वह शानदार था। यह पूरी टीम का प्रयास था। हमारी टीम युवा है और हम आगे भी ऐसे ही अच्छा प्रदर्शन करते रहना चाहते हैं। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए इस मैच में राजस्थान रॉयल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 210 रन बनाए। यशस्वी जायसवाल (55) और ध्रुव जुरेल (75) ने शानदार अर्धशतक लगाए।

## सचिवालय सुपर लीग में सचिवालय विंग और सुपर किंग्स ने दर्ज की जीत




**देहरादून।** देहरादून के रायपुर स्थित महाराणा प्रताप क्रिकेट ग्राउंड में शनिवार को सचिवालय सुपर लीग 2026 के दो मैच खेले गए। पहले मैच में सचिवालय विंग्स और दूसरे मैच में सचिवालय सुपर किंग्स ने जीत दर्ज की। सचिवालय विंग्स और सचिवालय लायंस के बीच खेले गए मैच में विंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 06 विकेट पर कुल 180 रन बनाए। देवेंद्र सिंह रावल ने 75 रन बनाए। मदन और प्रमोद ने 02-02 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए लायंस 4 विकेट पर 161 रन ही बना सकी। मदन ने सर्वाधिक 66 रन बनाए। संजय जोशी ने 02 विकेट लिए। इस तरह सचिवालय विंग्स ने यह मैच 19 रन से जीत लिया। मैन ऑफ द मैच देवेंद्र रावल को दिया गया। दिन का दूसरा मैच सचिवालय सुपर किंग्स और सचिवालय राइजिंग के बीच खेला गया। सचिवालय राइजिंग ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मात्र 84 रन बनाए, अमित सतवाल ने सर्वाधिक 28 रन बनाए। नरेश ने 06 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सुपर किंग्स की टीम ने 10 ओवर में 05 विकेट खोकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया। अमित तोमर ने सर्वाधिक 48 रन बनाए। राकेश जोशी ने 05 विकेट लिए। इस तरह सुपरकिंग्स ने मैच 05 विकेट से जीत लिया। मैन ऑफ द मैच नरेश को दिया गया।

## सब जूनियर महिला हॉकी: उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, असम और महाराष्ट्र ने दर्ज की जीत



**रांची।** झारखंड के रांची में आयोजित 16वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के पांचवें दिन रविवार को उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, असम, पंजाब और महाराष्ट्र ने अपने-अपने मैचों में जीत दर्ज की। दिन की शुरूआत पूल डी, डिवीजन ए के एक मैच से हुई, जिसमें उत्तर प्रदेश हॉकी ने छत्तीसगढ़ हॉकी को 5-1 से हराया। कप्तान एरिका (7वें मिनट, 57वें मिनट) और राशि सिंह (35वें मिनट, 49वें मिनट) ने दो - दो गोल दागे। ममता कुमारी (35वें मिनट) ने एक गोल किया। छत्तीसगढ़ हॉकी की ओर से रिया खलखो (50वें मिनट) ने मैच का एकमात्र गोल दागा। इसी डिवीजन में, पूल सी के एक मैच में हॉकी मध्य प्रदेश ने मणिपुर हॉकी को 6-3 से हराया। नाज नौशीन (12वें, 33वें और 60वें मिनट) ने हैट्रिक लगाई, जबकि भाविका (15वें और 22वें मिनट) ने दो गोल दागे। हॉकी मध्य प्रदेश के लिए यादव जागृति (56वें मिनट) ने भी एक गोल किया।

## बेन स्टोक्स का खिलाड़ियों को संदेश-काउंटी में प्रदर्शन से बनाएं चयन का रास्ता



**नई दिल्ली।** इंग्लैंड टेस्ट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने खिलाड़ियों से चल रहे काउंटी चैंपियनशिप सीजन में इंग्लैंड टीम में जगह पाने के लिए अपना दावा मजबूत करने का आग्रह किया है। इंग्लैंड की टीम एक बहुप्रतीक्षित घरेलू सीजन की तैयारी कर रही है। ऐसे में टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा है कि मौजूदा घरेलू रेड-बॉल सीजन खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय टीम में चयन का रास्ता है। आईसीसी के अनुसार स्टोक्स ने काउंटी चैंपियनशिप के बारे में कहा कि मुझे लगता है कि यह देश भर के खिलाड़ियों के लिए एक शानदार मौका है। उन्होंने कहा कि जब हम ऑस्ट्रेलिया में थे, उसी समय लायंस टीम भी वहां थी, तो आप देख सकते हैं कि उस सिस्टम से कौन-कौन से खिलाड़ी उभरकर आ रहे हैं। स्टोक्स ने कहा कि इंग्लैंड में जो प्रतिभा है, उस पर कोई सवाल नहीं उठाया जा सकता है। हमारे पास खिलाड़ियों का जो पूल है, जो प्रतिभा है, वह शायद लंबे समय में सबसे मजबूत है। स्टोक्स के काउंटी चैम्पियनशिप में डरहम के लिए खेलने की उम्मीद थी, लेकिन वह फिलहाल टूटी हुई गाल की हड्डी से उबर रहे हैं, जो उन्हें फरवरी में नेट प्रैक्टिस के दौरान लगी थी। इंग्लैंड के इस ऑलराउंडर के मई तक मैदान पर वापसी करने की उम्मीद है। उन्होंने आगे कहा कि चैंपियनशिप के पहले छह-सात हफ्ते बहुत महत्वपूर्ण होने वाले हैं। खिलाड़ियों को इसे एक अवसर के रूप में लेना चाहिए और चयन के लिए अपना दावा जितना मजबूत हो सके, उतना मजबूत करना चाहिए। जब हम चयन के लिए बैठें, तब तक वे खुद को सबसे अच्छे मौके की स्थिति में रखें। 34 वर्षीय स्टोक्स ने आखिरी बार जनवरी में इंग्लैंड के लिए खेला था, जब टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज सीरीज में 4-1 से हार का सामना करना पड़ा था। घरेलू मैदान पर इंग्लैंड जून में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला खेलेगी। दोनों टीमों के बीच पहला मैच 4 जून से लॉर्ड्स में खेला जाएगा।

## फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल में 800 से ज्यादा प्रतिभागियों ने दिखाया फिटनेस का जोश

**नई दिल्ली ।** नई दिल्ली के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्विमिंग पूल कॉम्प्लेक्स में शनिवार को फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल के 68वें संस्करण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 800 से अधिक प्रतिभागियों ने विभिन्न फिटनेस जोन्स में हिस्सा लिया। इन गतिविधि जोन्स में बैडमिंटन, टेबल टेनिस, क्रिकेट, रस्साकशी, योग, स्किपिंग चैलेंज और कैरम, लूडो व सांप-सीढ़ी जैसे पारंपरिक खेल शामिल थे। कार्यक्रम में शामिल दिल्ली की निवासी रितु शर्मा ने कहा कि मैं यहां सिर्फ साइकिल चलाने आई थी, लेकिन यह तो एक पूरा फिटनेस फेस्टिवल जैसा लग रहा है। मेरे बच्चे बैडमिंटन और टेबल टेनिस खेल रहे हैं, जबकि मैं योग कर रही हूं। यहां हर किसी के लिए कुछ न कुछ है। एक अन्य प्रतिभागी जस्मीत चंदोक ने कहा कि यहां का माहौल अद्भुत है। संगीत, खेल और साइक्लिंग–सब मिलकर इसे विश्व स्वास्थ्य दिवस के उत्सव जैसा बना देते हैं। इस आयोजन की खास बात यह रही कि स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े लोगों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी जैसे संगठनों ने विशेष भागीदार के रूप में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में जुम्बा, योग और रस्सी कूद जैसे ऊजार्वान सत्रों ने वातावरण को जीवंत बना दिया। इस अवसर पर पूर्व क्रिकेटर परविंदर अवाना, पावरलिफ्टिंग गुरु मुकेश गहलोत और पैरालंपियन पुष्पेंद्र सिंह सहित कई विशिष्ट अतिथि और फिटनेस इन्फ्लुएंसर मौजूद रहे। परविंदर अवाना ने कहा कि यह सिर्फ रविवार तक सीमित नहीं रहना चाहिए, इसे रोज की आदत बनाना चाहिए। मुकेश गहलोत ने कहा कि कई वर्षों बाद यह एक नया अनुभव रहा और मुझे बहुत अच्छा लगा। पुष्पेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यह पहल हमारे जीवन में अपनाने के लिए सबसे बेहतरीन है। एक युवा डॉक्टर ने कहा कि साथियों के साथ साइक्लिंग करना ह्लअस्पताल के बाहर एक उत्सव जैसा अनुभवह्व था, जबकि एक नर्सिंग छात्रा ने इसे ह्लयाद दिलाने वाला पलह्व बताया कि दूसरों की देखभाल से पहले खुद की देखभाल जरूरी है। इस अवसर पर रहगिरी फाउंडेशन ने एक नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया, जिसमें सक्रिय जीवनशैली और सुरक्षित सार्वजनिक स्थानों के महत्व को दशार्या गया।11




### एमडीयू रोहतक बना चैंपियन, लवली यूनिवर्सिटी उपविजेता




**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा में आयोजित चार दिवसीय नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी महिला खो-खो प्रतियोगिता में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक प्रथम रहा, जबकि लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी ने द्वितीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता का रविवार को समापन हुआ और भारतीय शिक्षण मंडल के अखिल भारतीय संगठन मंत्री बीआर शंकरानंद ने विजेताओं को पुरस्कार भेंट किए। इस प्रतियोगिता में 33 टीमों ने भाग लिया तथा चार दिनों में 47 मुकाबले खेले गए। प्रतियोगिता के अंतिम दिन खेले गए लीग मैचों के परिणामों के आधार पर महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक ने प्रथम स्थान, लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी ने द्वितीय स्थान, पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ ने तृतीय स्थान तथा मेजबान सीडीएलयू सिरसा की टीम ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। खिलाडियों को संबोधित करते हुए शंकरानंद ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम है, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता को भी विकसित करता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को खेल भावना के साथ निरंतर आगे बढे के लिए प्रेरित किया। सीडीएलयू के कुलपति प्रो. विजय कुमार ने कहा कि

## भूमि विवाद पर सख्त उपमुख्यमंत्री, विजय सिन्हा कहा

# 40 लाख आवेदनों का समाधान करेंगे, दोषियों को नहीं बख्शेंगे

एजेंसी

**भूमि माफियाओं पर कड़ा प्रहार, बिहार को अब विवादों से मुक्त करेंगे**

**गलती करने वालों को नहीं छोड़ेंगे, हर शिकायत का होगा निपटारा**



**पटना।** उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि सरकार जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।
उन्होंने स्पष्ट किया कि जमीन से जुड़े मामलों में यदि कहीं कोई गलती हुई है तो उसके सुधार और परिमार्जन के लिए सरकार ने समय दिया है और अब तक करीब 40 लाख आवेदन प्राप्त हुए हैं। भूमि विवाद के कारण आम लोगों को होने वाली परेशानियों को समाप्त करना सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। साथ ही, गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी की जाएगी।
उप मुख्यमंत्री सह मंत्री राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि हम 40 लाख आवेदनों के समाधान के लिए संकल्पित हैं। आप आइए, अगर कोई गलती हुई भी है तो मिल-बैठकर उसका सुधार और समाधान किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की कि वे भ्रम और भड़काने वालों के चक्कर में न पड़ें और मन से डर निकाल दें।
उन्होंने कहा कि वर्षों से जनता की बह रही पीड़ा अब खत्म होगी और भूमि विवाद के नाम पर बिहार को अब और रक्तरंजित नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज भी 70 से 75 प्रतिशत जमीन पर कोई विवाद नहीं है, लेकिन कुछ लोगों ने तकनीकी हेरफेर कर गड़बड़ी की है।
सारण जिले का उदाहरण देते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोगों ने रजिस्टर-2 में स्याही गिराकर रिकॉर्ड को अस्पष्ट कर दिया और दूसरे के नाम म्यूटेशन करवा दिया। यहां तक कि दस्तावेज के पन्ने फाड़कर भी गड़बड़ी की गई।उप मुख्यमंत्री ने चेतावनी देते हुए कहा कि सरकार के पास पूरा तंत्र (मेकैनिज्म) मौजूद है और ऐसे मामलों की जांच कर दोषियों को चिन्हित किया जाएगा। जिन लोगों ने यह पाप किया है, उन्हें मैं छोड़ूंगा नहीं, अंतिम समय तक उनका पीछा करूंगा। उन्होंने आगे कहा कि बिहार की छवि खराब करने वालों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई होगी और इस लड़ाई को समाधान तक पहुंचाने के लिए जनता का सहयोग जरूरी है।

## मुख्यमंत्री ने पूर्व उप प्रधानमंत्री स्व जगजीवन राम की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की



**पटना।** पूर्व उप प्रधानमंत्री स्व जगजीवन राम की जयंती के अवसर पर आयोजित राजकीय समारोह में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सर्कुलर रोड, अणे मार्ग एवं कौटिल्य मार्ग के चौराहे पर अवस्थित स्व जगजीवन राम की आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, सांसद कौशलेन्द्र कुमार, विधायक श्याम रजक, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी, विधान पार्षद कुमुद वर्मा, विधान पार्षद रवीन्द्र प्रसाद सिंह, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के महासचिव अरविंद कुमार, राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य शिवशंकर निषाद सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य व्यक्ति एवं सामाजिक कार्यकताओं ने भी स्व जगजीवन राम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती पूजन, भजन कीर्तन, बिहार गीत एवं देशभक्ति गीत के कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

## अतिथि शिक्षक नियुक्ति में बड़े पैमाने पर हुई धांधली : प्रवीण कुशवाहा

एजेंसी

**भागलपुर।** आइसा के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण कुशवाहा ने रविवार को प्रेस बयान जारी कर कहा कि तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय भागलपुर में अतिथि शिक्षक नियुक्ति में जो बड़े पैमाने पर धांधली हुई हैं। समस्त बिहार प्रदेश इस नियुक्ति में हुई धांधली से अवगत हैं। बड़े पैमाने पर हुई धांधली और वसूली के केन्द्र में अतिथि शिक्षक समिति के संयोजक और भुपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलसचिव प्रो.अशोक कुमार ठाकुर की संलिप्तता को नहीं नकारा नहीं जा सकता है। इसके साथ ही पूर्व कुलसचिव के प्रमोशन पर उठ रहे सवालों को विश्वविद्यालय प्रशासन नजरंदाज कर रहा है, जबकि उनका प्रमोशन प्रारंभ से ही कठघरे में रहा है। बावजूद इसके क्या विश्वविद्यालय प्रशासन भ्रष्ट व्यक्ति से मिलीभगत करके उनके गलत कार्यों को संरक्षण प्रदान नहीं कर रहा हैं? यदि ऐसा नहीं है तो उक्त व्यक्ति के प्रमोशन पर त्वरित समिति बनाकर विश्वविद्यालय प्रशासन प्रमोशन की सच्चाई को सामने रखे, अन्यथा इस भ्रष्टाचार को संरक्षण प्रदान करने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन और कुलपति की संलिप्तता को नकारा नहीं किया जा सकता है। इसके साथ ही अतिथि शिक्षक नियुक्ति में हुई धांधली में बनी दोनों समिति की रिपोर्ट में विलम्ब होना लिपापोती की ओर संकेत कर रहा है। रिपोर्ट जल्द दिया जाये रिपोर्ट उपरांत जो भी दोषी व्यक्ति हो उसपर कार्रवाई हो। उपर्युक्त संदर्भ में वर्तमान ईमानदारी बरतने वाले कुलपति प्रो विमलेंदु शेखर झा, प्रो अशोक कुमार ठाकुर के मामले में मौन क्यूं हैं? उनकी चुप्पी कहीं न कहीं से संदेह पैदा करती है।

# चकिया मदरसा में छापेमारी, विदेशी पिस्टल बरामद, तीन संदिग्ध हिरासत में

**मदरसा किया गया सील**

एजेंसी



**पूर्वी चंपारण।** एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर जिला पुलिस की टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए चकिया थाना क्षेत्र के गवंदरा स्थित मदरसा में छापेमारी की है। उक्त कारवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से एक पिस्टल बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार मदरसा से किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बनाई जा रही थी।
पुलिस के अनुसार मदरसा परिसर से साजिश के कुछ सुराग मिले है,जिसको लेकर अग्रतर कारवाई जारी है।पुलिस ने छापेमारी के दौरान तीन लोगों को भी हिरासत में लिया है और जिनसे गहन पूछताछ की जा रही है। वहीं, मामले की गंभीरता को देखते हुए डॉग स्क्वाड की टीम को भी घटनास्थल के लिए रवाना किया गया है। फिलहाल मदरसा को सील कर दिया गया है और पूरे इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।
उल्लेखनीय है, कि चकिया थाना क्षेत्र का यह वही मदरसा है, जहां से पहले पीएफआई से जुड़े सदस्य उस्मान उर्फ सुल्तान उर्फ याकूब को चकिया पुलिस और एसटीएफ ने गिरफ्तार किया था। पीएफआई के सदस्य याकूब खान ने सोशल मीडिया में अयोध्या राममंदिर के विरोध में विवादित पोस्ट किया था। उसने अयोध्या में राम मंदिर की जगह बाबरी मस्जिद बनाने की बात सोशल मीडिया में कही थी। जिसके बाद उसे इसी मदरसा से गिरफ्तार किया गया था। एनआईए की जांच में यह सामने आया कि वह पीएफआई के स्लीपर सेल के लिए काम कर रहा था,साथ ही उसने पीएफआई के प्रशिक्षण शिविर में भी हिस्सा लिया था। फिलहाल पुलिस कई एंगल से मदरसा की भूमिका की जांच कर रही है।

# सुपौल में कांग्रेस का दायित्व ग्रहण कार्यक्रम: युवा नेता अनुपम ने एकजुटता और संघर्ष का दिया संदेश

एजेंसी




**सुपौल।** सुपौल में कांग्रेस कार्यालय में आयोजित दायित्व ग्रहण कार्यक्रम के दौरान जिले की राजनीति में नई ऊर्जा और उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुंचे नेताओं और कार्यकताओं ने युवा नेता अनुपम का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी। इस अवसर पर अनुपम ने अपने संबोधन में कोसी क्षेत्र की ऐतिहासिक और वैचारिक विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि यह धरती ज्ञान और आंदोलनों की भूमि रही है, जिसने स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर समाजवादी आंदोलनों तक देश को नई दिशा दी है। उन्होंने कहा कि कोसी क्षेत्र की इस महान परंपरा को आगे बढ़ाना हम सभी की जिम्मेदारी है और इसके लिए सभी कांग्रेसजनों को आपसी मतभेद भुलाकर एकजुट होकर काम करना होगा। अनुपम ने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे संगठन को मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ जुट जाएं, ताकि समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सके। उन्होंने कहा कि उन्हें सबसे अधिक खुशी तब होगी जब वे समाज और प्रदेश में सकारात्मक परिवर्तन के वाहक बन सकें। कार्यक्रम में मौजूद नेताओं ने भी अनुपम पर भरोसा जताते हुए कहा कि वे एक प्रभावशाली वक्ता और कुशल संगठनकर्ता हैं। उनके पास सामाजिक समझ, संगठन निर्माण की क्षमता और आंदोलनों का अनुभव है, जिससे पार्टी को नई मजबूती मिलेगी। नेताओं ने यह भी कहा कि पार्टी द्वारा उन्हें सुपौल जिले की जिम्मेदारी सौंपना एक दूरदर्शी निर्णय है, जिससे जिले की राजनीति में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। अनुपम की पहचान एक आदर्शवादी युवा नेता के रूप में बताई गई, जो अपने सिद्धांतों और विचारों से कभी समझौता नहीं करते। कार्यकताओं का मानना है कि राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुके अनुपम के नेतृत्व में जिले में कांग्रेस संगठन और मजबूत होगा। इस फैसले से कार्यकताओं में नई उम्मीद जगी है और वे आगामी दिनों में पार्टी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए उत्साहित हैं। अपने संबोधन में अनुपम ने यह भी कहा कि पार्टी उन जमीनी मुद्दों पर संघर्ष करेगी, जो आज अभिशाप का रूप ले चुके हैं। उन्होंने बताया कि कोसी क्षेत्र के पांच प्रमुख मुद्दों को लेकर उन्होंने पहले भी आंदोलन चलाया है और आगे भी जनहित के सवालों को लेकर संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी नई ऊर्जा के साथ उभरेगी और जनता के बीच अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज नारायण गुप्ता ने की, जबकि संचालन वरिष्ठ कांग्रेस नेता नरेश मिश्रा ने किया। इस मौके पर कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में पार्टी को मजबूत करने और आम जनता के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने का संकल्प लिया। जहां मौके पर कांग्रेस नेता राज नारायण गुप्ता ,लक्ष्मण कुमार झा, पप्पू सिंह, शत्रुघ्न चौधरी,डॉ विश्वनाथ सराफ, सुभाष सिंह, अभय तिवारी, शिवनन्दन यादव, सुरेंद्र यादव, कौशल यादव , मो उस्मान, स्वाति मंडल, अमित झा, मो सगीर आलम ,सहित काफी संख्या में कांग्रेस के नेता मौके पर मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना से 10 बच्चों को मिला नया जीवन का अवसर, पटना भेजे गए इलाज के लिए

**किशनगंज।** जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बच्चों के लिए मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना संजीवनी साबित हो रही है।महंगे इलाज की चिंता से जूझ रहे गरीब परिवारों के लिए यह योजना नई उम्मीद बनकर सामने आई है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के तहत किशनगंज जिले के 10 बच्चों को पटना स्थित इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोलॉजी में आयोजित 11वें विशेष शिविर में इलाज के लिए भेजा गया है। शिविर में अहमदाबाद के श्री सत्य साईं हार्ट हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम बच्चों की जांच कर आवश्यक उपचार करेगी। स्वास्थ्य विभाग की देखरेख में सदर अस्पताल किशनगंज से 8 बच्चों को तीन एम्बुलेंस के माध्यम से सुरक्षित पटना रवाना किया गया, जबकि 2 बच्चे अपने परिजनों के साथ ट्रेन से शिविर में शामिल होने के लिए गए। पूरी प्रक्रिया की निगरानी स्वास्थ्य विभाग द्वारा की गई, ताकि बच्चों को समय पर और सुरक्षित उपचार मिल सके। इस योजना के तहत जिले के विभिन्न प्रखंडों से बच्चों का चयन किया गया है। इनमें ठाकुरगंज से तबस्सुम खातून, अल्फाज हुसैन, राजेंद्र कुमार राजभर और सलमान रजा, पोठिया से सोहन हरिजन, आरती कुमारी और सुहेब, किशनगंज से शिवांश कुमार और आंचल कुमारी तथा कोचाधामन से रागिनी कुमारी शामिल हैं। इन बच्चों की पहचान आरबीएसके टीम द्वारा गांव स्तर पर स्क्रीनिंग के दौरान की गई। जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. मुनाजिम ने बताया कि मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना के तहत बच्चों की समय पर पहचान, रेफरल और निःशुल्क उपचार सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आर्थिक अभाव के कारण कोई भी बच्चा जीवनरक्षक इलाज से वंचित न रहे, यह योजना उसी उद्देश्य से संचालित की जा रही है। सिविल सर्जन डॉ. राज कुमार चौधरी ने बताया कि इससे पहले भी कई शिविरों के माध्यम से जिले के अनेक बच्चों का सफल इलाज कराया जा चुका है। लगातार मिल रही सफलता से यह योजना जिले में भरोसेमंद स्वास्थ्य सुरक्षा कवच बनती जा रही है।

# किशनगंज में युवक की गला रेतकर हत्या, मकई के खेत से निर्वस्त्र शव बरामद

एजेंसी



**किशनगंज।** जिले के सदर थाना क्षेत्र में अज्ञात युवक की निर्मम हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। खिरदह समदा गांव के समीप एक मकई के खेत से रविवार को एक अज्ञात युवक का निर्वस्त्र शव बरामद होने से इलाके में दहशत फैल गई। प्रथम दृष्टया गला रेतकर हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, स्थानीय लोगों ने खेत में शव पड़े होने की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सदर थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार रंजन के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस के अनुसार, मृतक के शरीर पर कोई कपड़ा नहीं था तथा गले पर गहरा घाव पाया गया है, जिससे हत्या की आशंका मजबूत हो गई है।
प्रारंभिक जांच में यह भी संभावना जताई जा रही है कि युवक की हत्या कहीं और कर शव को सुनसान मकई के खेत में लाकर फेंका गया है। मृतक की उम्र लगभग 35 से 40 वर्ष के बीच बताई जा रही है, जबकि उसकी लंबाई करीब 5 फीट 6 इंच है। फिलहाल शव की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस चेहरे और शरीर के निशानों के आधार पर मृतक की पहचान कराने का प्रयास कर रही है। साथ ही आसपास के गांवों में पूछताछ भी शुरू कर दी गई है। बताया जाता है कि घटनास्थल मुख्य सड़क मार्ग से करीब चार किलोमीटर दूर स्थित है, जिससे आशंका जताई जा रही है कि अपराधियों ने सुनसान जगह का फायदा उठाकर शव को यहां फेंका होगा। इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों को लेकर चिंता जताई है। वहीं खेतों में काम करने वाले किसान और मजदूर भी सतर्क हो गए हैं। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हत्या के कारण और तरीके का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच में जुटी हुई है।

## एक नजर

### सारण में दिशा समिति की बैठक सात अप्रैल को



**सारण।** जिले के विकास और जन-कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा हेतु जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति की एक दिवसीय बैठक सात अप्रैल को सारण समाहरणालय के सभागार में आयोजित की जाएगी। इस बैठक की अध्यक्षता सारण सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी करेंगे, जबकि महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल सह-अध्यक्ष की भूमिका में रहेंगे। बैठक को सुव्यवस्थित रूप से चलाने के लिए इसे दो सत्रों में विभाजित किया गया है प्रथम सत्र 11:00 बजे सुबह से 2:00 दोपहर तक चलेगा। इस सत्र में केंद्र प्रायोजित योजनाओं की समीक्षा और विमर्श किया जाएगा, जबकि द्वितीय सत्र 2:30 दोपहर से 7:00 शाम बजे तक होगी। दूसरे सत्र में राज्य सरकार की योजनाओं एवं प्रखंड स्तर पर जारी विकास कार्यों की प्रगति और उनके क्रियान्वयन में आ रही चुनौतियों पर चर्चा होगी। बैठक में जल जीवन मिशन, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, सिंचाई और बिजली जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर सूक्ष्म अवलोकन किया जाएगा। इसके अलावा सड़क, रेलवे और शहरी विकास की परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति की भी समीक्षा होगी। बैठक में सोनपुर विधायक बिनय कुमार सिंह, छपरा विधायक छोटी कुमारी सहित जिले के सभी माननीय विधायक और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। प्रशासनिक स्तर पर जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार सहित सभी विभागों के वरीय अधिकारी, बीडीओ और सीओ को विस्तृत रिपोर्ट के साथ उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है। सांसद राजीव प्रताप रूडी ने बताया कि यह बैठक पारदर्शिता और जवाबदेही तय करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है, ताकि विकास का लाभ सीधे आम जनमानस तक पहुँच सके।

### सारण में साइट फॉर ऑल कॉन्क्लेव 2026 का आयोजन, जुटे देशभर के नेत्र विशेषज्ञ



**सारण।** मस्तीचक ग्रामीण भारत में नेत्र चिकित्सा की पहुँच और जन-जागरूकता को लेकर रविवार को अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल के मस्तीचक स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस परिसर में साइट फॉर ऑल कॉन्क्लेव 2026 का आयोजन किया गया। अखंड ज्योति इंस्टीट्यूट ऑफ कम्युनिटी ऑप्थैल्मोलॉजी द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय सम्मेलन में एम्स दिल्ली, शंकर नेत्रालय और अरविंद आई केयर जैसे 30 से अधिक संस्थानों के 300 से अधिक प्रतिनिधियों ने शिरकत की। कॉन्क्लेव का सबसे आकर्षण रीस्टोरिंग विजन यू एस ए के साथ हुआ समझौता रहा। संस्था के सीईओ इयान रॉजर्स और अखंड ज्योति के मेडिकल डायरेक्टर डॉ अजीत पोद्दार के बीच हुए इस समझौते के तहत बिहार के गरीब और जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क रीडिंग चश्मे वितरित किए जाएंगे। यह पहल उन बुजुर्गों के लिए जीवनदायिनी साबित होगी जो आर्थिक तंगी के कारण निकट दृष्टि दोष का इलाज नहीं करा पाते। इस वर्ष कॉन्क्लेव का मुख्य विषय कम्युनिटी केयर ऐज मार्केट इंटेलिजेंस रहा। विशेषज्ञों ने इस बात पर जोर दिया कि नेत्र सेवाओं को केवल अस्पताल की चहारदीवारी तक सीमित नहीं रखा जा सकता। एम्स के डॉ प्रवीण वशिष्ठ और अरविंद आई केयर के थुल्सीराज रविल्ला सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में इलाज से ज्यादा जरूरी जागरूकता और हेल्थ सीकिंग बिहेवियर विकसित करना है। कार्यक्रम में डॉ राजवर्धन आजाद, प्रो जी.वी.एस. मूर्ति, डॉ पार्थ बिस्वास, कर्नल डॉ मधु भदौरिया और डॉ कौशिक मुरली जैसे देश के दिग्गज चिकित्सा विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए। चर्चा का मुख्य केंद्र बिंदु यह रहा कि कैसे तकनीक और डेटा के माध्यम से दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को समय पर जाँच और सर्जरी की सुविधा उपलब्ध कराई जाए।यह कॉन्क्लेव ग्रामीण बिहार के लाखों लोगों के लिए बेहतर रोशनी की उम्मीद बनकर उभरा है।

### किशनगंज में पावन प्रवास-2026 कार्यक्रम, मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने दिया एकता व नैतिकता का संदेश




**किशनगंज।** बिहार सरकार के उद्योग सह पथ निर्माण मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल रविवार को किशनगंज में श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा द्वारा आयोजित पावन प्रवास-2026 कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने संतजनों का पावन सानिध्य प्राप्त किया, जिसे उन्होंने अपने जीवन का सौभाग्यपूर्ण क्षण बताया। कार्यक्रम में मंत्री डॉ. जायसवाल को अंग वस्त्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंत्री डॉ. जायसवाल ने मुनिश्री डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार जी, मुनिश्री कुमुद कुमार जी, मुनिश्री प्रशांत कुमार जी एवं मुनिश्री पदम् कुमार जी के प्रेरणादायी प्रवचनों को सुना। संतों ने अपने उद्बोधन में समाज में सद्भाव, संयम, सेवा और नैतिक मूल्यों को मजबूत करने का संदेश दिया, जिसने उपस्थित श्रद्धालुओं को गहराई से प्रभावित किया। इस अवसर पर मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में एकता, नैतिकता और आध्यात्मिक चेतना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज को सकारात्मक दिशा देने के साथ-साथ भारतीय संस्कृति और संस्कारों को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में राजकरण दफ्तरी, मनीष दफ्तरी, रोहित दफ्तरी, विनीत दफ्तरी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### नालसा के निर्देश पर मंडल कारा सुपौल में वृद्ध बंदियों के लिए विधिक जागरूकता शिविर

**सुपौल।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) द्वारा निर्देशित मिनिमम एक्शन प्लान के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डीएलएसए) के अध्यक्ष का प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आनंद सिंह के निर्देश अनुसार आज मंडल कारा सुपौल में वृद्ध व्यक्तियों के अधिकारों पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कारा के सभी वृद्ध बंदियों को उनके कानूनी अधिकारों, सरकारी योजनाओं एवं उपलब्ध विधिक सहायता से अवगत कराना था। कार्यक्रम में डीएलएसए के सचिव अफजल आलम ने वृद्ध व्यक्तियों से संबंधित महत्वपूर्ण कानूनों जैसे रखरखाव एवं कल्याण अधिनियम, पेंशन योजनाओं तथा मेडिकल सुविधाओं पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने सभी वृद्ध बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता का आश्वासन देते हुए कहा कि डीएलएसए हमेशा उनके पक्ष में खड़ा रहेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ काराधीक्षक मोतीलाल, कारा उपाधीक्षक तथा लीगल एड डिफेंस काउंसिल के अधिवक्ता प्रशांत कुमार ने संयुक्त रूप से किया।

## पश्चिम एशिया संकट के बीच ऑनलाइन एलपीजी सिलेंडर बुकिंग 95 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में तेजी से बदलते घटनाक्रमों और होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास की स्थिति को देखते हुए देश में शनिवार को 51 लाख से अधिक घरेलू एलपीजी सिलेंडर वितरित किए गए, जबकि उद्योग के आधार पर ऑनलाइन एलपीजी सिलेंडर बुकिंग में 95 प्रतिशत की वृद्धि हुई। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अनुसार केंद्र सरकार ने देश की ऊर्जा सुरक्षा और नागरिकों की सुरक्षा के लिए मिशन मोड में काम शुरू कर दिया है। पेट्रोलियम मंत्रालय से लेकर विदेश मंत्रालय तक सभी विभाग सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए तत्पर हैं। सरकार ने स्पष्ट किया है कि देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी का पर्याप्त भंडार है। आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। इस दौरान वितरण में पारदर्शिता के लिए डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड का दायरा फरवरी के 53 प्रतिशत से बढ़ाकर 90 प्रतिशत कर दिया गया है। इसके अलावा एलपीजी पर निर्भरता कम करने के लिए पीएनजी नेटवर्क का विस्तार किया जा रहा है। मार्च से अब तक 3.6 लाख नए पीएनजी कनेक्शन चालू किए जा चुके हैं। रक्षा मंत्रालय और सड़क परिवहन मंत्रालय ने पाइपलाइन बिछाने की मंजूरी के लिए 'त्वरित अनुमोदन ढांचा' अपनाया है। आवासीय स्कूलों, हॉस्टलों और सामुदायिक रसोई को 5 दिनों के भीतर पीएनजी से जोड़ने के निर्देश दिए गए हैं। समुद्र में भारतीय हितों की रक्षा के लिए जहाजरानी मंत्रालय अलर्ट पर है। पश्चिमी फारस की खाड़ी में मौजूद सभी 460 भारतीय नाविक और 17 जहाज पूरी तरह सुरक्षित हैं। पिछले 24 घंटों में कोई अप्रिय घटना दर्ज नहीं हुई है। भारत के सभी प्रमुख बंदरगाहों पर कामकाज सामान्य रूप से चल रहा है। महानिदेशक (शिपिंग) और भारतीय मिशन लगातार स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय लगातार खाड़ी देशों के संपर्क में है, ताकि वहां रह रहे भारतीयों के हितों की रक्षा की जा सके। एयरलाइन परिचालन में सुधार के साथ 28 फरवरी से अब तक 7,02,000 से अधिक यात्री भारत लौट चुके हैं। केंद्र सरकार ने सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत सख्त निगरानी के निर्देश दिए हैं। राज्यों को सोशल मीडिया पर फैल रही फर्जी खबरों और अफवाहों का मुकाबला करने के लिए दैनिक प्रेस वार्ता करने की सलाह दी गई है।

## शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद 1 मई से करेंगे उत्तर प्रदेश की हर विधानसभा क्षेत्र का दौरा



बरेली। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के एक और बयान से सियासी और धार्मिक माहौल को गरम हो गया है। उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार पर गोहत्या रोकने में विफल रहने का आरोप लगाया और कहा कि प्रदेश में गोहत्या के मामले कम होने के बजाय बढ़ रहे हैं। उन्होंने 1 मई से राज्य की हर विधानसभा क्षेत्र का दौरा करने का एलान किया है शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती रविवार को उत्तर प्रदेश के बरेली में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि जब वर्तमान सरकार सत्ता में आई थी, तब लोगों को उम्मीद थी कि गोहत्या पर सख्ती से रोक लगेगी, लेकिन हालात इसके विपरीत दिखाई दे रहे हैं। शंकराचार्य ने दावा किया कि प्रदेश में बूचड़खाने सरकारी अनुमति और हस्ताक्षर के आधार पर संचालित हो रहे हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि विदेशी बाजारों में गोमांस की खुलेआम बिक्री हो रही है, जो उत्तर प्रदेश जैसे राज्य के लिए गंभीर चिंता का विषय है। शंकराचार्य ने सवाल उठाया कि यदि सरकार ने गोवंश संरक्षण और गोहत्या रोकने का वादा किया था, तो फिर जमीन पर उसका असर क्यों नहीं दिख रहा। उन्होंने कहा कि केवल घोषणाओं और दावों से काम नहीं चलेगा, बल्कि प्रशासनिक स्तर पर सख्त कार्रवाई की जरूरत है। पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि संत समाज का उद्देश्य राजनीति करना नहीं है। संतों का काम समाज को दिशा देना और लोककल्याण के लिए आवाज उठाना है। उन्होंने कहा कि धर्म और राजनीति दोनों की जिम्मेदारियां अलग-अलग होती हैं और कोई संन्यासी दोनों भूमिकाएं एक साथ नहीं निभा सकता। आगामी विधानसभा चुनाव का जिक्र करते हुए शंकराचार्य ने कहा कि जनता को ऐसी सरकार चुननी चाहिए, जो गोहत्या पर पूरी तरह रोक लगाने की इच्छाशक्ति रखती हो। उन्होंने सनातन धर्म में आस्था रखने वाले लोगों से इस मुद्दे पर सजग रहने की अपील की।

उन्होंने ऐलान किया कि 1 मई से वह प्रदेश की सभी विधानसभा सीटों का दौरा शुरू करेंगे। इस दौरान लोगों को जागरूक किया जाएगा और बताया जाएगा कि प्रदेश और धर्महित में कैसी सरकार जरूरी है। उनके मुताबिक यह अभियान राजनीतिक नहीं, बल्कि जनजागरण के उद्देश्य से चलाया जाएगा।

## राष्ट्रीय समुद्री दिवस पर अमित शाह ने दी शुभकामनाएं

# समुद्री क्षेत्र के कर्मियों की भूमिका अहम : अमित शाह

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय समुद्री दिवस के अवसर पर देश के समुद्री क्षेत्र से जुड़े सभी कर्मियों को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि इन कर्मियों की पेशेवर क्षमता, साहस और समर्पण ने भारत की प्रगति को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने संदेश में अमित शाह ने समुद्री कर्मियों के अदम्य साहस की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने हर परिस्थिति, चाहे शांतिकाल हो या संकट का समय राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया है। उन्होंने कहा कि पूरा देश उनके सेवा भाव और समर्पण को नमन करता है। अमित शाह ने अपने संदेश में यह भी रेखांकित किया कि भारत के समुद्री क्षेत्र की मजबूती देश की आर्थिक प्रगति के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वैश्विक व्यापार में भारत की बढ़ती भागीदारी में समुद्री मार्गों की अहम भूमिका है, जो देश की अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करते हैं। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय समुद्री दिवस हर वर्ष 5 अप्रैल को मनाया जाता है। इसी दिन वर्ष 1919 में भारतीय जहाज एसएस लॉयल्टी ने मुंबई से लंदन की ऐतिहासिक यात्रा शुरू की थी, जिसे भारत के समुद्री व्यापार की शुरूआत माना जाता है। आज भारत का लगभग 90 प्रतिशत विदेशी व्यापार (मात्रा के आधार पर) और 70 प्रतिशत (मूल्य के आधार पर) समुद्री मार्गों के जरिए होता है। देश के पास 7,500 किलोमीटर से अधिक लंबी तटीय रेखा, 12 प्रमुख बंदरगाह और 200 से अधिक छोटे एवं मध्यम बंदरगाह हैं, जो व्यापार, लॉजिस्टिक्स और आर्थिक विकास को निरंतर गति प्रदान कर रहे हैं।

## देश के बंदरगाहों ने रचा इतिहास, 915.17 मिलियन टन कार्गो हैंडलिंग के साथ निर्धारित लक्ष्य को किया पार



**नई दिल्ली।** देश के बंदरगाहों ने वित्त वर्ष 2025-26 में 915.17 मिलियन टन कार्गो का आदान-प्रदान कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह पिछले वर्ष के 854.86 मिलियन टन के मुकाबले 7.06 प्रतिशत अधिक है। खास बात यह है कि केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित 904 मिलियन टन के लक्ष्य को भी पार कर लिया गया है। यह उपलब्धि बंदरगाहों की बढ़ती क्षमता, परिचालन दक्षता, बेहतर लॉजिस्टिक्स और आधुनिक बुनियादी ढांचे का परिणाम मानी जा रही है। इससे भारत के समुद्री क्षेत्र की मजबूती और वैश्विक व्यापार में उसकी बढ़ती भूमिका स्पष्ट होती है। केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय के अनुसार, यह वृद्धि सरकार की पोर्ट-आधारित विकास नीति, मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी और डिजिटल पहलों के कारण संभव हुई है। मंत्रालय ने बताया कि कार्गो हैंडलिंग क्षमता में सुधार और आधुनिक तकनीकों के इस्तेमाल से बंदरगाहों का प्रदर्शन बेहतर हुआ है। केंद्रीय मंत्री सबानंद सोनोवाल ने इस उपलब्धि को सरकार के निरंतर प्रयासों का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर और लॉजिस्टिक्स सेक्टर में व्यापक सुधार किए जा रहे हैं। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, दीनदयाल उपाध्याय बंदरगाह 160.11 मिलियन टन कार्गो के साथ शीर्ष स्थान पर रहा। इसके बाद पारादीप बंदरगाह (156.45 मिलियन टन) और जवाहरलाल नेहरू पोर्ट प्राधिकरण (102.01 मिलियन टन) का स्थान रहा। अन्य प्रमुख बंदरगाहों में विशाखापट्टनम बंदरगाह (91.16 मिलियन टन), मुंबई बंदरगाह (75.14 मिलियन टन), चेन्नई बंदरगाह (57.90 मिलियन टन) और न्यू मंगलौर बंदरगाह (50.04 मिलियन टन) शामिल हैं। कोलकाता बंदरगाह का कुल कार्गो 70.87 मिलियन टन रहा, जिसमें कोलकाता डॉक सिस्टम (19.01 मिलियन टन) और हल्दिया डॉक कॉम्प्लेक्स (51.85 मिलियन टन) शामिल हैं। इसके अलावा कामराजार बंदरगाह (49.08 मिलियन टन), वीओ चिदंबरनार बंदरगाह (43.31 मिलियन टन) और कोचीन बंदरगाह (38.06 मिलियन टन) का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। वृद्धि दर के लिहाज से मोरमुगाओ बंदरगाह ने 15.91 प्रतिशत की सर्वाधिक वृद्धि दर्ज की। इसके अलावा कोलकाता डॉक सिस्टम (14.28 प्रतिशत), जेएनपीए (10.74 प्रतिशत), विशाखापट्टनम (10.34 प्रतिशत) और मुंबई बंदरगाह (9.50 प्रतिशत) में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। मंत्रालय के अनुसार, यह वृद्धि कोयला, कच्चा तेल, कंटेनर, उर्वरक और पेट्रोलियम उत्पादों की बढ़ती मांग, बेहतर कनेक्टिविटी और डिजिटल सुधारों के कारण संभव हो पाई है।

## ट्रंप के दावों पर ईरान ने कहा.....

# लापता अमेरिकी पायलट को रेस्क्यू करने आए कई विमान नष्ट कर दिए गए

एजेंसी

**तेहरान।** ईरान की धरती से अमेरिकी पायलट को सुरक्षित निकाले जाने के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावों पर ईरान ने कहा है कि पायलट बचाव अभियान के दौरान कई अमेरिकी विमानों को नष्ट कर दिया गया। ईरान इंटरनेशनल ने ईरानी सैन्य एवं सुरक्षा एजेंसियों का हवाला देते हुए अपनी रिपोर्ट में कहा कि दक्षिणी इस्फहान प्रांत में फंसे अपने एक पायलट को बचाने के लिए किए गए अमेरिकी अभियान के दौरान दुश्मन के कई विमान नष्ट कर दिए गए। ईरान की समाचार एजेंसी तसनीम के अनुसार खातम अल-अनबिया केंद्रीय मुख्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि जिन विमानों को निशाना बनाया गया, उनमें एक अमेरिकी सी-130 सैन्य परिवहन विमान और दो ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर शामिल थे। तसनीम ने रिवोल्यूशनरी गाड्र्स के हवाले से यह भी कहा कि गाड्र्स, जमीनी बलों, पुलिस और अन्य इकाइयों के संयुक्त अभियान में ₹दुश्मन के विमान नष्ट कर दिए गए। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ने आज सुबह सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ सोशल पर बताया था कि एफ-१५ई जेट के लापता पायलट को अमेरिका ने जटिल बचाव अभियान को अंजाम देते हुए ईरान की जमीन से सुरक्षित निकाल लिया। ट्रंप ने इसे अमेरिकी इतिहास के सबसे साहसी बचाव अभियान बताया।

### अमेरिका ने ईरान से अपने लापता पायलट को सुरक्षित निकाला, ट्रंप ने कहा-हमने ढूंढ़ निकाला

वॉशिंगटन। पश्चिम एशिया में सैन्य संघर्ष के बीच अमेरिकी एफ-१५ई जेट के लापता पायलट को अमेरिका ने जटिल बचाव अभियान को अंजाम देते हुए ईरान की जमीन से सुरक्षित निकाल लिया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसकी पुष्टि करते हुए इसे अमेरिकी इतिहास के सबसे साहसी बचाव अभियान बताया। अमेरिकी एफ-१५ ईगल जेट के लापता पायलट को सुरक्षित बचा लिया गया है। राष्ट्रपति ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा 'हमने उन्हें सुरक्षित निकाल लिया! पिछले कुछ घंटों में अमेरिकी सेना ने इतिहास के सबसे साहसी बचाव अभियानों में से एक को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। हमारे अद्भुत क्रू मेम्बर अधिकारी, जो एक सम्मानित कर्नल हैं, अब पूरी तरह सुरक्षित हैं।'

### अमेरिका और चीन को अपना 'जागीरदार' न बनाएं दुनिया भर के देश : इमैनुएल मैक्रों



**पेरिस/सियोल।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने वैश्विक मंच पर एक बड़ा संदेश देते हुए समान विचारधारा वाले देशों से स्वतंत्रता गठबंधन बनाने की अपील की है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ हालिया सार्वजनिक मतभेदों के बाद मैक्रों ने अमेरिका की अनिश्चितता और चीन के बढ़ते प्रभाव के बीच देशों से किसी एक शक्ति के जागीरदार न बनने की बात कही।

## ईरान से 345 भारतीय मछुआरे सुरक्षित स्वदेश लौट

### आर्मेनिया के रास्ते चेन्नई पहुंचे

एजेंसी



**चेन्नई।** चेन्नई, । ईरान में फंसे 345 भारतीय मछुआरों को सुरक्षित निकालकर चेन्नई पहुंचाया गया है। यह निकासी आर्मेनिया के रास्ते की गई, जहां से उन्हें भारत लाया गया। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने इस अभियान में सहयोग के लिए आर्मेनिया सरकार और अपने समकक्ष अरात मिर्जोयान का आभार जताया। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, अब तक 1200 से अधिक भारतीय नागरिकों को ईरान से सुरक्षित निकाला जा चुका है, जिनमें बड़ी संख्या छात्रों की है। यह अभियान आर्मेनिया और अजरबेजान के रास्ते चलाया जा रहा है, जिसमें भारतीय दूतावास और स्थानीय प्रशासन मिलकर काम कर रहे हैं। इस बीच, पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बावजूद संयुक्त अरब अमीरात से भारत के लिए सीमित उड़ानें जारी हैं। बड़ी संख्या में लोग इन उड़ानों के जरिए स्वदेश लौट रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फरवरी के अंत से अब तक इस क्षेत्र से 6.24 लाख से अधिक यात्री भारत वापस आ चुके हैं। हालांकि, क्षेत्र में हालात अब भी संवेदनशील बने हुए हैं, जिसे देखते हुए सरकार लगातार अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रयास कर रही है।

## कूचबिहार में भाजपा की विजय संकल्प सभा

# प्रधानमंत्री मोदी करेंगे संबोधित

एजेंसी

**कूचबिहार।** विधानसभा चुनाव के ऐलान के बाद पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तर बंगाल दौरे पर पहुंच रहे हैं। उनके इस दौरे को केंद्र कूचबिहार में गहमा गहमी का माहौल है। रविवार को कूचबिहार के ऐतिहासिक रासमेला मैदान में प्रधानमंत्री भाजपा की ह्यविजय संकल्प सभाह्ल की शुरूआत करेंगे। प्रधानमंत्री की यह मेगा रैली दोपहर करीब तीन बजे आयोजित होगी। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि विधानसभा चुनाव में उत्तर बंगाल की सीटें बीजेपी के लिए बेहद अहम है। पिछले लोकसभा चुनाव में यह क्षेत्र भाजपा का मजबूत गढ़ बनकर उभरा था और अब उसी बढ़त को बरकरार रखने की रणनीति पर काम किया जा रहा है। प्रधानमंत्री के इस दौरे को लेकर कूचबिहार में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। अब सबकी नजर इस बात पर है कि ह्यविजय संकल्प सभा से वह राज्य की जनता को क्या संदेश देते है। सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री सात अप्रैल को सुबह नौ बजे राज्य के बीजेपी कार्यकताओं से ह्यब्रिज कॉलह्ल के जरिए संवाद करेंगे। इसके बाद नौ अप्रैल को हल्दिया, सिउड़ी और आसनसोल में उनकी तीन बड़ी रैलियां प्रस्तावित हैं। साथ ही पश्चिम मेदिनीपुर के नारायणगढ़ में भी सभा की योजना है।इसके अलावा 12 अप्रैल को सिलीगुड़ी में एक भव्य रोड शो करने की भी चर्चा है।

## प्रधानमंत्री ने बाबू जगजीवन राम की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम को उनकी जयंती पर शत-शत नमन! उन्होंने कल्याणकारी और सामाजिक न्याय के लिए अपना जीवन समर्पित किया।

# भारत-पाकिस्तान सीमा के पास डेनमार्क का युवक गिरफ्तार

एजेंसी

**बीकानेर।** भारत-पाकिस्तान सीमा के नजदीक खाजूवाला क्षेत्र में डेनमार्क के एक युवक को संदिग्ध परिस्थितियों में घूमते हुए पकड़ा गया। वह करीब सात महीने पहले एक साल के टूरिस्ट वीजा पर भारत आया था।

पुलिस के अनुसार खाजूवाला बाजार के हॉस्पिटल रोड पर स्थानीय लोगों ने एक विदेशी युवक को संदिग्ध अवस्था में घूमते देखा। सीमावर्ती क्षेत्र में आमतौर पर विदेशी नागरिकों की आवाजाही नहीं होने के कारण लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही एएसआई किशन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और युवक को हिरासत में लिया

### जांच एजेंसियां सक्रिय



थानाधिकारी सुरेन्द्र प्रजापत ने बताया कि प्राथमिक पूछताछ में युवक ने खुद को डेनमार्क का निवासी बताया और कुछ सवालों के जवाब अंग्रेजी में दिए, लेकिन बाद में वह चुप हो गया। थाने लाए जाने पर युवक भावुक हो गया और रोने लगा, जिससे मामला गंभीर हो गया। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए सीमा सुरक्षा बल सहित अन्य सुरक्षा एजेंसियों को भी मौके पर बुलाया गया।

संयुक्त रूप से पूछताछ के दौरान युवक के पास से कोई संदिग्ध सामग्री बरामद नहीं हुई, लेकिन उसकी मौजूदगी को लेकर कई सवाल खड़े हो गए हैं। पुलिस जांच में सामने आया है कि युवक के पास वैध पासपोर्ट और एक साल का वीजा है, हालांकि सीमावर्ती क्षेत्र में प्रवेश के लिए आवश्यक खाजूवाला क्षेत्र पाकिस्तान सीमा के बेहद करीब होने के कारण यहां विदेशी नागरिकों की एंट्री प्रतिबंधित होती है। फिलहाल पुलिस ने युवक को आगे की गहन जांच के लिए बीकानेर स्थित जॉइंट इंटरोगेशन सेंटर भेज दिया है, जहां विभिन्न सुरक्षा एजेंसियां उससे हर पहलू पर पूछताछ कर रही हैं। प्राथमिक तौर पर आशंका जताई जा रही है कि युवक जानकारी के अभाव में इस संवेदनशील क्षेत्र तक पहुंच गया, हालांकि सुरक्षा एजेंसियां किसी भी संभावना को नजरअंदाज नहीं कर रही हैं और मामले की गहराई से जांच की जा रही है।

## असम में भाजपा कार्यकर्ता की पीट-पीटकर हत्या

# चुनावी हिंसा का आरोप

एजेंसी

**चराईदेव (असम)।** असम में विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही हिंसा की घटनाएं बढ़ती नजर आ रही हैं। इसी कड़ी में चराईदेव जिले से एक भयावह घटना सामने आई है, जहां एक भाजपा कार्यकर्ता की लाठियों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने रविवार को बताया कि मृतक की पहचान खूदकन बोरा के रूप में हुई है, जो चुनाव प्रचार में जुटे थे। आरोप है कि जय भारत पार्टी के समर्थकों ने उन पर हमला किया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूत्रों के अनुसार, जय भारत पार्टी के समर्थक तिलेश्वर मुर्मू पर इस हत्या को अंजाम देने का आरोप लगा है। घटना के बाद सोनारी विधानसभा क्षेत्र में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। इस घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सोनारी के विधायक धर्मेश्वर कोंवर ने इसे अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि एक कार्यकर्ता को रास्ते में रोककर पीट-पीटकर हत्या अस्वीकार्य है। क्षेत्र के लोगों ने इस घटना की कड़ी निंदा की है। चुनाव के मद्देनजर कड़ी पुलिस निगरानी के बावजूद इस तरह की घटना से लोगों में आक्रोश है।